राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 210
लखनऊ, शनिवार 22 मार्च 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



वित्त मंत्री ने देखी लखनऊ की सफाई व्यवस्था, नाली चोक मिलने पर खफा 03

हसन नवाज का नाबाद शतक, पाक ने न्यूजीलैंड को नौ विकेट से हराया 12

## एम्स ने स्वास्थ्य सेवा व चिकित्सा शिक्षा में मानक किया स्थापित

▸ 2018 से चिकित्सा श्रेणी में एनआईआरएफ रैंकिंग में शीर्ष पर है एम्स

एजेंसी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को भारत मंडपम में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली के 49वें दीक्षांत समारोह में कहा कि एम्स नई दिल्ली ने स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा शिक्षा में एक मानक स्थापित किया है।

उन्होंने कहा कि आज स्नातक होने वाले डॉक्टर और शोधकर्ता हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने और समर्पण के साथ राष्ट्र की सेवा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। दीक्षांत समारोह के दौरान विभिन्न विषयों में कुल 1,886 डिग्रियां प्रदान की गईं, जिनमें 77 पीएचडी स्कॉलर, 363 डीएम एवं एमसीएच विशेषज्ञ, 572 एमडी, 76 एमएस, 49 एमडीएस, 74 फेलोशिप, 172 एमएससी, 191 एमबीबीएस और 312 बीएससी शामिल हैं।

# अब अन्नदाता के साथ ऊर्जादाता भी बनेगा उत्तर प्रदेश का किसान

### एग्रीवोल्टिक्स परियोजना को अपनाने वाला देश का पहला राज्य बना यूपी, कृषि और सौर ऊर्जा के समन्वय से किसानों को होगी अतिरिक्त आय

▸ हरित ऊर्जा को मिलेगा बढ़ावा, भारत सरकार ने दी मंजूरी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश का किसान अब अन्नदाता के साथ ऊर्जादाता भी बनेगा। इस तरह से उत्तर प्रदेश भारत का पहला राज्य बन गया है जिसने एग्रीवोल्टिक्स परियोजना को अपनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग (डीईए) ने उत्तर प्रदेश में एग्रीवोल्टिक्स परियोजनाओं का प्रदर्शन शीर्षक से राज्य सरकार के तकनीकी सहायता प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना के तहत एक ही भूमि पर कृषि और सतह से ऊपर सौर ऊर्जा उत्पादन दोनों संभव होंगे। उत्तर प्रदेश में उपलब्ध भूमि सीमित है, ऐसे में यह नवाचार किसानों और अर्थव्यवस्था दोनों के लिए लाभकारी साबित होगा। इससे किसानों को अतिरिक्त आय प्राप्त होगी। ऊर्जा उत्पादन बढ़ेगा और सतत विकास को बढ़ावा मिलेगा। इस तरह योगी सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का किसान अब सिर्फ अन्नदाता नहीं, बल्कि ऊर्जादाता भी बन जाएगा और प्रदेश की अर्थव्यवस्था में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकेगा।

#### सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में यूपीनेडा का ऐतिहासिक कदम

इस सहायता के साथ, उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है, जिसे एडीबी से इस प्रकार की आर्थिक सहायता मिली है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित इस परियोजना के लिए एशियाई विकास बैंक (एडीबी) से ?4.15 करोड़ (0.50 मिलियन अमेरिकी डॉलर) की तकनीकी सहायता मांगी गई थी। यह प्रस्ताव 28 फरवरी 2025 को आर्थिक मामलों के विभाग की स्क्रीनिंग कमेटी की 153वीं बैठक में अनुमोदित किया गया। इस मंजूरी के साथ, डीईए ने इस परियोजना को एडीबी के समक्ष अनुदान के रूप में प्रस्तुत किया है। यदि यह पायलट परियोजना सफल रहती है तो, भविष्य में उत्तर प्रदेश सरकार भारत सरकार के सहयोग से इस पर एक व्यापक नीति तैयार करेगी। यह पहल नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने, कृषि और ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार लाने और सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित हो ऐसी प्रेरणा व प्रयास यूपीनेडा द्वारा किया जा रहा है।

#### किसानों को पर्यावरण संरक्षण का मिलेगा लाभ

एडीबी को इस परियोजना के आगे की प्रक्रियाओं के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है। उत्तर प्रदेश की यह पहल भारत की स्वच्छ ऊर्जा और सतत कृषि नीति को समर्थन देती है और अन्य राज्यों के लिए एक प्रेरणादायक मॉडल साबित हो सकती है। यह परियोजना उत्तर प्रदेश को नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे किसानों को सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण दोनों का लाभ मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बीएसएफ ने जब्त की 15 करोड़ रुपए की हेरोइन

**बीकानेर।** सेक्टर हेडक्वार्टर सीमा सुरक्षा बल बीकानेर इंटेलिजेंस ब्रांच की पुख्ता सूचना के आधार पर पंद्रह करोड़ रुपये की तीन किलो हेरोइन जब्त की गई है। इंटेलिजेंस ब्रांच की सूचना के आधार पर शुक्रवार को 12 केएनडी ग्राम के चक्र 3 केएनएम में सीमा सुरक्षा बल द्वारा अतिरिक्त गश्त बढ़ाई गई, जिससे तस्कर अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाए। डीआईजी इंटेलीजेंस जोधपुर विदुर भारद्वाज के दिशा-निर्देश पर उप समादेष्टा इंटेलिजेंस महेश चंद जाट, इंस्पेक्टर ताराचंद यादव, इंस्पेक्टर अजय कुमार पांडे, दीपक कुमार एवं उसकी टीम ने पूरे इलाके में सर्च अभियान चलाया।

### उत्तराखंड में 110 अवैध मदरसों पर लगा ताला

**देहरादून।** धामी सरकार का उत्तराखंड में अवैध मदरसों के खिलाफ एक्शन लगातार जारी है। अब तक पूरे राज्य में 110 मदरसों को सील किया जा चुका है। गुरुवार को उधम सिंह नगर जनपद में 16 और हरिद्वार में दो अवैध मदरसों को सील कर दिया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का संदेश साफ है कि प्रदेश के मूल स्वरूप के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो भी धर्म की आड़ में अवैध गतिविधियों में संलिप्त होगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पिछले एक माह से उत्तराखंड प्रशासन अवैध मदरसों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रहा है। यह मदरसे बिना सरकार की अनुमति के संचालित किया जा रहे थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस पर कड़ा रुख अपनाया है। इसका व्यापक असर भी देखने को मिल रहा है। पूरे प्रदेश में अवैध मदरसों के खिलाफ व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है।
सिसोदिया पंजाब के प्रभारी और सत्येन्द्र जैन सह प्रभारी बनाये गए

### सिसोदिया पंजाब के प्रभारी व जैन सह प्रभारी बनाए गए

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पंजाब आम आदमी पार्टी (आप)के नए प्रभारी और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन सह प्रभारी बनाए गए हैं। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर यहां शुक्रवार को हुई पार्टी की पीएसी बैठक में श्री सिसोदिया को पंजाब प्रभारी बनाने का निर्णय हुआ।
नए फेरबदल के तहत 'आप' ने श्री सौरभ भारद्वाज को दिल्ली का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है।

### कर्नाटक विधानसभा में मुस्लिम आरक्षण पर हंगामा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक विधानसभा में शुक्रवार को सरकारी ठेकों में मुस्लिमों को 4 प्रतिशत आरक्षण देने के मामले में भाजपा विधायकों ने जमकर हंगामा किया। आर अशोक के नेतृत्व में भाजपा विधायकों ने आरक्षण बिल की कॉपी फाड़कर स्पीकर की ओर फेंक दी। इसके बाद स्पीकर यूटी खादर ने मार्शलों को बुलाकर हंगामा कर रहे विधायकों को सदन से बाहर करवा दिया। साथ ही भाजपा के 18 विधायकों को विधानसभा की कार्यवाही से 6 महीने के लिए सस्पेंड कर दिया। हंगामे के बीच सरकार ने मुख्यमंत्री, मंत्रियों और विधायकों की सैलरी 100 प्रतिशत बढ़ाने का बिल पास कर दिया। विधेयक को कर्नाटक के कानून और संसदीय मामलों के मंत्री एच.के. पाटिल ने पेश किया। इसके पारित होने से मुख्यमंत्री का वेतन 75 हजार रुपए से बढ़कर 1.5 लाख रुपए प्रतिमाह हो जाएगा।

# बेहतरीन कनेक्टिविटी के बाद अब वाटरवेज से भी जुड़ेगी अयोध्या

▸ सीएम ने अयोध्या में शुरू किया बॉटलिंग प्लांट, रोजगार सृजन पर जोर

समृद्धि न्यूज



**अयोध्या।** अयोध्या दौरे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शीतल पेय बॉटलिंग प्लांट का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और दुनिया से आने वाले श्रद्धालु अयोध्या को देखने के लिए उत्सुक हैं। आज भी यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। यह केवल आस्था नहीं है, बल्कि आजीविका का भी आधार बन रही है। यह विरासत विकास का आधार बन रही है। यह संस्कृति का संवर्धन हमारी समृद्धि का आधार बन रहा है।

महाकुम्भ प्रयागराज ने आपके सामने उसकी एक झलक दिखाई है और इस सामर्थ्य को हमें और अधिक सुविधाओं से युक्त करके नए-नए रोजगार के सृजन की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने प्लांट की विजिट भी की और पूरे प्रांगण का अवलोकन किया। उन्होंने मशीनों की आरती उतारकर बटन दबाकर उन्हें स्टार्ट किया। प्लांट के संचालकों की ओर से मुख्यमंत्री को बॉटलिंग प्लांट की कार्यक्षमता, उसकी प्रक्रिया और अन्य जरूरी जानकारियां उपलब्ध कराई गईं। यही नहीं, मुख्यमंत्री ने प्लांट के प्रागण में पौधरोपण भी किया और वहां स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना भी की। मुख्यमंत्री ने अयोध्या में अमृत बॉटलर्स प्रा. लि. को बॉटलिंग प्लांट के लिए किए गए निवेश पर बधाई देते हुए कहा कि यह महत्वपूर्ण बात है कि 1983 में एक बहुत छोटे से कोल्ड स्टोरेज से जो शुरुआत हुई थी, आज वह एक अत्याधुनिक प्लांट के रूप में उत्तर भारत को शीतल पेय उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका है। विकास की यात्रा इसी प्रकार से आगे बढ़ती है। 1983 में लधानी जी ने जब इस कार्य को आगे बढ़ाया होगा, उस समय उन्होंने भी नहीं सोचा होगा कि यहां पर कभी इंटरनेशनल एयरपोर्ट होगा। आज महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट यहां पर है, फोरलेन कनेक्टिविटी है।

स्वाभाविक रूप से एयर और रोड की यहां बेहतरीन कनेक्टिविटी हो और निकट भविष्य में हम इनलैंड वॉटरवेज अथॉरिटी का गठन कर चुके हैं और हमारा प्रयास है कि अयोध्या से हम लोग सरयू होते हुए, बलिया होते हुए हल्दिया तक वॉटरवेज की शुरुआत भी करें। उन्होंने कहा कि इस तरह के व्यवसाय को और एक्सपोर्ट को बढ़ाने में यह संयंत्र बहुत बड़ी भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं।

#### सेवा के साथ-साथ नए रोजगार का भी होगा सृजन

सीएम योगी ने कहा कि गत वर्ष मुझे लधानी परिवार के ही अमेठी के बेवरेजेस और बॉटलिंग प्लांट का शुभारंभ करने का अवसर मिला था। अमेठी में यह एक बहुत बड़ा निवेश था, जिससे हजारों लोगों को रोजगार की व्यवस्था हुई थी। आज मुझे अयोध्या में भी इस निवेश के साथ जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ है। अयोध्या को सूर्यवंश की राजधानी माना जाता है। डबल इंजन सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में अयोध्या को देश की पहली सोलर सिटी बनाया है। यहां पर भी ग्रीन एनर्जी के लिए 15 मेगावाट के सोलर पैनल लगा कर इस पूरे प्लांट को सोलर एनर्जी से जोड़ने की अच्छी शुरुआत की है। ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में किए गए प्रयास के माध्यम से कार्बन उत्सर्जन को न्यूनतम करने में मदद मिलती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्लांट की जो सेवाएं हैं, वे न केवल पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और उत्तराखंड को प्राप्त होंगी बल्कि यहां पर नए-नए रोजगार के सृजन की दिशा में भी यह प्लांट मददगार साबित होगा। उत्तर प्रदेश सरकार के साथ जो एमओयू इस ग्रुप द्वारा किया गया था, उसके अंतर्गत सरकार इन्हें जो भी समय-समय पर जो इंसेंटिव देती है,वह भी समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ेगा।

## संघ के मुख्यालय की रेकी में जैश आतंकी की जमानत अर्जी खारिज

▸ राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए रईस को जेल में रखना जरूरी : कोर्ट

एजेंसी

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मुख्यालय की रेकी करने वाले जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी रईस अहमद शेख की जमानत याचिका शुक्रवार को बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर पीठ ने खारिज कर दी। निचली अदालत से अर्जी खारिज होने के बाद उसने 11 मार्च को बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच में जमानत के लिए अर्जी दी थी। रईस का पूरा नाम रईस अहमद शेख असदुल्ला शेख है और वह जम्मू-कश्मीर के पुलवामा के पोरा का रहने वाला है।

आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के लिए काम करने वाले रईस पर आरोप है कि वह देश में कोरोना महामारी के दौरान नागपुर के महल इलाके में स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय की रेकी कर रहा था। इसके अलावा रेशमबाग इलाके में स्थित डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर की भी उसने रेकी की थी। महाराष्ट्र एटीएस ने उसे 15 सितंबर, 2021 को गिरफ्तार किया था। तब से जैश-ए-मोहम्मद का यह आतंकी नागपुर की सेंट्रल जेल में बंद है। रईस ने निचली अदालत में जमानत के लिए अर्जी दी थी, लेकिन अर्जी खारिज होने के बाद उसने 11 मार्च को बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच में जमानत के लिए अर्जी दी थी। इस मामले में शुक्रवार को हाई कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान आतंकी के वकील निहाल सिंह राठौड़ ने न्यायालय को बताया कि यह साबित करने के लिए कोई सबूत नहीं है कि उसने किसी भी गैरकानूनी गतिविधि को अंजाम देने के लिए उपरोक्त स्थानों की टोह ली थी। नतीजतन रईस को जमानत मिलनी चाहिए। इस पर सरकारी वकील देवेन्द्र चौहान ने अदालत को बताया कि यह साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि आरोपित शेख प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ा है। इससे पहले रईस के खिलाफ जम्मू-कश्मीर में जिंदा ग्रेनेड रखने के आरोप में केस दर्ज किया जा चुका है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर रईस को जमानत देने से इनकार कर दिया। न्यायालय ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए रईस को जेल में रखना जरूरी है।

### विधायक अभय सिंह जानलेवा हमले के केस में हुए बरी

**लखनऊ।** लखनऊ हाईकोर्ट ने समाजवादी पार्टी (सपा) के बागी विधायक अभय सिंह को जानलेवा हमले के मामले में बरी कर दिया है। जस्टिस राजन राय की एकल पीठ ने दोपहर 4.10 बजे अपना फैसला सुनाया। इससे पहले 17 फरवरी को इस मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। न्यायमूर्ति राजन राय ने अपने फैसले में कहा अभियोजन पक्ष आरोपों को साबित करने में विफल रहा है। एफआईआर में घटना का सटीक समय और हमलावरों की संख्या को लेकर विरोधाभास मिला है। उपयोग किए गए हथियारों का स्पष्ट विवरण नहीं दिया गया था। पीड़ित विकास सिंह के बयान कई बार बदले गए, जिससे संदेह की स्थिति बनी। कोर्ट ने इन आधारों पर अभय सिंह और उनके साथियों को दोषमुक्त कर दिया।

## विधायक अंसारी को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत, जेल से आए बाहर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** बाहुबली मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी आखिरकार 2 साल 8 महीने की कैद के बाद जेल से बाहर आ गए हैं। गैंगस्टर एक्ट के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 7 मार्च 2025 को उन्हें जमानत दी थी, जिसके बाद शुक्रवार को उनकी रिहाई हो सकी।

आप को बता दें कि मऊ से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) के विधायक अब्बास अंसारी मऊ में अपने निर्वाचन क्षेत्र की यात्रा करना चाहते हैं, तो ट्रायल कोर्ट और जिला पुलिस से पूर्व अनुमति की आवश्यकता होगी। अदालत ने अंसारी को यह भी निर्देश दिया कि वह विचाराधीन मामलों के संबंध में कोई सार्वजनिक बयान न देने की नसीहत दी थी। अंसारी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने सुनवाई के दौरान अदालत को बताया कि अंसारी को अन्य मामलों में जमानत मिल गई है। उनके खिलाफ इसी तरह के आरोप लगाने वाली एफआईआर को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया था, लेकिन न्यायालय ने जरूरत पड़ने पर दूसरी एफआईआर दर्ज करने की छूट दी थी। मौजूदा मामले में सभी गवाह पुलिस अधिकारी हैं, इसलिए ऐसा नहीं हो सकता कि वह गवाहों को धमकाएं। उल्लेखनीय है कि अब्बास अंसारी ने उत्तर प्रदेश गैंगस्टर्स और असामाजिक गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1986 के तहत उनके खिलाफ दर्ज मामले में जमानत मांगी थी।

### अभिनेता शाहरुख खान के खिलाफ रायपुर कोर्ट में मामला दर्ज

**रायपुर।** बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के खिलाफ छत्तीसगढ़ के रायपुर कोर्ट में मामला दर्ज हुआ है। यह मामला अधिवक्ता फैजान खान ने विमल पान मसाला, फेयर एंड हैंडसम और रमी के विज्ञापनों को भ्रामक बताते हुए बॉलीवुड एक्टर शाहरूख खान के खिलाफ रायपुर कोर्ट में केस दर्ज कराया है। अधिवक्ता फैजान खान का आरोप है कि शाहरुख खान जैसे बड़े अभिनेता उन उत्पादों का विज्ञापन कर रहे हैं, जो युवाओं को गलत दिशा में ले जा सकते हैं। उन्होंने खासतौर पर विमल पान मसाला, फेयर हैंडसम क्रीम और ऑनलाइन बेटिंग ऐप्स के विज्ञापनों का जिक्र किया है। अधिवक्ता फैजान खान और अधिवक्ता विराट वर्मा के बहस के बाद रायपुर की दंडाधिकारी कृति कुजूर के न्यायालय ने तुरंत संज्ञान लिया।

## दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश के आवास से नकदी बरामदगी का मुद्दा राज्यसभा में गूंजा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट के एक न्यायाधीश के आवास से कथित रूप से नकदी बरामद होने का मुद्दा राज्यसभा में गूंजा। सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन को आश्वस्त किया कि इस मामले को सुलझाने के लिए एक संरचित चर्चा तंत्र की तलाश की जाएगी। कांग्रेस के जयराम रमेश ने आज सुबह सदन की बैठक शुरू होते ही इस मुद्दे को उठाया।

सुबह ही मैंने दिल्ली हाई कोर्ट के एक न्यायाधीश के आवास पर भारी मात्रा में नकदी मिलने के बारे में समाचार पत्र में पढ़ा है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इससे पहले 50 सांसदों ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक न्यायाधीश द्वारा की गई कुछ टिप्पणियों के सम्बन्ध में एक नोटिस भी सौंपा था। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि सभापति खुद कई बार न्यायिक जवाबदेही की आवश्यकता की बातें कह चुके हैं और उन्होंने इस मुद्दे पर नेता सदन को निर्देश भी दिया था। जयराम रमेश ने सभापति से अनुरोध किया कि वो न्यायिक जवाबदेही बढ़ाने के लिए सरकार को प्रस्ताव लाने का निर्देश दें। इस पर सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि यह थोड़ी हैरानी वाली बात है कि नकदी मिलने वाली घटना हुई लेकिन यह तुरंत प्रकाश में नहीं आई।

#### मोदी सरकार ने बहुत खराब कर दी किसानों की हालत : विपक्ष

**नयी दिल्ली।** विपक्ष ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार किसानों की जमीन हड़पने का काम कर रही है, डीजल, जीएसटी आदि के माध्यम से टैक्स वसूलने में लगी है और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी गांरटी देने से बच रही है जिससे देश के किसान की हालत बहुत खराब है। सपा के धर्मेन्द्र यादव ने कहा कि कभी किसानों की फसल आलू का किसान कर्ज डूबा है और चिप्स के कारोबारी मुनाफा कमा रहा हैधान के किसान, गेहूं, मक्के के किसान परेशान है और पॉप कॉर्न वाले मुनाफे में हैं। भाजपा के लोग किसानों की उपज एवं जमीनों पर निगाहें हैं। प्राइवेट बैंकों के साथ सांठगांठ ना केवल उनकी मांग का समर्थन करता हूं स्वामीनाथन रिपोर्ट के फॉर्मूले के हिसाब से लागू किया गया। श्रद्धेय नेताजी के संस्कार प्रधानमंत्री की गारंटी किसानों के लिए कहां चली गयी।

## मनरेगा की निगरानी में पूरे देश में यूपी निरंतर अव्वल

▸ एरिया ऑफिसर मोबाइल एप्लीकेशन से हो रहे निरीक्षण

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मनरेगा के तहत कार्यों की निगरानी के लिए एरिया ऑफिसर ऐप का उपयोग किया जा रहा है। एरिया ऑफिसर ऐप के माध्यम से अधिकारी जांच भ्रमण के समय मनरेगा के प्रगतिशील कार्यों की गुणवत्ता तथा उपयोगिता पर कार्यस्थल की फोटो ससमय अपलोड की जाती है।


मनरेगा योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की निगरानी के लिए सरकार द्वारा एरिया ऑफिसर ऐप के माध्यम से निरीक्षण का कार्य कराया जा रहा है।महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की सटीक निगरानी सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग ग्राम्य विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है। इस ऐप के जरिए मनरेगा योजनाओं के प्रगतिशील कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में प्रदेश न केवल मनरेगा के तहत रोजगार सृजन और ग्रामीण विकास में आगे है, बल्कि एरिया ऑफिसर ऐप के माध्यम से कार्यों के निरीक्षण में यह देशभर में अन्य राज्यों के लिए एक आदर्श मॉडल बन रहा है।

सदन

### गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में अपने मंत्रालय की कामकाज पर हुई चर्चा के जवाब में कहा

## केंद्र ने किया नासूर बन चुकी समस्याओं के उन्मूलन का प्रयास

एजेंसी




**नई दिल्ली।** गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को राज्यसभा में अपने मंत्रालय की कामकाज पर हुई चर्चा के जवाब में कहा कि उनकी सरकार ने देश की आंतरिक और सीमाई सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई समयानुकूल बदलाव किए हैं। हमने तकनीक, राजनीतिक इच्छा शक्ति, विधि जरूरतों को पूरा करने के साथ सुरक्षा बलों का हौसला बढ़ाया है, जिससे देश में आज पहले से कहीं अधिक सुरक्षित माहौल है।

राज्यसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए गृहमंत्री ने करीब दो घंटे के अपने जवाब में तीन प्रमुख समस्याओं जम्मू कश्मीर में आतंकवाद, वामपंथी उग्रवाद और पूर्वोत्तर में अलगाववाद पर उनकी सरकार की ओर से उठाए गए निर्णायक कदमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में ही इन नासूर बन चुकी समस्याओं के सम्पूर्ण उन्मूलन के प्रयास किए गए। सुरक्षा, विकास और सार्वभौमत्व की इन समस्याओं के कारण चार दशक में देश के करीब 92 हजार नागरिक मारे गए।

गृहमंत्री ने इसके अलावा संगठित अपराध, ड्रग कारोबार और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन पर भी अपनी मंत्रालय की ओर से किए कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ काम कर रही है। पूर्वोत्तर की समस्याओं को हम समाप्त करने के कगार पर हैं। इसके अलावा भारत 6 महीने में स्वदेशी एंटी ड्रोन मॉडल तैयार कर लेगा। देश 2014 से पहले आपदा प्रबंधन राहत केंद्रित था, अब बचाव केंद्रित दृष्टिकोण के साथ हम आगे आए हैं और इस देश में गत वर्ष में दो आपदाएं आई हैं, जिसमें जीरो मानव जीवन का नुकसान हुआ है। जम्मू-कश्मीर को लेकर विपक्ष पर निशाना साधते हुए गृहमंत्री ने कहा कि काला चश्मा पहनने वालों को जम्मू कश्मीर में विकास नहीं दिखाई दे रहा। जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाकर वहां के विकास प्रयासों को बढ़ाया गया है। आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि दुनिया में केवल दो देश अमेरिका और इज़राइल अपनी सुरक्षा और सीमाओं के लिए स्टैंड लेते थे, उरी और पुलवामा के मामले में भारत ने भी यही किया। उन्होंने कहा, हिसाब मांगते हैं कि क्या हुआ 370 हटाने का परिणाम? साहब, हिसाब तो उनको दिया जाता है, नजारा तो उनको दिखाया जाता है, जिनकी नजरें साफ हों। जो काला चश्मा पहन कर, आंखें मूंद कर बैठे हैं, उनको विकास नहीं दिखा सकते हैं।

## खबरें एक नजर में

### एसबीआई ने लाभार्थी को दिया 1150000 का चेक



**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी विकासखंड के स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया की शाखा मोहम्मदी ने क्लेम स्टॉक इंश्योरेंस के लाभार्थी पुष्पेंद्र पाल को 1150000 का चेक दिया है जिससे लाभार्थी अपनी नई जीविका शुरु कर सके। चेक लेकर लाभार्थी के चेहरे पर खुशी की लहर चमक उठी। इस मौके पर स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया आर एम अमित गुप्ता , मो. हुजैफा, बी एम तेज प्रताप गौतम, सीबीआई महेश्वर मिश्र, सुधीर कुमार, एस बी आई जनरल लवकुश पांडेय आर ए सी सी मैनेजर आकाश दीप, समेत जनरल ग्रुप मौजूद रहा।

### महिला ने पति पर लगाया जान से मारने की धमकी का आरोप

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बहारगंज निवासी रामकुमार की पुत्री जूली ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि नीमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम शाहपुर सुनौरी निवासी अभिषेक पुत्र राजेंद्र प्रसाद से उसकी शादी हुई थी। न्यायालय में हर्जा खर्चा का मुकदमा चल रहा है। जिसको लेकर उसका पति अभिषेक और उसका सगा भाई प्रदीप आए दिन अलग-अलग नंबरों से फोनकर मुकदमा वापस लेने की धमकी देते हुए गाली गलौज कर रहा है। मुकदमा वापस न लेने पर उसकी एक वर्षीय पुत्री और उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। महिला का आरोप है कि उसके पति ने उसकी कुछ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर उसकी छवि खराब करने का प्रयास किया है।

### युवक को पीट-पीट कर मार डालने का आरोप

**मोहम्मदी खीरी।** कोतवाली अन्तर्गत ग्राम धमौला में मृतक की पत्नी फरीन ने बताया कि 31 वर्षीय गुफरान द्वारा चोरी का हर्जाना मांगने पर विपक्षियों ने लाठी डंडो से पीट पीटकर मार दिया वहीँ पुलिस बीमारी से मृत्यु बता रही है। मृतक की बहन व पत्नी फरीन ने बताया कि हम लोग बाहर गए थे वापस आने पर दुकान का ताला तोड़कर कुछ सामान व 1500 रुपये पड़ोसी निकाल ले गये उसी का हर्जाना मांगने पर मजीद, नावेद पुत्रगण साबिर ने मारा पीटा जिससे उसकी मृत्यु हो गयी जबकि पुलिस का कहना है कि गुफरान की वाई के सिंह शाहजहांपुर से इलाज चल रहा था। प्रातः 3 बजे उसकी हालत बिगड़ गयी जिससे लेकर शाहजहांपुर सरकारी अस्पताल गयी जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी उसके बाद मृतक की पत्नी फरीन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मोहम्मदी लाई जहाँ चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया जिसके आधार पर उपनिरीक्षक शिवबहादुर ने पंचनामा भर विच्छेदन हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है।

### थाना मैलानी पुलिस द्वारा तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**संसारपुर खीरी।** अपराध की रोकथाम हेतु अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत मैलानी पुलिस द्वारा तीन अभियुक्तों विभिन्न धाराओं के अंतर्गत गिरफ्तार किये गये। थाना प्रभारी मैलानी निराला तिवारी ने बताया ,अवैध शराब निष्कर्षण / परिवहन की रोकथाम हेतु अभियुक्त सुनील पुत्र रामदीन काकोरी थाना मैलानी उम्र करीब 40 वर्ष को थाना मैलानी पुलिस द्वारा दस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध गिरफ्तारी बरामदगी फर्द के आधार पर आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की गयी। वहीं अरुण कुमार सिंह पुत्र अर्जुन सिंह उम्र 36 वर्ष ,योगेन्द्र कुमार सिंह पुत्र अर्जुन सिंह उम्र 28 वर्ष निवासीगण ग्राम महेशपुर थाना मैलानी शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार कर अभियुक्त गण के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कोर्ट में पेश किया गया।

### बाइक की टक्कर से ग्रामीण घायल, रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गदियाना में ग्रामीण बाइक की टक्कर से घायल हो गया। उसकी पत्नी ने कुछ लोगों पर शराब के नशे में बाइक से उसके पति को जोरदार टक्कर मारकर घायल करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गदियाना निवासी पप्पू की पत्नी कुसुम ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 19 मार्च की देर शाम उसका पति पप्पू पुत्र बेचेलाल अपनी बाइक से लकड़ी लेकर घर आ रहा था। इसी दौरान बसलीपुर स्टेडियम के पास सामने से आ रहे सिकंदरपुर निवासी राजपाल पुत्र संभारी, मोहित पुत्र संतोष, रिंकू पुत्र सोनेलाल ने नशे की हालत में उसके पति की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

### किसानों ने फूंका भगवंत मान का पुतला



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** पंजाब में किसानों और किसान नेता को हिरासत में ले जाने के विरोध में भारतीय किसान यूनियन अमन संधू के नेतृत्व में शहर के बाईपास रोड पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का पुतला फूंका गया। भारतीय किसान यूनियन अमन संधू के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमनदीप सिंह संधू का कहना है कि 19 मार्च को संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक और किसान मजदूर मोर्चा की कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ चंडीगढ़ मीटिंग के बाद 14 किसान नेताओं को पंजाब में एंट्री करते ही गिरफ्तार कर लिया गया और खनौरी व शंभू बॉर्डर को जबरन उखाड़ फेंका। किसानों को हिरासत में ले लिया गया। इसके विरोध में शुक्रवार को किसानों ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और केजरीवाल का पुतला फूंक कर अपना गुस्सा निकाला। इस मौके पर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमनदीप सिंह संधू , जिला अध्यक्ष हरदेव सिंह सैनी, जिला प्रभारी सर्वजीत सिंह, जिला अध्यक्ष बलकार सिंह, प्रदेश प्रवक्ता कमल किशोर वर्मा, जिला प्रवक्ता मुरारी यादव, जितेंद्र पटेल, उत्तम यादव, बापू गुरदीप सिंह, अमरीक सिंह, कश्मीर सिंह, एजाज खान, मनप्रीत सिंह, भारत लाल भार्गव, मनदीप सिंह, यशपाल सिंह भदौरिया ,चौधरी राजेंद्र सिंह, राजकिशोर, प्रकाश वर्मा सहित तमाम किसान शामिल थे।

### पंखे का तार लगाते वक्त करंट लगने से महिला की मौत



**बाँकेगंज खीरी।** थाना मालानी क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस चौकी बांकेगंज क्षेत्र के गांव गिरधरपुर ग्रांट नंबर 11 में करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई। बता दे ग्राम पंचायत बांकेगंज के गांव गिरधरपुर ग्रांट नंबर 11 में सुबह लगभग 12:30 बजे अनीता देवी पत्नी प्रदीप कुमार उम्र लगभग 46 वर्ष अपने घर में पंखा चलाने के लिए बिजली का तार लगा रही थीं। इसी दौरान करंट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजन महिला को बांकेगंज सी एच सी लेकर गए लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बांकेगंज चौकी इंचार्ज संतोष तिवारी भी अपने सहयोगियों के साथ गिरधरपुर गांव गए परिजनों को समझाया तथा अनीता देवी के शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजवा दिया।

### कस्तूबा गांधी आवासीय विद्यालय मितौली में अभिभावक संगोष्ठी आयोजित हुई



**मितौली खीरी।** कस्बा मितौली में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में एक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में विद्यालय की वार्डेन माया सिंह के द्वारा विद्यालय में बालिकाओं के नवीन प्रवेश हेतु आवश्यक प्रपत्र एवं विद्यालय द्वारा प्रदत्त की जाने वाली सुविधाओं की जानकारी के साथ-2 मासिक परीक्षा की कापियों का भी अवलोकन कराया गया। साथ ही साथ आईडी आधार कार्ड वेरीफिकेशन जन्म प्रमाण पत्र सत्र 2025-26 नामांकन कार्य योजना पर भी गहन चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में अभिभावकों से अपील की गई की वे ईद एवं अन्य विद्यालय की छुट्टी के उपरान्त अगले ही दिवस विद्यालय अवश्य भेजा जाए। साथ ही साथ इस बार विद्यालय में सीमित सीटों पर नामांकन होना है अतः पात्र छात्राओं (बालिकाओं का नामांकन कराने हेतु अपने आस-पास के वा लोगों को बताये अंत में अभिभावकों को सूक्ष्म जलयान कराया गया।

### जेसीआई प्रीमियर लीग-6 का पुलिस लाइन मैदान में हुआ शुभारंभ



**लखीमपुर खीरी।** संस्था जेसीआई लखीमपुर खीरी द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष 6वां मैत्री क्रिकेट टूर्नामेंट जेपीएल-6 पुलिस लाइन मैदान में प्रारम्भ हुआ। 20मार्च से 24 मार्च तक चलने वाले इस क्रिकेट टूर्नामेंट में 6 टीमें सहभागिता कर रही हैं, जिन्हें 2 पूलों में बांटा गया है। प्रति दिन एक मुकाबला प्रातः 7 बजे से और दूसरा 10 बजे से खेला जा रहा है। पहले दिन पहला मुकाबला अधिवक्ताओं की व बीएसए की टीम के मध्य हुआ जिसमें बीएसए टीम विजेता रही। इसी दिन दूसरा मुकाबला नगर पालिका परिषद लखीमपुर और जेसीआई लखीमपुर के मध्य हुआ जिसमें नगर पालिका परिषद की टीम ने अपनी जीत दर्ज कराई। टूर्नामेंट के दूसरे दिन पहला मैच अधिवक्ताओं व डाक्टरों की टीम के बीच हुआ। डाक्टरों की टीम ने विगत वर्षों की तुलना में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया किन्तु अन्ततोगत्वा उन्हें अधिवक्ताओं की टीम ने हराया। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कमला कान्त दीक्षित भी पूरे समय मैदान पर डटे रहे और अपनी टीम का उत्साहवर्धन करते दिखे। इसीक्रम में दूसरा मैच नगर पालिका परिषद व एमआर (मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव) टीम के मध्य हुआ जिसमें एक बार फिर नगर पालिका परिषद की टीम विजेता बनी।

---

**सीडीओ की दो टूक**

# लेटलतीफ आने वाले अफसरों, कर्मचारियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

- सीडीओ ने मारा अधिशाषी अभियंता, नलकूप खण्ड प्रथम दफ्तर में छापा, मचा हड़कंप
- ईई समेत नौ कार्मिक मिले गायब, नोटिस जारी

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने कार्यालय अधिशाषी अभियंता, नलकूप खण्ड प्रथम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता नलकूप सहित उनके अधीनस्थ नौ कार्मिक नदारत मिले।सीडीओ को कार्यालय में देख हड़कंप मच गया।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने कार्यालय में कर्मचारियों की उपस्थिति और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने कार्यालय में उपस्थिति पंजिका, साफ-सफाई आदि व्यवस्थाओं को जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान दफ्तर में कार्मिक अधिकारी और नौ कार्मिक नदारद मिलने पर नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई निश्चित है।

सीडीओ ने कार्मिकों की बिना सूचना अनुपस्थित पर गहरी नाराजगी जताई। आदत में सुधार लाने की चेतावनी दी गई। सीडीओ ने कहा कि सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप काम किया जाए। लेटलतीफ आने वाले अफसरों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। तय समय पर अधिकारी और कर्मचारी कार्यालयों में उपस्थित होना शुरू करें। उन्होंने कहा कि किसी भी दिन कोई भी दफ्तर का निरीक्षण कर अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति का रियलिटी को चेक करेंगे।

#### गंदगी का मिला अंबार, धूल फांकती नजर आई फाइलें

**सीडीओ** अभिषेक कुमार के निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता, नलकूप खंड-प्रथम के कार्यालय में गंदगी अंबार मिला। वहीं फाइलें धूल से साराबोर नजर आई। गंदगी देख सीडीओ अभिषेक कुमार का पारा चढ़ गया, मौजूद कार्मिकों को जमकर फटकार लगाई। बोले इसी प्रकार घर में भी गंदगी रखते हो। इस दौरान उन्होंने कार्मिकों को कार्यशैली में सुधार लाने की हिदायत भी दी। निरीक्षण के दौरान कार्यालय की छत जर्जर और क्षतिग्रस्त नजर आई। इस पर उन्होंने कहा कि तत्काल अनुरक्षण मद से नियमानुसार छत की मरम्मत कराई जाए, ताकि किसी भी अनहोनी की आशंका न रहे। बताते चलें कि सीडीओ ने इससे पूर्व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय का निरीक्षण कर चुके। सीडीओ ने आगे भी सतत निरीक्षण जारी रहने के संकेतदिए।

---

## माह-ए-रमजान का दूसरा अशरा हुआ समाप्त



**सिंगाही खीरी।** माह-ए-रमजान के दूसरा अशरा खत्म हो रहा है। इस अशरे में कस्बे की जामा मस्जिद में कुरान तरावीह भी मुकम्मल हुई। रमजान माह के चांद रात से शुरू हुई कुरान तरावीह शुक्रवार की रात हाफिज बिलाल साहब ने मुकम्मल किया। इस दौरान रमजान की फजीलत बयान की गई। साथ ही देश में अमन-चेन की दुआएं की गई। 20 दिनों तक पूरी मस्जिद कुरआन के आयतों की तिलावत से गूंज उठी। इससे माहौल इबादत और रूहानियत से भर गया। मौके पर मस्जिद के इमाम साहब ने भाईचारा कायम रखने और सादगी भरा जीवन जीने का संदेश दिया। इस दौरान हाफिज बिलाल साहब ने कहा कि रमजान का महीना काफी खास है। इस महीने में नेकियां बरसती है। इस महीने में अधिक से अधिक इबादत, कुरान की तिलावत और तरावीह की नमाज अदा करनी चाहिए। साथ ही मगफिरत की दुआ करनी चाहिए।दुआ के बाद कमेटी के पदाधिकारियों ने हाफिज साहब को तोहफे देकर और लोगों को मिठाइयां बांटकर अपनी खुशी जाहिर की। इस दौरान सिकरेट्री ज़ैनुल खां, तजम्मुल खान, जामा मस्जिद इमाम मुजीबुर्रहमान, अफजल हुसैन, मसूद खां मंजूर खां, खालिद गौरी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने पर तीन दिवसीय मेला/प्रदर्शनी का होगा आयोजन

- आयोजन को सफल बनाने, कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने को सीडीओ ने ली बैठक
- जिले के आईटीआई ऑडिटोरियम में आयोजित होगा कार्यक्रम

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला मुख्यालय में प्रस्तावित कार्यक्रमों के सफल आयोजन के संबंध में सीडीओ अभिषेक कुमार ने विकास भवन के स्वामी विवेकानंद सभागार में जिला स्तरीय अफसरों की बैठक ली। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीडीओ अभिषेक कुमार ने निर्देश दिए कि 25, 26 व 27 मार्च को भव्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसका उद्देश्य आपके विभाग के जनपद स्तर पर कराए गए कार्यों को प्रदर्शित करना है। जनपद के प्रभारी मंत्री जी द्वारा मेले का उद्घाटन किया जाएगा और प्रेस वार्ता भी की जाएगी। सीडीओ ने कहा कि जनपद स्तर पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन आईटीआई के ओपन ऑडिटोरियम में किया जाएगा। समस्त विभागों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा, सभी विभाग अपना-अपना स्टाल लगाएंगे तथा योजनाओं के फार्म/पम्पलेट आदि स्टाल पर रखेंगे और लोगों को योजनाओं की जानकारी देंगे व फार्म भरवायेंगे। मेले प्रत्येक दिवस विभिन्न थीमों पर आयोजन कार्यक्रम प्रस्तुत किए जायेंगे। प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर तैयार की गई विशेष लघु फिल्म का प्रदर्शन व महाकुंभ प्रयागराज-2025 के सफल आयोजन पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन एवं विकास पुस्तिका का विमोचन किया जाएगा। केंद्र सरकार के 10 वर्ष तथा प्रदेश सरकार के आठ वर्ष की उपलब्धियों तथा जनहित में क्रियान्वित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं/ परियोजनाओं/ कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। केंद्र सरकार के 10 वर्ष तथा प्रदेश सरकार के आठ वर्ष की अवधि में कराए गए कार्यों को सम्मिलित किया जाएगा। बैठक में सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि तीन दिवसीय मेले/प्रदर्शनी का विभिन्न थीमों पर आधारित करते हुए उसके नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं, जो अपनी देख-रेख में समस्त कार्यों को बेहतर तरीके से आयोजित करायेंगे। सीडीओ ने जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को कार्यक्रम में सांस्कृतिक आयोजन सहित अन्य जरूरी निर्देश दिए। बैठक में सभी संबंधित अधिकारी गण मौजूद रहे।

## ग्रामीणों के विरोध के बाद बैरंग वापस लौटा प्रशासन

- कब्जा हटाने की कार्रवाई किए बैरंग लौटी टीम, अवैध कब्जा हटाने पहुंची जेसीबी के आगे लेटे परिवार के बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं

**तिकुनिया खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



हाईकोर्ट के आदेश पर अवैध कब्जा हटाने पहुंची तहसील पुलिस-प्रशासन की टीम को ग्रामीणों के विरोध के चलते एक बार फिर बैरंग वापस लौटना पड़ा। एसडीएम राजीव निगम, सीओ महक शर्मा, तहसीलदार भीमचंद, कोतवाल अमित कुमार भदौरिया के नेतृत्व में जिले के कई थानों की पुलिस, पीएसी बल के लाओ लस्कर के साथ शुक्रवार को दोपहर करीब दो बजे तिकुनिया के ग्राम पंचायत बरसोला कलां के मोहल्ला बगिया में कब्जा हटाने पहुंची राजस्व व पुलिस की टीम को देखकर ग्रामीण फिर से भड़क उठे। महिलाएं ,बच्चे, बुजुर्ग सभी जेसीबी के आगे बैठ गए। छोटे-छोटे बच्चे भी हमें इंसाफ दो, तहसील प्रशासन वापस जाओ, पहले बसाओ फिर हटाओ लिखी तख्तियों को हाथों में लेकर अपना विरोध दर्ज करा रहे थे। प्रशासन ने जेसीबी के साथ आगे बढ़ने की कोशिश की। ग्रामीणों के आगे प्रशासन के सभी इंतजाम धरे के धरे रह गए। इस बीच कई महिलाएं व बच्चे फूट फूटकर रोने लगे। स्थिति को भांफ कर प्रशासन ने मौके से वापस लौटना ही उचित समझा।

**इससे पहले भी कब्जे को लेकर आ चुका है प्रशासनः** जानकारी के मुताबिक हाईकोर्ट के आदेश पर जून 2022 में तहसील प्रशासन बरसोला गांव में कब्जा हटाने पहुंचा था। लेकिन अवैध अतिक्रमण की जद में आए 41 परिवार के सदस्यों ने उस वक्त भी तहसील प्रशासन की इस कार्यवाही का जमकर विरोध किया था। जनहानि की संभावना के मद्देनजर उस वक्त भी प्रशासन को खाली हाथ ही लौटना पड़ा था।

**क्या है मामला:** तिकुनिया क्षेत्र के ग्राम बरसोला के बगिया निवासी अब्दुल करीम ने सन 1980 में दीवानी न्यायालय में एक वाद दायर किया था कि उनकी करीब एक एकड़ जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। इसमें वर्ष 1981 में अदालत ने अब्दुल करीम के हक में फैसला दिया और प्रशासन को जमीन पर कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए लेकिन 38 साल बाद भी जब कब्जा नहीं हटा तो अब्दुल करीम ने हाईकोर्ट की शरण ली। हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने दीवानी न्यायालय के आदेश को बरकरार रखते हुए आदेश का पालन कराए जाने के लिए निर्देशित किया।

**क्या कहते हैं जिम्मेदार:** न्यायालय के अमीन वीरेंद्र कुमार ने बताया बताया कि कोर्ट के आदेश के क्रम में प्रशासन ने कब्जा हटाने की कार्यवाही की को लेकर आये है। ग्रामीण सहित कार्यवाही की जद में आए परिवार के बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सड़क पर जेसीबी के आगे लेट जा रहे हैं। मौके पर तनाव व जनहानि की संभावना को देखते हुए फिलहाल आज कब्जा हटाने की कार्यवाही स्थगित की गई है।

## सेबी द्वारा स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**लखीमपुर खीरी।** भगवानदीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय लखीमपुर खीरी में सेबी द्वारा स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेबी द्वारा पधारे सेबी रिसोर्स पर्सन मुकुल श्रीवास्तव एवं अखिलेश वर्मा थे जिन्होंने इन्वेस्टमेंट के कई आयामों पर प्रकाश डालते हुए आज के युवा को भ्रमित करने वाले धोखाधड़ी से सचेत किया एवं सही जगह निवेश करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफ़ेसर गीता शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के युवाओं में धैर्य की कमी के कारण शॉर्टकट से चीज़ें प्राप्त कर लेने की आतुरता एवं प्रवृत्ति के चलते उनके ऐसे भ्रमर जालों में फँसने की संभावना अधिक हो सकती है इस नाते उन्हें जागरूक निवेशक बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन अर्थशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफ़ेसर वीना चौरसिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेज़ी विभाग के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉक्टर प्रियंका सिंह ने किया।

## आल इंडिया आठवीं रैंक प्राप्त करके ईशांत बने इनकम टैक्स इंस्पेक्टर, परिवार में खुशी का माहौल



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** शहर की लक्ष्मी नगर कालोनी निवासी बृजेश कुमार शुक्ला और सीमा शुक्ला के पुत्र ईशांत शुक्ला का चयन एसएससी सीजीएल आल इंडिया आठवीं रैंक प्राप्त करके इनकम टैक्स निरीक्षक के पद पर हुआ है। जिसको लेकर परिवार में खुशी का माहौल है। ईशांत ने यह उपलब्धि स्वाध्याय से बगैर कोचिंग संस्थान के ही प्राप्त की है। कर्मचारी चयन आयोग की संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा का आयोजन 25 जनवरी 2025 को किया गया था । इन्होंने अखिल भारतीय स्तर पर आठवां स्थान प्राप्त किया है। ईशांत ने कक्षा एक से इण्टरमीडिएट तक की पढ़ाई सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज से की। हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2018 में 88.5 फीसदी अंक एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2020 में 84.4 फीसदी अंक प्राप्त किए थे। उसके बाद इन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी के दीन दयाल उपाध्याय कालेज से गणित, भौतिक विज्ञान एवं रसायन विषयों के साथ वर्ष 2023 में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। ईशांत शुक्ला के पिता बृजेश शुक्ला सेल्स मैनेजर और माता सीमा शुक्ला गृहिणी हैं। इनकी बहन श्रुति शुक्ला और भाई तुषार शुक्ला के साथ चाचा रितेंद्र शुक्ला, राजेश शुक्ला सहित पूरे परिवार ने गुरुवार को दिल्ली से गोला अपने घर आए ईशांत का माला पहनाकर स्वागत किया। शुक्रवार को ईशांत को सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कालेज में प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार त्रिपाठी और मधु त्रिपाठी द्वारा सम्मानित किया गया। ईशांत ने बताया कि उसने यह उपलब्धि बगैर कोचिंग संस्थान का सहारा लिए ही स्वाध्याय पांच से सात घंटे पढ़ने पर प्राप्त की है, उसने छात्र-छात्राओं के लिए संदेश दिया है कि वह लोग सोशल मीडिया से दूरी बनाएं। इस मौके पर रितेंद्र शुक्ला, राजेश शुक्ला, डा. शिवेंद्र अवस्थी, डा. आदर्श दीक्षित, तुषार शुक्ला, तोशी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## विकास खण्ड सहजनवां के कई ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय के रख-रखाव के नाम पर भ्रष्टाचार

- सामुदायिक शौचालय पर नहीं रहते केयर टेकर, झाड़ झंकार का बोलबाला

**सहजनवां, गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़।**



सहजनवां विकास खण्ड के अंतर्गत आने वाले तमाम ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय के रख रखाव को लेकर ग्राम पंचायत के प्रधान व सचिव मिल कर कर रहे भ्रष्टाचार, मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत जबरेला, बरौली, अनन्तपुर, रामपुर गड़तौली मे बने सामुदायिक शौचालय पूरी तरह से बंद पड़े देखे गए वही शौचालय के अगल बगल झाड़ झंखाड़ का बोलबाला नजर आ रहा है वही कुछ लोगो से पूछा गया तो पता चला कि शौचालय पर कोई केयर टेकर नही रहते हैं और उन लोगों का मानदेय प्रधान व सिग्रेटरी मील कर निकाल लेते हैं वही देखा जा तो विकास खण्ड के तमाम ग्राम पंचायतों में प्रधान व सचिव मिल कर सामुदायिक शौचालय के रख रखाव को लेकर सरकार के धन का बन्दरबाट किया जा रहा है वही जिम्मेदार पूरी तरह मूकदर्शक बने हुए हैं वही सचिव सुषमा चौबे से जानकारी लिया गया तो उन्हों ने कहा कि शौचालय का मरम्मत कराना है।वही सचिव गौतम कुमार से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि अभी हम जल्द आये हैं हमें अभी इसकी कोई जानकारी नही है।वही देखा जाये कि अगर ग्राम पंचायत के जिम्मेदार इसी तरह अपने काम को करेगे तो ग्राम पंचायतों में विकास कार्य कैसा होता होगा।एक तरफ मुख्यमंत्री ग्राम पंचायतों को विकसित करने में लगे हैं वही जिमेदार पूरी तरह से भ्रष्टाचार करने में लगे हुए हैं।

## तेंदुए के हमले में महिला घायल



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** गोला वन रेंज की पूर्वी बीट जंगल के बार्डर पर एक तेंदुए के हमले में जलौनी लकड़ी एकत्र कर रही एक महिला घायल हो गई है। जिसको इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है। क्षेत्र तहसील क्षेत्र के ग्राम विलियमगंज निवासिनी 45 वर्षीय महिला वीरमती अपनी अन्य साथी महिलाओं के साथ अलीगंज रोड स्थित जंगल में जलौनी लकड़ी बीनने गई थी। जहां झाड़ियां से निकले तेंदुए ने उस पर हमला बोल दिया। हमला महिला के पेट मे दो जगह पर हुआ है। साथियों के हल्ला मचाने पर तेंदुआ उसे छोड़कर भाग निकला। तब जाकर उसकी जान बच सकी। पूर्वी बीट इलाके में पड़ने वाले जमुनाबाद फार्म से लेकर जंगल इलाके में तेंदुओं की चहल कदमी लंबे समय से बनी हुई है। इसके पहले भी तेंदुओं के हमले में कई लोगों की मौतें हो चुकी हैं।तेंदुओं को लेकर यह इलाका लंबे समय से संवेदनशील बना हुआ है। हालांकि महिला को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। रेंजर संजीव कुमार ने बताया कि घायल महिला के हल्की खरोचें आई हैं, महिला जंगल को लकड़ी बीनने गई थी।

## एनएचआई के विरोध में किसानों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**सहजनवां, गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़।**




सहजनवां तहसील क्षेत्र के तेनुआ टोल प्लाजा के पास दोनो पटरियों पर एनएचआई और पुलिस बल द्वारा फोरलेन से बुधवार को अतिक्रमण हटाया था। जिसके विरोध में भारी संख्या में किसानों एवं व्यापारियों ने एनएचआई के खिलाफ तहसील मुख्यालय में प्रदर्शन किया। और एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी सहजनवा को सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे प्रधान मनेही कन्नौजिया ने कहा कि आसपास गांव के बेरोजगार किसान लोग टोल प्लाजा के आसपास अपने खेतो मे दुकान रखकर जीवनयापन करते है।लेकिन बुधवार को एनएचआई और पुलिस बल ने किसानों व व्यापारियों की दुकान को बुलडोजर लगाकर हटा दिया गया वही किसानों का कहना है कि यन एच आई द्वारा कुल रोड के लिए 69 मीटर भूमि अधिग्रहण किया गया वही यन एच आई के अधिकारियों व अस्थानिय उपजिलाधिकारी सहजनवां व किसानों से समझौता हुआ था कि रोड के दक्षिण छोर से उत्तरी छोर की चौड़ाई कुल 69 मीटर रहेगी बाकी भूमि किसानों की होगी इसी बात पर समझौता हुआ था लेकिन यन एच आई के लोग जबरजस्ती हम किसानों की जमीन में हस्तक्षेप कर रहे हैं अगर उच्च अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया हम किसान भुखमरी के कगार पर खड़े है। जबकि 22 फरवरी 2012 में एनएचआई से समझौता हुआ था। जिसमें निर्णय लिया गया था कि जिन किसानों ने अपनी भूमि एनएचआई को दिया है। वह पटरियों पर दुकान खोल कर जीवनयापन कर सकते है। वही जब यन एच आई के प्रोजेक्ट मैनेजर से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि समझौता के बारे में हमें कोई जानकारी नहीं है पता करा कर आगे की कार्यवाही किया जायेगा।

प्रदर्शन करने वालो में रामनाथ यादव, सुनील यादव, देवेंद्र गुप्ता, शिवशरण, सीताराम, मुनिका, संजू देवी, अमरजीत, इंद्रजीत, हरिशंकर, दिवाकर, सुधाकर, प्रभाकर, लोचन सहित अनेक किसान व व्यापारी मौजूद थे।

# शिक्षा का कायाकल्प, मिशन संग आगे बढ़ी सरकार

## प्रधानमंत्री श्री योजना से 1,565 स्कूल हुए पूरी तरह हाई-टेक, 6,481 का हुआ पुनर्निर्माण

**युवाओं को दी गई डिजिटल ताकत, 50 लाख युवाओं को वितरित किए गए स्मार्टफोन और टैबलेट**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार ने अपने आठ साल के कार्यकाल में शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव किए हैं। 2017 में सत्ता संभालने के बाद से प्राइमरी से लेकर उच्च शिक्षा तक को गुणवत्तापरक बनाने के लिए कई ठोस कदम उठाए गए। स्कूलों की बदहाल स्थिति को सुधारने से लेकर नए विश्वविद्यालयों की स्थापना तक, सरकार ने शिक्षा को सशक्त और समावेशी बनाने का संकल्प पूरा किया। योगी सरकार के 8 सालों में शिक्षा सिर्फ सुविधा नहीं, बल्कि एक मिशन बन गई है।

ऑपरेशन कायाकल्प से लेकर विश्वविद्यालयों की स्थापना तक, हर कदम बच्चों और युवाओं को वैश्विक मंच पर तैयार करने की दिशा में उठाया गया है। यह बदलाव न केवल शिक्षा का स्तर ऊंचा कर रहा है, बल्कि उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का मार्ग भी प्रशस्त कर रहा है।

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के अनुसार 2017 में बच्चों के पास यूनिफॉर्म, जूते और बैग तक नहीं थे। योगी सरकार ने ऑपरेशन कायाकल्प के तहत बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों का कायाकल्प किया। उन्हें आधुनिक सुविधाओं से जोड़ा गया। इसका नतीजा सबके सामने है। आज 1.91 करोड़ बच्चों को दो यूनिफॉर्म, स्वेटर, जूते, बैग, साथ ही स्कूलों में स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी, टॉयलेट और पेयजल की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। हर साल अभिभावकों के खातों में सीधे धनराशि भेजी जा रही है।

**शिक्षा का किया गया आधुनिकीकरण**

पीएम श्री योजना के तहत 1,565 विद्यालयों में आधुनिक सुविधाएं दी जा रही हैं। 6,481 स्कूलों को नए सिरे से बनाया जा रहा है, ताकि बच्चों को बेहतर माहौल मिले। 57 कंपोजिट विद्यालयों के लिए बजट स्वीकृत किया गया है, जो प्री-प्राइमरी से 12वीं तक एक ही कैंपस में शिक्षा देंगे।

**बालिकाओं और ग्रामीण क्षेत्रों पर फोकस**

कस्तूरबा गांधी विद्यालय के तहत गरीब बालिकाओं के लिए 8वीं तक सीमित इन स्कूलों को 12वीं तक विस्तारित किया गया। वंटांगिया गांवों में शिक्षा के प्रसार के लिए 22 प्राथमिक और 11 उच्च प्राथमिक विद्यालयों का निर्माण, ग्रामीण बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ा गया। अटल आवासीय विद्यालयों के अंतर्गत इंटीग्रेटेड कैंपस के साथ बच्चों को बेहतर शिक्षा का अवसर प्रदान किया गया।

**उच्च शिक्षा और तकनीकी प्रशिक्षण में क्रांति**

सहारनपुर, अलीगढ़, आजमगढ़, मीरजापुर, देवीपाटन और मुरादाबाद में नए विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई, जिसमें से तीन शुरू हो चुके हैं। 150 आईटीआई में एआई, 3डी प्रिंटिंग, ड्रोन और रोबोटिक्स जैसे न्यू एज कोर्स शुरू किये गये। साथ ही 62 नए आईटीआई का भी निर्माण किया गया। यही नहीं, संस्कृत शिक्षा को भी बढ़ावा दिया गया, जिसके अंतर्गत पहली बार पूर्व से आचार्य स्तर तक छात्रवृत्ति शुरू की गयी, विश्वविद्यालयों को मान्यता प्रदान की गयी।

**युवाओं का सशक्तिकरण, बांटे स्मार्टफोन**

डिजिटल क्रांति के तहत योगी सरकार ने 2 करोड़ युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट देने का लक्ष्य रखा और 50 लाख को वितरित भी कर दिया। युवाओं में अनुशासन और देशभक्ति के लिए अकादमी और स्कूलों का निर्माण तेज गति से किया जा रहा है। ब्लॉक और न्याय पंचायत स्तर तक कंपोजिट स्कूलों का विस्तार किया गया है और एक नया एजुकेशन हब बनाने की तैयारी है।

# वित्त मंत्री ने देखी लखनऊ की सफाई व्यवस्था, नाली चोक मिलने पर खफा

**सफाई, सीवर, प्रकाश व्यवस्था व सड़क को लेकर नगर आयुक्त को दिए निर्देश**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने आज प्रातः 7 बजे नगर निगम लखनऊ के चार वार्डों का सफाई व्यवस्था को लेकर औचक निरीक्षण किया।

क्षेत्रों में सफाई, सीवर, प्रकाश व्यवस्था एवं सड़क के संबंध में नगर आयुक्त को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सफाई से संबंधित अधिकारी अपने क्षेत्र का नियमित भ्रमण करें और क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को और अधिक दुरुस्त करें। मंत्री आज हजरतगंज वार्ड के नरही क्षेत्र, विक्रमादित्य वार्ड के जियामऊ क्षेत्र, गोमती नगर वार्ड के संजय गांधीपुरम तथा स्माइल गंज वार्ड द्वितीय के राधापुरम क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने सफाई, पानी, सड़क एवं सीवर के संबंध में निरीक्षण के साथ-साथ स्थानीय लोगों से जानकारी प्राप्त की। नरही क्षेत्र में नालियों के चोक पाए जाने एवं नियमित सफाई न होने की शिकायत को लेकर नाराजगी जाहिर की तथा जोन एक के जोनल अधिकारी को कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिया कि शाम तक हर हाल में नालियों की सफाई कराई जाए। पेयजल की समस्या को लेकर निर्देश दिया कि पेयजल संबंधी कार्य में तेजी लाते हुए लोगों को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि नालियों के अतिक्रमण को स्थानीय जन प्रतिनिधियों एवं आमजन का सहयोग लेते हुए हटवाया जाए, जिससे कि नालियों में निर्बाध प्रवाह बना रहे। श्री खन्ना जियामऊ एवं गोमती नगर वार्ड पहुंचे। उन्होंने जियामऊ में सीवर लाइन के निर्माण के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त गोमती नगर वार्ड में रेलवे की जमीन के पास घरों में पानी भरने की समस्या को लेकर उन्होंने नाले की खुदाई हेतु सर्वे के लिए निर्देशित किया। इस्माइल गंज वार्ड द्वितीय में मुख्य मार्ग की सड़क के निर्माण कराए जाने के साथ प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस क्षेत्र में सीवर लाइन बनाए जाने के संबंध में भी निर्देश दिए। सफाई व्यवस्था को लेकर निर्देश दिया कि इस क्षेत्र में सफाई कर्मियों की संख्या को बढ़ाया जाए तथा नियमित सफाई को सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान मेयर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, क्षेत्रीय पार्षद तथा स्वच्छता प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार मिश्रा सहित नगर निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस ने हत्यारे ऑटो ड्राइवर के भाई को पकड़ा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में मंगलवार रात ऑटो ड्राइवर ने महिला को किडनैप किया। उसे आलमबाग बस स्टैंड से 35 किलोमीटर दूर मलिहाबाद के भदवाना इलाके में ले गया। यहां बाग में रेप के बाद उसका मर्डर कर दिया। पुलिस ने मामले में हत्यारे ऑटो ड्राइवर के भाई को गिरफ्तार किया है। वहीं फरार मुख्य आरोपी पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया है। मुख्य आरोपी की शिनाख्त दुबग्गा के हिस्ट्रीशीटर तौर पर हुई है। पुलिस आरोपी की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी का नाम पंडित है और उसके खिलाफ दर्जन भर मुकदमे हैं।

### प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना नरही में गंदगी देख भड़के

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में गंदगी और अतिक्रमण को लेकर प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना सख्त हो गए हैं। शुक्रवार सुबह उन्होंने लखनऊ के जोन-1, 4 और 7 का दौरा किया। इस दौरान नरही में सफाई व्यवस्था चरमराई मिली, जिस पर उन्होंने अधिकारियों की जमकर क्लास लगाई और जोन-1 के जोनल अधिकारी को हटाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह भी मौजूद रहे। मंत्री खन्ना ने आमजन से सफाई को लेकर फीडबैक लिया और लोगों को बताया कि किसी भी सफाई संबंधी समस्या के लिए टोल-फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

### आधा दर्जन रेल गाड़ियों में अतिरिक्त कोच की सुविधा प्रदान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज ।** उत्तर रेलवे ने रेल यात्रियों को सुगम यात्रा की सुविधा आज से प्रदान करने जा रही है। इसके लिए आमजन को सूचित किया है कि गाड़ी संख्या 14207 पद्मावत एक्सप्रेस में 22.03.2025 से 27.03.2025 तक स्लीपर श्रेणी का 1 अतिरिक्त कोच, गाड़ी संख्या 14208 पद्मावत एक्सप्रेस में 25.03.2025 से 30.03.25 तक स्लीपर श्रेणी का 1 अतिरिक्त कोच, गाड़ी संख्या 14205 अयोध्या कैंट - दिल्ली जं. एक्सप्रेस मे 24.03.2025 से 29.03.25 तक स्लीपर श्रेणी का 1 अतिरिक्त कोच, गाड़ी संख्या 14206 दिल्ली जं.- अयोध्या कैंट एक्सप्रेस मे 23.03.2025 से 28.03.25 तक स्लीपर श्रेणी का 1 अतिरिक्त कोच और गाड़ी संख्या 14205 अयोध्या कैंट - दिल्ली जं. एक्सप्रेस मे 28.03.2025 को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का 1 अतिरिक्त कोच लगाया जा रहा है। यात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेल गाड़ियों के रूट के अन्य ठहरावों और समय-सारणी की जानकारी के लिए कृपया रेल मदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

### आठ कंपनियों की भर्ती में पहुंचे महज 73 अभ्यर्थी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज ।** लखनऊ के आईटीआई अलीगंज में शुक्रवार को जॉब फेयर लगा। इसमें 8 कंपनी के लिए हायरिंग हुई पर जॉब के लिए महज 73 अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। सीमित संख्या में अभ्यर्थियों के शामिल होने के कारण दोपहर बाद तक परिसर में सन्नाटा पसर गया। हालांकि, आईटीआई अलीगंज प्रशासन का दावा रहा कि आने वाले ज्यादातर स्टूडेंट्स को नौकरी मुहैया कराई गई और बहुत जल्द मेगा स्केल पर जॉब फेयर लगाया जाएगा। आईटीआई लखनऊ के प्रिंसिपल राजकुमार यादव ने बताया कि आज भी कैंपस में रिक्रूटमेंट ड्राइव चला है। पिछले महीने भी कई रिक्रूटमेंट ड्राइव चलाए गए हैं। आगे भी आईटीआई पास अभ्यर्थियों के लिए ऐसे जॉब फेयर लगाए जाएंगे। आईटीआई लखनऊ के प्लेसमेंट ऑफिसर एमए खान ने बताया कि शुक्रवार को प्लेसमेंट ड्राइव में कुल 73 अभ्यर्थी पहुंचे थे। इनमें से एसबीआई लाइफइंश्योरेंस, जेबीएम, डिकॉन डीलक्स, पेडगेट समेत कुल 8 कंपनियां शामिल हुईं।

### बैंक कर्मियों की मांगे मानने का भरोसा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज ।** राजधानी लखनऊ में हड़ताल से पहले ही बैंककर्मियों की मांगे मानने का भरोसा सरकार ने दिया है। बैंक संगठन लम्बे समय से सप्ताह में पांच दिन बैंक खोलने की मांग कर रहे थे। इसे लेकर बैंक संगठन यूनाइटेड फोरम ऑफबैंक यूनियंस कई बार हड़ताल भी कर चुके हैं। संगठन ने 24-25 मार्च को बड़ी हड़ताल का ऐलान किया था, लेकिन उससे पहले सरकार ने उनकी मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया है। संगठन के महामंत्री दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि बैंक कर्मियों के हित में सप्ताह में 5 दिन बैंक खोलने की मांग की जा रही है। इसके साथ ही खाली पड़े सभी संवर्गों के पदों को भरने की मांग की गई है। उन्होंने बताया लम्बे समय से अस्थाई कर्मचारियों को नियमित नहीं किया गया है। उन्हें भी नियमित किया जाना चाहिए। बैंकों में स्थायी नौकरियों की आउटसोर्सिंग बंद करने सहित कई मांगों को लेकर सभी कर्मी हड़ताल पर जाने वाले थे। हजरतगंज स्थित बैंक कार्यालय में महामंत्री ने बताया हड़ताल से पहले सरकार ने मांगों को मनाने पर विचार कर रही है। इस दौरान अनिल श्रीवास्तव, एस के संगतानी, संदीप सिंह, प्रभाकर अवस्थी, वाई के अरोड़ा सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# आर्थिक व्यवस्था में खनिज क्षेत्र का अहम योगदान

**नीलामी योग्य प्रमुख खनिज ब्लॉक व अन्वेषण संभावना विषय पर हुई कार्यशाला**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की प्रदेश में नीलामी योग्य प्रमुख खनिज ब्लॉक एवं अन्वेषण संभावना विषयक कार्यशाला में प्रतिभाग किया।

मुख्य सचिव ने सोनभद्र जिले में लौह अयस्क के दो ब्लाक एवं लाईमस्टोन के एक ब्लॉक समेत कुल तीन ब्लॉक की नोटिस इन्वाइटिंग टेंडर (एनआईटी) को लांच किया। मुख्य सचिव ने अपने संबोधन में कहा कि देश की आर्थिक व्यवस्था में खनिज क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रदेश में उपलब्ध खनिज संपदा को विधिवत और वैज्ञानिक तरीके से अन्वेषण और दोहन करने की जरूरत है, इससे प्रदेश को आय का अच्छा स्त्रोत मिल सकता है और इसका प्रभाव निर्माण उद्योग (कंसट्रक्शन इंडस्ट्री) पर भी पड़ेगा। उम्मीद कि आज की वर्कशाप से मेजर मिनरल्स में हमारी और सहभागिता बढ़ेगी। उन्होंने अपने अभिभाषण में अन्वेषण कार्य में लगीं सभी सरकारी व प्राइवेट एजेन्सियों को प्रदेश में खनिजों की खोज के लिए अधिक से अधिक कार्य किये जाने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने उद्यमियों को प्रदेश सरकार की उदार नीति के बारे में अवगत कराते हुए प्रदेश मे पूँजी निवेश कर उद्योग स्थापित किये जाने के लिए भी आमंत्रित किया।

कार्यशाला में सचिव, भूतत्व एवं खनिकर्म माला श्रीवास्तव ने विभाग की नीतियों आदि के बारे में विस्तृत रूप से बताया। उन्होंने विभिन्न अन्वेषण संस्थाओं को प्रदेश में मुख्य खनिज तथा उपखनिज का अन्वेषण कार्य किये जाने के लिए आमंत्रित किया। कार्यशाला में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, एम.ई.सी.एल., आई.बी.एम., एन.एम.ई.टी., विभिन्न प्राइवेट अन्वेषण संस्थाओं ने प्रदेश में खनिजों के अन्वेषण के सम्बन्ध में प्रस्तुतीकरण व विचार-विमर्श किया। कार्यशाला में एम.ई.सी.एल. से इन्द्र देव नारायण सिंह, जी.एस.आई. से वी.पी. गौर, आई.बी.एम. से सुदीप रंजन मजुमदार, एन.एम.ई.टी. से सेबाब्राता दास, अपर निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म नवीन कुमार दास, यू.पी.आर.सेक से अनिरूद्ध उनियाल, विश्वविद्यालय से भूविज्ञान विधा के विभागाध्यक्ष ध्रुवसेन सिंह, मुख्य खनिज के ब्लाक धारक संतोष शुक्ला, शशिशेखर रे व अभिजीत आदि ने प्रतिभाग किया।

### भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां की संगीत साधना वंदनीय : सीएम योगी

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'भारत रत्न एवं प्रसिद्ध शहनाई वादक उस्ताद बिस्मिल्लाह खान की जयंती पर शुक्रवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी संगीत साधना वंदनीय है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर लिखा, ''सुप्रसिद्ध शहनाई वादक, भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खाँ ने अपने शहनाई वादन से भारत की सांस्कृतिक विरासत के विराट स्वरूप का विश्व से परिचय कराया। उनकी संगीत साधना वंदनीय है। आज उनकी जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! बता दें कि भारत के महानतम संगीतकारों में शुमार किए जाने वाले उस्ताद बिस्मिल्लाह खां की शुक्रवार को 109वीं जयंती है। बिस्मिल्लाह खान का जन्म 21 मार्च 1916 को बिहार के डुमरांव में हुआ था। खान को 2001 में 'भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। उनका 21 अगस्त 2006 को निधन हो गया।

# गोवा सरकार अयोध्या में बनाएगी गोवा राम निवास, जताया योगी का आभार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/पणजी ।** गोवा सरकार अयोध्या में गोवा राम निवास बनाएगी। इसके लिए भूमि अधिग्रहण की घोषणा भी की है। यह विशेष रूप से गोवा के श्रद्धालुओं के लिए समर्पित होगा, जिससे श्रीरामलला विराजमान के दर्शन और आध्यात्मिक यात्रा में श्रद्धालुओं को काफी सहूलियत मिलेगी।

गोवा सरकार ने इस ऐतिहासिक परियोजना को साकार करने में सहयोग देने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद का आभार व्यक्त किया है। गोवा राम निवास श्रद्धालुओं के लिए एक सुनिश्चित और पवित्र स्थान होगा, जहां वे आध्यात्मिक शांति का अनुभव कर सकेंगे। उत्तर प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि गोवा को परशुराम की भूमि कहा जाता है। इसका अयोध्या की राम जन्मभूमि से गहरा आध्यात्मिक संबंध है। यह परियोजना दोनों स्थानों के सांस्कृतिक व आध्यात्मिक रिश्तों को और प्रगाढ़ करेगी तथा देशभर के श्रद्धालुओं को एक साथ जोड़ने का कार्य करेगी।

उन्होंने बताया कि विकास भी, विरासत भी के सिद्धांत को अपनाते हुए यह परियोजना न केवल श्रद्धालुओं की आवश्यकताओं को पूरा करेगी, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर को भी संरक्षित रखेगी। गोवा सरकार ने कहा है कि भारत के समग्र विकास के साथ-साथ परंपराओं का संरक्षण भी आवश्यक है। इसी क्रम में गोवा राम निवास के निर्माण कार्य को जल्द शुरू करने की तैयारी है। जिससे अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को एक पवित्र, शांतिपूर्ण और सुविधाजनक स्थान मिल सके। इस परियोजना को उच्च गुणवत्ता वाली आधुनिक सुविधाओं के साथ विकसित किया जाएगा, जिससे यह श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बन सके।

# फर्जी डीपीआर अपलोड करने पर अफसर पर दर्ज होगी एफआईआर

**उप्र सचिव, नगरीय रोजगार व गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग/निदेशक सूडा ने दिए सीएलटीसी प्रयागराज अविनाश मिश्रा की आबद्धता समाप्त करने व एफआईआर कराने के निर्देश**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत ऑनलाइन पोर्टल पर सीएलटीसी प्रयागराज अविनाश मिश्रा द्वारा कूटरचित तरीके से फर्जी डीपीआर अपलोड करने पर सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग/निदेशक सूडा, डॉ. अनिल कुमार ने तत्काल प्रभाव से सीएलटीसी प्रयागराज की आबद्धता समाप्त करने व प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत ऑनलाइन मोड में ही समस्त कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जनपद प्रयागराज से प्राप्त होने वाले आवेदनों के सापेक्ष सीएलटीसी प्रयागराज श्री अविनाश मिश्रा द्वारा पोर्टल पर 1177 आवेदकों के डीपीआर अपलोड किए गए। जांच के उपरान्त यह पाया गया कि 1062 आवेदकों के डीपीआर कूटरचित तरीके से पोर्टल पर अपलोड किए गए थे। जांच में यह भी पाया गया कि श्री अविनाश मिश्रा द्वारा जिन प्रमाण पत्रों को पोर्टल पर अपलोड किया गया, उन्हें संबंधित तहसील द्वारा जारी नहीं किया गया था। विभागीय जांच में सीएलटीसी प्रयागराज के द्वारा किए कृत्य के सामने आने के बाद सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग/निदेशक सूडा ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत कार्यरत सीएलटीसी प्रयागराज अविनाश मिश्रा के विरुद्ध तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करते हुए उनकी आबद्धता समाप्त करने व एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश परियोजना अधिकारी, डूडा, जनपद प्रयागराज को दिए हैं।

### हत्यारे ऑटो ड्राइवर का भाई गिरफ्तार

**लखनऊ।** लखनऊ पुलिस ने रेप के बाद महिला की हत्या मामले में आरोपी के भाई को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आलमबाग से लेकर मलिहाबाद तक सीसीटीवी खंगाले और ऑटो को सर्च किया। इसी बीच फरार आरोपी का भाई पकड़ा गया। पुलिस ने फरार ऑटो ड्राइवर पर एक लाख रुपए का इनाम रखा है। पुलिस के मुताबिक, मुख्य आरोपी की पहचान दुबग्गा के हिस्ट्रीशीटर अजय कुमार के तौर पर हुई है। अजय और दिनेश दोनों भाई हैं। दोनों का पहले से ही आपराधिक रिकॉर्ड है। अजय पर 23, जबकि दिनेश पर 9 मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी ने जब घटना को अंजाम दिया, उस समय ऑटो पर नंबर प्लेट नहीं थी। आरोपियों ने ऑटो की पहचान छिपाने और बचाव के लिए नंबर प्लेट को दोबारा लगा दिया था। ऑटो ड्राइवर के भाई दिनेश ने पुलिस को बताया अजय ने मंगलवार रात आलमबाग बस अड्डे से महिला को किडनैप किया था। मैं दुबग्गा में था। मुझे फोन किया और वहां से साथ में लिया। हम दोनों महिला को मलिहाबाद के भदवाना इलाके में ले गए।

# लखनऊ में कांग्रेस के तीन अध्यक्ष, पीडीए फार्मूले पर फोकस, पुराने चेहरों पर भरोसा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** यूपी में 2027 विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस ने जिला और महानगर अध्यक्षों के नामों का ऐलान कर दिया है। राजधानी लखनऊ में रुद्रदमन सिंह को ग्रामीण अध्यक्ष, अमित श्रीवास्तव त्यागी को तीसरी बार महानगर अध्यक्ष और डॉ. शहजाद आलम को लगातार दूसरी बार अध्यक्ष बनाया गया है। इस बार पार्टी ने पीडीए (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) और पिछड़ा-दलित-आगड़ा समीकरण को ध्यान में रखते हुए संगठन तैयार किया है।

राजधानी लखनऊ में तीन अध्यक्ष बनाए गए हैं। अमित श्रीवास्तव त्यागी को तीसरी बार महानगर अध्यक्ष, डॉ. शहजाद आलम को दूसरी बार शहर कांग्रेस अध्यक्ष और रुद्रदमन सिंह बबलू को ग्रामीण अध्यक्ष बनाया गया है। आप छोड़ फिर कांग्रेस में, तीसरी बार अध्यक्षपेशे से अधिवक्ता अमित श्रीवास्तव त्यागी 27 साल से कांग्रेस से जुड़े हैं। 2013 में पहली बार शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बने। 2020 में कांग्रेस छोड़कर आप में गए, 2022 में आप के टिकट पर लखनऊ उत्तर से चुनाव लड़ा, लेकिन हार गए। फरवरी 2023 में कांग्रेस में वापसी की और अब तीसरी बार महानगर अध्यक्ष बने हैं। गोरखपुर मूल के डॉ. शहजाद आलम ने 2015 से 2022 तक शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष के रूप में काम किया।

अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश संयोजक भी रह चुके हैं। मार्च 2024 में कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए थे और अब फिर से शहर कांग्रेस अध्यक्ष बने हैं। कांग्रेस ने गहरू निवासी रुद्रदमन सिंह बबलू को ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी पत्नी तीन बार जिला पंचायत सदस्य रह चुकी हैं। 2012, 2017 और 2022 के विधानसभा चुनाव लड़े, लेकिन जीत नहीं मिली।

पहली बार 41,333 वोट, दूसरी बार 20,587 और तीसरी बार 19,665 वोट हासिल किए थे। 5 दिसंबर 2024 को कांग्रेस ने प्रदेश की सभी कमेटियां भंग कर दी थीं। अब अजय राय पुराने नेताओं को फिर से सक्रिय कर रहे हैं। पीडीए (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) फार्मूले पर फोकस करते हुए नए अध्यक्षों को नियुक्त किया गया है। जल्द ही राहुल गांधी सभी जिला और शहर अध्यक्षों से मुलाकात करेंगे और 2027 के चुनावी रणनीति पर चर्चा होगी। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने 75 जिलों में 133 पदाधिकारियों की नियुक्ति की, जिसमें 29 मुस्लिम, 21 ब्राह्मण और 8 ठाकुर नेताओं को जगह मिली है।

# प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी ने देखा रनिंग रूम

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** इन्टर रेलवे सेफ्टी ऑडिट निरीक्षण के अंतर्गत प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी, नॉर्थ सेंट्रल रेलवे जे.सी.एस. बोरा एवं अन्य अधिकारियों का गत दिवस पर अपने दो दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम के तहत उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल में आगमन हुआ।

इस कार्यक्रम के दूसरे दिन 21 मार्च 2025 को प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी ने अपने निरीक्षण का प्रारम्भ लखनऊ मण्डल के अन्य अधिकारियों के साथ लखनऊ स्थित लोको पॉयलेट/ट्रेन मैनेजर लाबी से किया। वहाँ पहुंचकर उन्होंने सभी व्यवस्थाओं को देखा और ए.आई. बेस स्मार्ट सिग्नल काल आउट सिस्टम सहित वहाँ की कार्यपद्धति की क्रमवार जानकारी प्राप्त की तथा अभिलेखों की जाँच की। इसके उपरांत उन्होंने रनिंग रूम में पहुंचकर वहाँ के रिकार्ड और कार्यप्रणाली को परखा तथा इसके बाद सेल्फ प्रोपेल्ड एक्सीडेंट रिलीफ मेडिकल वैन का निरीक्षण किया। इसके पश्चात ऑडिट टीम ने कैरिज एण्ड वैगन डिपो में पहुंचकर विभिन्न कार्यशालाओं एवं इनकी कार्य पद्धति का निरीक्षण किया और इनकी जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के अगले सत्र में प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी का आगमन हजरतगंज स्थित मंडलीय कार्यालय में हुआ। वहाँ उन्होंने सभागार में आयोजित की जाने वाली वाली समीक्षा बैठक में भाग लिया। इस बैठक में उन्होंने मण्डल रेल प्रबंधक एस.एम. शर्मा एवं अन्य अधिकारियों के साथ संरक्षा संबंधी अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार-विमर्श करते हुए इसकी समीक्षा की तथा संरक्षा संबंधी नई नीतियों एवं कार्यप्रणालियों को अमल में लाने की संभावनाओं पर गहन मंथन किया गया।

**योजना** | **सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रमों में स्थानीय जन प्रतिनिधियों की होगी सहभागिता : जयवीर**

# सरकार की उपलब्धियां जनता तक पहुंचाएगा पर्यटन विभाग

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सभी जिलों में 25, 26 एवं 27 मार्च को पर्यटन विभाग की ओर से प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जिलों में कई अन्य कार्यक्रम होंगे। तीनों दिन विभाग की उपलब्धियों का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

महानिदेशक पर्यटन की ओर से क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारियों को पत्र जारी किया गया है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 25 मार्च को प्रदर्शनी पंडाल का निर्माण करते हुए जनपद के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया जाएगा। पर्यटन विभाग द्वारा तैयार की गई टीवीसी फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। विभाग द्वारा पर्यटन विभाग की उपलब्धियों एवं पर्यटन गंतव्यों पर आधारित साहित्य का वितरण किया जाएगा। युवा पर्यटन क्लब के विद्यार्थियों को आमंत्रित कर पर्यटन पर आधारित प्रतियोगिताएं जैसे-वाद-विवाद प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, लेख प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता का आयोजन एवं जनपद के पर्यटन गंतव्यों पर आधारित फोटोग्राफी एवं रील्स निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ रील निर्माण एवं फोटोग्राफी करने वाले छात्र को सम्मानित किया जाएगा। संस्कृति विभाग के सहयोग से क्षेत्रीय संगीत से संबंधित कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सेवा, सूशासन एवं सुरक्षा के नीति पर चलते हुए प्रदेश सरकार योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में 25 मार्च को 08 वर्ष पूरा कर रही है इसके उपलक्ष्य में 25, 26 एवं 27 मार्च को पूरे प्रदेश में सरकार की उपलब्धियों को आम जन्ता तक पहूचाने का निर्णय लिया गया है। 26 मार्च को प्रदर्शनी पंडाल में लगी स्क्रीन के माध्यम से जनपद के महत्वपूर्ण मेले-महोत्सव, पौराणिक पर्यटन स्थलों इत्यादि का प्रचार-प्रसार किया जायेगा। जनपद की महत्वपूर्ण योजनाओं का प्रदर्शन व पर्यटन साहित्य का वितरण किया जाएगा। प्रत्येक जनपद में पर्यटन नीति-2022 के अंतर्गत पर्यटन इकाइयों को अनुमन्य होने वाले लाभ तथा अन्य सुविधाओं को प्रदर्शनी के माध्यम से प्रचार-प्रसार कर सहभागिता बढ़ाई जाएगी। ढ़ाबे मालिकों, विवाह भवन के मालिकों आदि को पर्यटन विभाग की नीति के तहत अनुमन्य होने वाली सुविधाओं से अवगत कराया जाये। पर्यटन नीति के अंतर्गत होने वाले लाभों से अवगत कराते हुए जागरूक किये जाने का कार्य किया जाये। प्रदर्शनी के माध्यम से नई पर्यटन इकाइयों एवं लाभार्थियों का पंजीकरण का कार्य कराया जाये। क्षेत्र में सक्रियता के साथ-साथ महत्वपूर्ण कार्यों का सम्पादन करने वाले विद्वानों को आमंत्रित किया जाए। कार्यक्रम में आये लोगों के मध्य इनके विचारों से पर्यटन से होने वाले लाभ को आम जनमानस तक पहुंचाया जाए। संस्कृति विभाग के सहयोग से कवि सम्मेलन कवि गोष्ठी, नुक्कड़ नाटक आदि का भी आयोजन किया जाए। कार्यक्रम में जनपद के टूर-ट्रैवल ऑपरेटर, होटल मालिकों, टूर गाइड, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर इत्यादि को आमंत्रित किया जाए एवं जनपद के टूरिज्म पर आधारित संगोष्ठी आयोजित कर पर्यटन को आगे बढ़ाने पर चर्चा का आयोजन किया जाए। कार्यक्रम में आये टूर ऑपरेटर्स एवं होटल मालिकों द्वारा अपने कार्य क्षेत्र में अर्जित की गई उपलब्धियों को आम जनमानस तक पहुंचाया जाए और प्रोत्साहित किया जाए।

गालीबाज सीएमएस का वीडियो वायरल

# इमरजेंसी में तैनात डाक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ को दी भद्दी-भद्दी गलियां

▸ विवादित कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं सीएमएस प्रदीप अग्रवाल

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**





उत्तर प्रदेश सरकार बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार काम कर रही है मगर रायबरेली का जिला अस्पताल इस समय सुर्खियों में है जिसका मुख्य कारण है कि यहां के सीएमएस प्रदीप अग्रवाल जिनका विवादों से गहरा नाता है यह हम नहीं कह रहे हैं जब से इन्होंने रायबरेली जिला अस्पताल का कार्यभार संभाला है तब से अगर देख लिया जाए तो हमेशा मीडिया की सुर्खियों में ये रहते हैं। जिला अस्पताल में तैनात सीएमएस ने कमीशन ना देने पर इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर व अन्य स्टाफ से की गाली गलौज व दी जान से मारने की धमकी का वीडियो सोशल मीडिया में हुआ वायरल, इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर संतोष सिंह ने सीएमएस के खिलाफ जान से मारने की धमकी व गाली गलौज के मामले में शहर कोतवाली में दी तहरीर मामला जिला अस्पताल के इमरजेंसी का है जहां देर रात लगभग 10 बजे डॉ संतोष सिंह अपनी इमरजेंसी ड्यूटी में तैनात थे तभी सीएमएस डॉ प्रदीप अग्रवाल अपने सुरक्षा कर्मियों के साथ इमरजेंसी में पहुंच गए और वहां मौजूद डॉक्टर संतोष सिंह व फार्मासिस्ट आनंद देव सिंह वार्ड बॉय शुभम चौकीदार राजकुमार और स्वीपर कुलदीप के साथ गाली गलौज करने लगे इतने से ही जब सीएमएस प्रदीप अग्रवाल का मन नहीं भरा तो उन्होंने कहा कि मैं तुम सबकी नौकरी ले लूंगा जिससे पूरे जिला अस्पताल में हड़कंप मच गया सीएमएस द्वारा की गई अभद्रता का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया है पूरी रात जिला अस्पताल इमरजेंसी में अफरा तफरी का माहौल रहा वहीं डॉक्टर संतोष सिंह ने सीएमएस प्रदीप अग्रवाल को नामजद करते हुए शहर कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

### क्या कहा शहर कोतवाल राजेश सिंह ने...

**इमरजेंसी** में तनाव डॉक्टर और पैरामेडिकल के द्वारा सदर कोतवाली में शिकायती पत्र दिया गया और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से अपने जान माल की मदद मांगी है जिस संबंध में जब सदर कोतवाल राजेश सिंह से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि तहकीकात की जा रही है जो भी निष्कर्ष निकल कर आएगा उसी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### अपने घर से पर्ची लेकर आते हैं सीएमएसः डॉ. संतोष



जिला अस्पताल की इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर संतोष सिंह का कहना है कि सीएमएस प्रदीप अग्रवाल के द्वारा हम लोगों का मानसिक शोषण किया जा रहा है यही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि सीएमएस अपने घर से बाहरी दवाओं की पर्ची लेकर आते हैं और उसका आरोप हम लोगों के ऊपर ठोकते हैं कि हम लोगों के द्वारा बाहर से दवाएं लिखी जा रही हैं आज भी उनके द्वारा ऐसा ही किया गया इमरजेंसी में जब पैरामेडिकल के साथ हम लोग अपना काम कर रहे थे। वो आए और पैरामेडिकल स्टॉप के साथ डॉक्टरों को गाली देना शुरू कर दिया। इस तरह से हम लोग कही न कही से प्रताड़ित हो रहे है उनके इस व्यवहार से हम लोग अपना काम कैसे करे, अगर इलाज के दौरान कुछ हो गया तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा।

### भाईचारे व प्रेम का प्रतीक है पवित्र माह रमजानः हाजी जिया उल हक़



**महराजगंज रायबरेली।** मुस्लिमों में पवित्र माह जिसे रमज़ान कहा जाता है। महराजगंज कोटेदार एवं हाजी जिया उल हक़ ने बताया कि यह पवित्र माह हम सभी मुसलमानों के लिए बहुत ही महत्व रखता है। इस माह हम सभी रोजा रखते हैं। और दान करते हैं। और कहा कि रमजान पवित्र माह में हम सभी राष्ट्र में अमन चैन कायम रहे इसके लिए दुआ मांगते हैं। इस माह जितना हो सके गरीबों एवं असहाय लोगों की मदद करनी चाहिए ऊपर वाले का यही पैगाम है। और इसी पैगाम को हम सभी मानते हैं। आने वाले समय में ईद पड़ने वाली है आप भी मनाईए और अपनों को भी मनवाइए। जिससे किसी को ना लगे की ईद में उसके पास कोई कमी रह गई। क्योंकि यह पवित्र माह हमें यही सिखाता है। महराजगंज नगर में हमेशा ईद और होली भाईचारे की तरह मनाई जाती रही है। अबकी बार भी हम सभी मिलकर ईद मनाएंगे और राष्ट्र की तरक्की हो इसके लिए दुआ भी मांगेंगे। खुशहाली का यह माह हमें भाईचारा एवं एक दूसरे की मदद करने की सीख देता है। और आपसी भाईचारा इसी तरह कायम होता है।

## व्यापार मंडल का होली मिलनः सांस्कृतिक कार्यक्रम व सम्मान समारोह हुआ संपन्न

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने कस्बे के चिकमंडी मुहल्ला स्थित शांती उत्सव लान में होली मिलन, सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन से हुआ। आक्रेस्ट्रा कलाकारों द्वारा भगवान गणेश वंदना के साथ ही भक्ति मय व होली गीतों पर नृत्य किया गया जिस पर सभी थिरकते नजर आए। इस मौके पर जमकर अबीर गुलाला उड़ाया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों के रूप में मौजूद समाजसेवी सुधा द्विवेदी, व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत सिंह बग्गा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामबाबू गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता, दीप प्रकाश शुक्ला, शैलेंद्र अग्निहोत्री, संतोष सिंह आदि समेत लगभग डेढ़ सैकड़ा लोगो को व्यापार मंडल ने सम्मानित किया। फगुहारों की टीम ने नगाड़े व ढ़ोलक की थाप पर फाग प्रस्तुत की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कहा कि व्यापारियों की एकजुटता ही उन्हें मजबूत करती है। व्यापारियों की समस्याओं को लेकर व्यापार मंडल सदैव मजबूती से खड़ा रहा है।जरूरत पड़ने पर व्यापार मंडल ने स्थानीय से लेकर लखनऊ तक संघर्ष किया है कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## डीएम ने निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को किया सम्मानित

▸ निपुण लक्ष्य कराने वाले 800 में से 624 स्कूल परीक्षा में पास, विद्यालयों को मिला सम्मान

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत क्लॉस 1 और 2 के बच्चों को पढ़ाई में निपुण बनाने वाले प्रधानाध्यापक और शिक्षकों का सम्मान जिला बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से निपुण भारत मिशन के तहत एक विशेष कार्यक्रम गोपाल सरस्वती इंटर कॉलेज सभागार रतापुर में निपुण सम्मान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय रहे।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि निपुण भारत अभियान के तहत जनपद के 800 विद्यालयों में दो चरणों में निपुण टेस्ट डायट में अध्ययनरत प्रशिक्षुओं ने किया था। पहले चरण में दिसंबर 2024 और दूसरे चरण में फरवरी 2025 के दौरान डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा चिह्नित निपुण विद्यालयों में टेस्ट बच्चों का किया गया था। इस अभियान के तहत जिले के कुल 800 विद्यालयों में से 624 विद्यालयों ने निपुण परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परिषदीय विद्यालयों के कक्षा एक व दो के बच्चों का फरवरी में निपुण आंकलन किया गया। इसमें बच्चों की भाषाई दक्षता, जोड़कर पढ़ने व अंकों की पहचान का मूल्यांकन हुआ था। इस उपलब्धि में स्कूल के अध्यापकों, एसआरपी और छात्रों की मेहनत का योगदान रहा। जिले में उत्कर्ष करने वाले विकासखंड बछरावां, ऊंचाहार और राही के खंड शिक्षा अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया।

प्राथमिक विद्यालय जमुनिया राही के बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। राही ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय राजापुर की क्लॉस दो की छात्रा जाह्नवी और जमुनिया के सोनू का निपुण टेस्ट जिलाधिकारी के सामने किया गया। भविष्य में और बेहतर परिणामों के लिए एक विशेष प्रेजेंटेशन भी दी गई। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा प्रधानाध्यापकों को विभाग की तरफ से प्रमाणपत्र भी उपलब्ध कराया गया।

## खबरें एक नजर में

### दरवाजा तोड़कर विद्यालय से लैपटॉप उठा ले चोर

**ऊंचाहार/रायबरेली।** प्राईवेट विद्यालय में दरवाजा तोड़कर घूसे दुस्साहसी चोरों ने कार्यालय से लैपटॉप पार कर दिया। मामले में विद्यालय के प्रबन्धक ने कोतवाली में शिकायत की है। कोतवाली क्षेत्र के पूरे छीटू सिंह मजरे सवैया हसन गाँव के पास लखनऊ प्रयागराज मार्ग के किनारे स्थित बी बी पी पब्लिक स्कूल में गुरुवार की रात अज्ञात चोरों विद्यालय के दरवाजे में जड़ा ताला तोड़कर कर अन्दर घुस गए। कार्यालय में रखा लैपटॉप उठा के गए। शुक्रवार की सुबह जब विद्यालय के कर्मचारी विद्यालय पहुंचे तो दरवाजा खुला खिड़कियां टूटी हुई देखा तो घटना की जानकारी हुई विद्यालय स्टाफ में हड़कंप मच गया। तत्काल इसकी सूचना विद्यालय के प्रबन्धक अजीत कुमार को दी गई। सूचना पर पहुंचे प्रबंधक ने कार्यालय में सामान की जांच की तो लैपटॉप गायब था। मामले में प्रबंधक अजीत कुमार ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि जांच कराई जा रही है। जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।

### सादुल्लानगर में रोज़ा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** सादुल्लानगर स्थित मुबारकमोड़ चौराहे पर रमज़ान के पवित्र महीने के अवसर पर में एक भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों रोज़ेदारों ने शिरकत की और सामूहिक रूप से रोज़ा इफ्तार किया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. फारूक के द्वारा किया गया। जिसका उद्देश्य समुदाय में भाईचारा और सौहार्द्र को बढ़ावा देना था। इफ्तार में खजूर, फल, शर्बत, और विभिन्न प्रकार के पारंपरिक व्यंजन परोसे गए। इस मौके पर खालिद ने कहा, रमज़ान का महीना हमें धैर्य, संयम और एकता का संदेश देता है। इस तरह के आयोजन से समाज में प्रेम और सद्भावना बढ़ती है। इस अवसर पर दुआ कराई और रोज़ेदारों को रमज़ान के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने एकजुटता और शांति का संदेश दिया और सामूहिक इबादत की। आयोजन के अंत में डॉ. फारूक ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि समाज में सौहार्द्र और भाईचारा बना रहे। इस अवसर पर डॉ. सिराज रंगरेज़, डॉ. परवेज, डॉ. एजाज खान, दानिश रंगरेज, हाफिज जी पीसीओ, अब्दुल रहमान रंगरेज आदि सैकड़ो लोग मौजूद हैं।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास व 11,000 रुपए का अर्थदण्ड

**उतरौला (बलरामपुर)।** एसपी बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में निरन्तर प्रभावी पैरवी कर दोषी अभियुक्तों को सजा कराये जाने के अभियान के क्रम में दिनांक 03.05.2022 को वादी की तहरीरी सूचना के आधार पर कि विपक्षी मोहम्मद वारिस उर्फ लालू पुत्र मोहम्मद सलीम निवासी बनकटवा थाना कोतवाली उतरौला (गैंड़ास बुजुर्ग) जनपद बलरामपुर द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री को धमकी देते हुए उसके साथ दुष्कर्म की घटना कारित करने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली उतरौला (गैंड़ास बुजुर्ग) जनपद बलरामपुर पर मु.अ.सं. 128/22 धारा 376(3), 506, 201 भादवि व 3/4(2) पॉक्सो एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियोग की विवेचना निरीक्षक अनिल सिंह द्वारा की गयी व आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। न्यायालय में अभियोग की पैरवी मॉनीटरिंग सेल के नोडल प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार के नेतृत्व में अभियोजन अधिकारी पवन कुमार वर्मा व प्रभारी मॉनीटरिंग सेल ओम प्रकाश चौहान एवं थाना गैंड़ास बुजुर्ग पुलिस के द्वारा प्रभावी पैरवी के परिणाम स्वरूप न्यायालय एएसजे/स्पे. जज पाक्सो कोर्ट बलरामपुर द्वारा उपरोक्त धारा के अपराध में अभियुक्त मोहम्मद वारिस उर्फ लालू पुत्र मोहम्मद सलीम उपरोक्त को 20 वर्ष का सश्रम कारावास व 11,000 रु0 की सजा सुनाई गयी।



### मुख्यमंत्री योगी ने किए मां पाटेश्वरी के दर्शन

▸ गो माता को खिलाया गुड़, मंदिर की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**बलरामपुर।** गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर गुरुवार को बलरामपुर पहुंचे थे। यहां उन्होंने चैत्र नवरात्र मेले की तैयारियों का जायजा लिया। इसके बाद गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने शुक्रवार प्रातः तुलसीपुर में देवी शक्तिपीठ मां पाटेश्वरी मंदिर में दर्शन, पूजन-अर्चन किए। मुख्यमंत्री ने मां से सुखी, स्वस्थ व प्रसन्नचित्त उत्तर प्रदेश की कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री गोशाला गए, जहां उन्होंने गायों को गुड़ खिलाया। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान मंदिर के महंत मिथिलेश नाथ योगी मौजूद रहे।

## लेखपाल संघ का चुनाव निर्विरोध हुआ संपन्न

▸ अवनीश प्रताप सिंह अध्यक्ष व राजीव मिश्रा बने मंत्री

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ शाखा जनपद रायबरेली के निर्देश पर महराजगंज तहसील के लेखपाल संघ का चुनाव हुआ संपन्न 21 3.25 को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ उप शाखा तहसील महराजगंज की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें संपूर्ण निर्वाचन निर्विरोध संपन्न हुआ अवनीश प्रताप सिंह निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए तो राजीव मिश्रा मंत्री चुने गए शैलेंद्र कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुने गए विपिन कुमार मौर्य कनिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील कुमार शर्मा उप मंत्री अमित कुमार शुक्ला कोषाध्यक्ष राजेश कुमार कुशवाहा लेखा परीक्षक निर्विरोध चुने गए। वहीं लेखपाल संघ की नई कार्यकारिणी को लोगों ने हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। तथा अध्यक्ष अवनीश प्रताप सिंह ने कहा कि लेखपाल संघ महराजगंज तहसील पर निर्विरोध चुने जाने पर मैं सभी लेखपालों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं और हमारी कोशिश यही रहेगी कि हमेशा लेखपाल संघ को आगे बढ़ाया जाएगा और हर तरह से लेखपालों का साथ दिया जाएगा। इस मौके पर दर्शिता श्रीवास्तव, प्रीति प्रिया सिंह, अवनींद्र, रणविजय सिंह, प्रदीप सिंह, संगीता यादव, विवेक वर्मा, जिला अध्यक्ष रायबरेली अभिषेक पटेल विपिन मौर्य संतोष पटेल मौजूद रहे।

## सीएमओ ने 100 दिवसीय विशेष टीबी अभियान की समीक्षा किया

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में 100 दिवसीय विशेष टीबी अभियान की समीक्षा कर सभी ब्लॉक स्तरीय टीबी कार्यक्रम के कर्मियों को अभियान को सफल बनाने हेतु आवश्यक निर्देश दिया। सीएमओ ने सभी को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक संख्या में ग्राम प्रधानों , प्रभावशाली लोगों, सरकारी अधिकारियों कर्मचारियों को निः क्षय मित्र बनाया जाए। निःक्षय शिविर का आयोजन कर सभी लक्षित समूहों का स्क्रीनिंग किया जाय, संभावित टीबी रोगी का जांच एवं उपचार सुनिश्चित किया जाए।

इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अजय कुमार शुक्ला, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, डीपीसी अविनाश सिंह, सूर्यमणि त्रिपाठी, गणेश चौरसिया सहित सभी ब्लॉकों के एसटीएलएस एवं एसटीएस उपस्थित रहे।

## शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव का शुभारंभ भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष हरिवंश सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**




शुक्रवार को कम्पोजिट विद्यालय-उदयपुर, शिक्षा क्षेत्र -रेहरा बाजार में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि/भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष हरिवंश सिंह एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में सरस्वती बंदना के उपरान्त बच्चों द्वारा अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसका उपस्थिति लोगों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक झांकियां, नृत्य, नाटक, एवं गीत को देखकर खूब आनंद उठाया गया और बच्चों के कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा किया गया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि/पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष और खण्ड शिक्षा अधिकारी महोदय द्वारा अपने संबोधन में विभागीय व्यवस्थाओं के विषय में जानकारी देते हुए विद्यालय परिवार की प्रशंसा करते हुए अपने स्तर से हर संभव सहयोग करने की बात कही तथा उपरोक्त के द्वारा बच्चों की प्रस्तुतियों से प्रसन्न होकर नकद पुरस्कार भी प्रदान किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सीताराम वर्मा जी सहित समिति के सदस्यगण, अभिभावक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त स्टाफ हरिश्चंद्र वर्मा,अनिल कुमार पाण्डेय,संतोष कुमार श्रीवास्तव, गौरव सिंह, विजय कुमार सिंह, सरिता पाल, मीनू सिंह का विशेष योगदान रहा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ बलरामपुर के जिलामंत्री अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा दिये जाने वाले सभी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान किया तथा शारदा कार्यक्रम, संचारी रोग और उसके बचाव के विषय में भी विस्तार से जानकारी दी तथा आये हुए अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए विद्यालय परिवार के सहयोग की सराहना की।

## कलश यात्रा में उमड़ा जन सैलाब, जगह-जगह हुआ स्वागत

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



उतरौला के श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे पर आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह के पहले दिन कलश शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे से पूरे नगर का भ्रमण करते हुए दुखहरण नाथ मंदिर पोखरे से जल भरकर वापस हुई। शोभायात्रा की अगुवाई महंथ मिथलेश नाथ योगी व कथावाचक संत सर्वेश महराज ने किया। महंथ मिथलेश नाथ योगी ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से सनातन धर्म संस्कृति को बल मिलता है। साथ ही युवाओं को अपने धर्म के पौराणिक महत्व व जीवन में धर्म की उपयोगिता का पता चलता है। आयोजक राधेश्याम वर्मा ने बताया कि प्रथम दिवस कलश यात्रा व भागवत महात्म्य शनिवार को कुन्ती स्तुति परीक्षित जन्म, कपिल उपदेश । रविवार को श्री ध्रुव चरित्र, जड़ भरत चरित्र, प्रहलाद चरित्र का प्रवचन किया जायेगा। सोमवार को वामन अवतार एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव। मंगलवार माखन चोरी लीला. गोवर्धन पूजा एवं छप्पन भोग ।बुधवार महारासलीला, कंस वध । गुरुवार को श्री सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष श्रीकृष्ण-रुक्मिणी मंगल-विवाह का वर्णन कथावाचक संत सर्वेश जी महाराज द्वारा किया जायेगा । 28 मार्च शुक्रवार को पूर्णाहुति विशाल भण्डारा आयोजित किया गया है। इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप गुप्त, गैंड़ास बुजुर्ग ब्लाक प्रमुख राकेश तिवारी, गन्ना चेयरमैन तोताराम वर्मा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष संदीप वर्मा, शान्ति वर्मा, डाक्टर घनश्याम वर्मा, डाक्टर ज्योति वर्मा, रविन्द्र गुप्त, दीपक चौधरी, महेश वर्मा, मनोज सिंह, दीपक कुमार, हर्षित जयसवाल समेत भारी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं।

## कथा के चौथे दिन राम वनवास और सूर्पनखा प्रसंग का वर्णन किया गया

**साधूनगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**





धुसवा मार्ग पर आयोजित पांच दिवसीय संगीतमय कथा के चौथे दिन कथा व्यास बाल विदुषी पायल वैष्णव उज्जैन धाम ने राम वनवास और सूर्पनखा प्रसंग का वर्णन किया गया। जिसने श्रद्धालुओं को भावुक कर दिया। बाल विदुषी पायल वैष्णव ने भगवान राम के 14 वर्षों के वनवास, माता सीता और लक्ष्मण के साथ उनके संघर्ष, और सूर्पनखा के साथ हुई घटना का विस्तार से वर्णन किया। इस दौरान, राम के वनगमन, निषादराज से उनकी मित्रता, और भरत मिलाप जैसे प्रसंगों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

सूर्पनखा प्रसंग में, लंका के असुर राजा रावण की बहन सूर्पनखा पंचवटी में भगवान राम पर मोहित हो गई और विवाह प्रस्ताव रखा। राम ने विनम्रता से इंकार किया और लक्ष्मण से पूछने का सुझाव दिया। लक्ष्मण ने भी प्रस्ताव अस्वीकार किया, जिससे क्रोधित होकर सूर्पनखा ने सीता पर आक्रमण किया। लक्ष्मण ने उसकी नाक काट दी, जिससे पास मे रह रहे बाहु सुबाहु राक्षसों और राम-लक्ष्मण के बीच संघर्ष हुआ।

सूर्पणनखा पूरी सेना का बध हो जाने पर रावण दरबार जाकर पूरी घटना को अवगत कराया। रावण अफसोस मे पड़ गया और उसने अपने दिव्य ज्ञान से राम व लक्ष्मण व सीता आगमन जानकारी मिला ।

इन प्रसंगों ने श्रोताओं को भगवान राम के आदर्शों, त्याग और मर्यादा की गहराई से परिचित कराया, जिससे वे भावविभोर हो उठे। इस अवसर पर अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता, अलका रानी श्रीवास्तव, शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, भाजपा मंडल अध्यक्ष विष्णु गुप्ता, ग्राम प्रधान अवधेश उपाध्याय, राम गुलाब गुप्ता,अनिल कुमार गुप्ता, रमेश गुप्ता, हनुमान शुक्ल, रमाकांत गुप्ता, कमलेश गुप्ता, अशोक कुमार, नंदू गुप्ता, बजरंगी गुप्ता,पूजा गुप्ता, शालनी, ज्योति, विनीता, कनक, प्रीति गुप्ता व राहुल वर्मा ने कथा का रसपान किया ।

# एफ-35 जेट ने इजरायल को बनाया अपराजेय, टेंशन में मुस्लिम राष्ट्र

इजरायल के एफ-35 लड़ाकू विमानों ने मध्य पूर्व के सैन्य समीकरण को पूरी तरह से बदल दिया है। वर्तमान में इजरायल के किसी भी दुश्मन के पास ऐसी क्षमता नहीं है कि वो एफ-35 जैसे शक्तिशाली लड़ाकू विमान का मुकाबला कर सके। इजरायल ने एफ-35 में अपनी जरूरतों के हिसाब से बदलाव भी किए हैं। इजरायल एक छोटा सा यहूदी देश है। यह चारों ओर से मुस्लिम देशों से घिरा हुआ है, जो इजराइल के वजूद में आने के वक्त से उसके जानी दुश्मन बने हुए हैं। इसके बावजूद इस छोटे से देश ने न सिर्फ इन मुस्लिम देशों की संयुक्त सेनाओं को हराया है, बल्कि इलाके में अपनी बादशाहत भी कायम कर रखी है। आज पूरे मध्य पूर्व में कोई भी ऐसा देश नहीं है, जो सैन्य शक्ति के मामले में इजरायल को टक्कर दे सके। इसमें बहुत बड़ा योगदान अमेरिकी एफ-35 लड़ाकू विमानों का भी है। इजरायल के पास अभी 42 अदद एफ-35 लड़ाकू विमान हैं। यही वो विमान हैं, जिनकी मदद से इजरायल मध्य पूर्व के दुश्मन देशों पर हवाई हमले करता रहता है, जिसमें कुछ सौ किमी दूर स्थित सीरिया से लेकर हजार किमी से ज्यादा दूर वाला यमन तक शामिल है।

आधुनिक तकनीक की हर खूबियों से लैस इसकी मारक क्षमता पर इजराइल अपराजेय साबित होता आ रहा है, जिस वजह से इजराइल 75 अदद और एफ-35 लड़ाकू विमान खरीदने की तैयारी में हैं। इजरायल की योजना अपने हवाई बेड़े को और मजबूत करना है। इसके लिए इजरायल ने अमेरिका के साथ गवर्मेंट टू गवर्मेंट डील भी की है। एफ-35 की अत्याधुनिक तकनीक कई तरह के ऑपरेशनल एडवांटेज प्रदान करती है जो इजरायल को कई मोर्चों पर गोपनीय मिशन संचालित करने, दुश्मन के हमलों से बचाव के लिए तैयार रहने और उभरते खतरों से निपटने के लिए खुद को अनुकूल बनाने की अनुमति देता है। 75 विमानों के साथ, इज़रायल अपनी रक्षात्मक स्थिति से समझौता किए बिना ईरान, यमन और लेबनान जैसे कई मोर्चों से खतरों के खिलाफ एक साथ स्क्वाड्रन तैनात कर सकता है। एक साथ कई मोर्चों पर लड़ने की यह क्षमता महत्वपूर्ण है क्योंकि इजरायल को कई विरोधियों का सामना एक साथ भी करना पड़ता है, जिन्हें अक्सर ईरान का समर्थनक प्राप्त होता है। ऐसे में इजरायल के दुश्मनों के पास भी कई शक्तिशाली हथियार होते हैं, जो साधारण लड़ाकू विमानों को निशाना बना सकते हैं। इसका उदाहरण अमेरिका का एमक्यू-9 रीपर ड्रोन है, जिसे दर्जनों बार यमन के हूती विद्रोहियों ने मार गिराया है, किंतु एफ-35 लड़ाकू विमान अत्याधुनिक सेंसर से लैस हैं, जो इसके रडार, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल टारगेटिंग सिस्टम और इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट से डेटा को एक सिंगल, वास्तविक समय के युद्धक्षेत्र के हालात से खुद को इंटीग्रेट करता है। 75 जेट विमानों के एक साथ नेटवर्क के साथ, इजरायल अभूतपूर्व स्थितिजन्य जागरूकता, समन्वयित हमले, टोही और लंबी दूरी पर दुश्मन के एयर डिफेंस को नष्ट करने के साथ बड़े पैमाने पर हमले कर सकता है। यह शक्ति दुश्मन के डिफेंस को मात देने की इजरायल की क्षमता को बढ़ाती है। इतना ही नहीं, इससे इजरायल उन देशों की मिसाइल साइटों से लेकर कमांड सेंटर तक सबकुछ गाइडेड हथियारों से मार गिरा सकता है।

# ट्रंप के टैरिफ से आया दुनिया में नया आर्थिक भूचाल

*ऋतुपर्ण दवे*

अमेरिका में इस बार चुनाव के दौरान ही ट्रंप के आक्रामक तेवर बता रहे थे कि वो न केवल कुछ नया करेंगे बल्कि सभी राष्ट्रपतियों से बड़ी लकीर खीचेंगे। 13 जुलाई 2024 को उन्हें मारने की कोशिश के दौरान चली गोली ने पूरे चुनावी रुख को बदल डाला। मौत और ट्रंप के बीच का सेकेंड्स से भी कम का ये फासला ही कहीं उनके सख्त तेवरों की वजह तो नहीं? उनके मुंह से तब निकले- फाइट, फाइट, फाइट के शब्द अब हकीकत में दुनिया के लिए चुनौती बन रहे हैं। ट्रंप कड़े और बड़े फैसले लेकर सबसे 'फाइट' कर रहे हैं। क्या उनका दूसरा कार्यकाल अमेरिका और दुनिया में नया इतिहास रचेगा? सबसे ज्यादा परेशानी और हैरानी उनकी हालिया टैरिफ घोषणाओं से है जो दुनिया में चिंता का सबब है।

आखिर टैरिफ है क्या, जिससे ट्रंप की घोषणा के बाद बड़ा वैश्विक भूचाल आया हुआ है। यह दूसरे देशों से आयातित वस्तुओं पर लगाया जाने वाला टैक्स है। जिसका भुगतान आयातक करते हैं। किसी वस्तु पर 10 फीसदी टैरिफ का मतलब भारत से अमेरिका पहुंची 5 डॉलर की उस वस्तु पर 0.50 डॉलर का अतिरिक्त टैक्स है। इससे आयातित वस्तु का दाम बढ़ता है और खरीददार सस्ते घरेलू उत्पाद ढूंढ़ने लगते हैं। नतीजतन आयात करने वाले देश को अपनी अर्थव्यवस्था बढ़ाने में सहयोग मिलता है लेकिन ट्रंप का नजरिया अलग है। वो इसे अमेरिकी अर्थव्यवस्था बढ़ाने, नौकरियों की रक्षा करने और कर राजस्व बढ़ाने के तौर पर देखते हैं।

दुनिया के अमीरों में शुमार दिग्गज निवेशक वॉरेन बफेट जिनके बारे में कहा जाता है कि वो दुनिया के शेयर बाजार की चाल को नियंत्रित करते हैं, वे भी ट्रंप के इस कदम से नाखुश हैं। बफेट टैरिफ नीतियों को युद्ध जैसा कदम मानते हैं। महंगाई और उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ने की आशंकाएं जताते हैं। इससे दीर्घकालीन अवधि में आर्थिक प्रभावों पर दुष्प्रभाव तथा आम उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ने की आशंका जताते हैं।

बफेट की टिप्पणी इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि वह ट्रंप के चीन, कनाडा और मैक्सिको पर टैरिफ बढ़ाने की घोषणा के बाद आई। इससे ग्लोबल ट्रेड वॉर और बढ़ा जो निवेशकों की गहरी चिंता का सबब है।

टैरिफ पर अमेरिका और चीन आमने-सामने हैं। चीन चेतावनी दे चुका है कि वो इससे निपटने के लिए तैयार है। चीन ने कह चुका है कि वह अमेरिकी दबाव का मुकाबला करेगा। चीनी वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ते ही दुनिया की दो दिग्गज अर्थव्यवस्थाओं के मध्य व्यापार युद्ध के आसार झलकने लगे हैं। चीनी विदेश मंत्री वांग का बयान कि यदि कोई देश केवल अपने हित आगे बढ़ाने लगे तो दुनिया में जंगल का कानून लागू हो सकता है। उन्होंने याद दिलाया कि अमेरिका को फेंटेनाइल महामारी से निपटने में बीजिंग का सहयोग नहीं भूलना चाहिए। क्या वाशिंगटन इस उदारता का बदला अकारण टैरिफ बढ़ा ले रहा है?

सच है कि चीन लंबे समय से विश्व का कारखाना बना हुआ है। 1970 के आखिर में जैसे ही चीन ने अपनी अर्थव्यवस्था दुनिया के लिए खोली तबसे सस्ते श्रम और बुनियादी ढांचे में सरकारी निवेश के चलते ऊंचाइयां छूता चला गया। शायद ट्रंप को यही चीनी सफलता चुभ रही हो। दुनिया की निगाहें ट्रंप के टैरिफ युद्ध खासकर चीन की मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री पर है कि उसे कितना नुकसान पहुंच सकता है।

दूसरी ओर ट्रंप इस बार अपने व्यापारी मित्रों, सहयोगियों और सलाहकारों से ज्यादा घिरे दिखते हैं। टैरिफ उनके इकोनॉमिक प्लान्स का हिस्सा है। इससे अमेरिकी मैन्युफैक्चरिंग और रोजगार बढ़ेंगे। गौरतलब है कि उनके खास मित्र एलेन मस्क भारत में संभावनाओं को खोज ही रहे थे कि ट्रंप की सत्ता वापसी हुई। माना कि मस्क की टेस्ला कार की कीमत एक करोड़ होगी उस पर भारत में उतना ही टैरिफ लगेगा जिससे यहां कीमत दो करोड़ हो जाएगी। यदि दबाव के चलते कहीं शून्य टैरिफ वाली स्थिति बनी तो वही कार एक करोड़ में भारत में मिलेगी। इससे भारतीय कार बाजार को जबरदस्त चुनौती तय है। यकीनन बात बहुत बिगड़ चुकी है।

भारत समझता है कि ट्रंप जब कनाडा, यूरोपीय देशों और चीन को नहीं बख्श रहे तो भारतीय हितों व सम्मान की रक्षा खुद करनी होगी। वहीं, ट्रंप ने अमेरिकी कांग्रेस के पहले संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए ऐतिहासिक भाषण दिया। इसमें भारत का नाम फिर उन देशों के साथ लिया जिन्होंने अपनी ऊंची शुल्क दर से नरम अमेरिकी नीतियों का फायदा उठाया। अमेरिका आगामी दो अप्रैल से इन देशों पर 'जैसे को तैसा' या 'आंख के बदले आंख' की तर्ज पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाएगा। जो देश जितना टैरिफ अमेरिकी कंपनियों पर लगाएगा, अमेरिका भी उतना ही अपने यहां लगाएगा। इससे भारतीय एक्सपोर्ट महंगा होगा। खाद्य पदार्थ, टेक्सटाइल्स, कपड़े, इलेक्ट्रिकल मशीनरी, जेम्स एंड ज्वेलरी, फार्मास्यूटिकल्स और ऑटोमोबाइल सामग्रियां अमेरिकी बाजार में महंगी होंगी। नतीजन भारतीय उत्पाद वहां अभी जैसे नहीं टिक पाएंगे। 1951 में अमेरिकी संविधान में 22वें संशोधन के बाद कोई भी व्यक्ति दो बार राष्ट्रपति रह सकता है। ट्रंप आखिरी टर्म में वो कर गुजरना चाहते हैं जो इतिहास बने। वहीं, उनके व्यापारी मित्र अपने व्यापारिक हितों में लिपटे दिखते हैं। ट्रंप की मंशा को समझना आसान भी नहीं क्योंकि वो खुद नहीं जानते कि अगले पल क्या कर गुजरेंगे?

जिद्दी ट्रंप किसी मौजूदा अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को नहीं मानते। न यही बताते कि पुराने अमेरिकी प्रशासनों ने ऐसे देशों को क्यों ऊंची दर से शुल्क लगाने दिया। हाल ही में व्हाइट हाउस में ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच प्रेस कांफ्रेन्स के दौरान कैमरों पर जो अप्रिय विवाद दिखा, जिसकी हर तरफ निंदा हुई। शांति की कीमत के बदले ट्रंप की यूक्रेनी खनिज भंडारों पर कब्जे की मांग यकीनन निंदनीय है। ट्रंप की नीयत ही बदनीयत लगती है। कहीं वो दुनिया को नए ट्रेड वार में धकेल कर उससे भी कमाने का रास्ता तो नहीं खोज रहे?

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*



**ट्रंप ने अमेरिकी कांग्रेस के पहले संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए ऐतिहासिक भाषण दिया। इसमें भारत का नाम फिर उन देशों के साथ लिया जिन्होंने अपनी ऊंची शुल्क दर से नरम अमेरिकी नीतियों का फायदा उठाया। अमेरिका आगामी दो अप्रैल से इन देशों पर 'जैसे को तैसा' या 'आंख के बदले आंख' की तर्ज पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाएगा। जो देश जितना टैरिफ अमेरिकी कंपनियों पर लगाएगा, अमेरिका भी उतना ही अपने यहां लगाएगा। इससे भारतीय एक्सपोर्ट महंगा होगा। खाद्य पदार्थ, टेक्सटाइल्स, कपड़े, इलेक्ट्रिकल मशीनरी, जेम्स एंड ज्वेलरी, फार्मास्यूटिकल्स और ऑटोमोबाइल सामग्रियां अमेरिकी बाजार में महंगी होंगी। नतीजन भारतीय उत्पाद वहां अभी जैसे नहीं टिक पाएंगे। 1951 में अमेरिकी संविधान में 22वें संशोधन के बाद कोई भी व्यक्ति दो बार राष्ट्रपति रह सकता है। ट्रंप आखिरी टर्म में वो कर गुजरना चाहते हैं जो इतिहास बने। वहीं, उनके व्यापारी मित्र अपने व्यापारिक हितों में लिपटे दिखते हैं। ट्रंप की मंशा को समझना आसान भी नहीं क्योंकि वो खुद नहीं जानते कि अगले पल क्या कर गुजरेंगे? जिद्दी ट्रंप किसी मौजूदा अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को नहीं मानते। न यही बताते कि पुराने अमेरिकी प्रशासनों ने ऐसे देशों को क्यों ऊंची दर से शुल्क लगाने दिया। हाल ही में व्हाइट हाउस में ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच प्रेस कांफ्रेन्स के दौरान कैमरों पर जो अप्रिय विवाद दिखा, जिसकी हर तरफ निंदा हुई। शांति की कीमत के बदले ट्रंप की यूक्रेनी खनिज भंडारों पर कब्जे की मांग यकीनन निंदनीय है। ट्रंप की नीयत ही बदनीयत लगती है। कहीं वो दुनिया को नए ट्रेड वार में धकेल कर उससे भी कमाने का रास्ता तो नहीं खोज रहे?**

## विचार

# क्या 'प्रधान पति', 'मुखिया पति', 'सरपंच पति' की होगी छुट्टी ?

*प्रतिभा कुशवाह*

आधी आबादी की भागीदारी के बिना विकसित भारत का स्वप्न संभव नहीं है। महिलाएं देश की राजनीतिक व्यवस्था में भाग लें, इसके लिये त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में उनकी भागीदारी आरक्षण के द्वारा सुनिश्चित की गई। आज 33 से 50 फीसदी तक महिला आरक्षण राज्यवार दिया गया है। इसका उद्देश्य साफ था कि अंतिमजनों की आवाजों को प्रमुखता से सुनना। पर व्यवस्था की खामियों का क्या किया जाए, ये अपना रास्ता निकाल ही लेते हैं। आज इस त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था की एक बड़ी समस्या 'प्रधान पति', 'मुखिया पति', 'सरपंच पति' बने हुए हैं। हालिया रिपोर्ट में भी यह समस्या उजागर की गई है कि कैसे महिला सरपंच के पुरुष प्रतिनिधि उनकी जगह पर काम कर रहे हैं। रिपोर्ट कहती है कि उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा और राजस्थान में प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व की संख्या अन्य राज्यों की तुलना में कहीं ज्यादा है।

पिछले दिनों पंचायती राज मंत्रालय द्वारा पूर्व खान सचिव सुशील कुमार के नेतृत्व में गठित समिति ने एक रिपोर्ट मंत्रालय को पेश की है। इस समिति का गठन सितंबर, 2023 में किया गया था। 'पंचायती राज प्रणालियों और संस्थाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व और भूमिकाओं को बदलनाः प्रॉक्सी भागीदारी के प्रयासों को खत्म करना' शीर्षक वाली यह रिपोर्ट प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व की बात जोर-शोर से उठाती है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि गांवों में महिलाओं की पारंपरिक और सदियों पुरानी पितृसत्तात्मक मानसिकता और कठोर सामाजिक-सांस्कृतिक मानदंडों को मनवाने से भी महिला प्रतिनिधित्व पीछे चला जाता है। इसमें एक है कई तरह की पर्दा प्रथाओं का पालन करना। रिपोर्ट में एक कारण राजनीतिक दबाव को भी बताया गया है, जिसमें राजनीतिक विरोधियों द्वारा मिलने वाली धमकी और दबाव भी है जिसे न मानने पर उन्हें हिंसा का सामना करना पड़ता है।

इसके अतिरिक्त महिलाओं की घरेलू जिम्मेदारियों के कारण उन्हें सार्वजनिक कामों से खुद को अलग करने का दबाव भी रहता है। घर और बाहर दोनों जिम्मेदारियों के दबाव में वे अक्सर घर की जिम्मेदारियों को चुन लेती हैं। इसके अतिरिक्त बहुत बड़ा कारण उनका अशिक्षित रह जाना भी है। बहुत-सी सामाजिक-सांस्कृतिक कारणों से महिलाओं को शिक्षा और सार्वजनिक कामों के अनुभव न हो पाने के कारण वे निर्वाचित होने के बावजूद अपनी भूमिका सीमित कर लेती हैं। सबसे ज्यादा उन्हें वित्तीय निर्णय संबंधी कामों में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जिसकी वजह से वे संबंधित पुरुष साथियों की मदद लेने को मजबूर हो जाती हैं।

स्थानीय शासन में वास्तविक महिला नेतृत्व को मजबूत करने के मंत्रालय के लगातार प्रयासों के पक्ष में यह रिपोर्ट महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली है। इसकी वजह है कि



इसमें न केवल वास्तविक समस्या की पहचान की गई है बल्कि समस्या का समाधान भी प्रस्तावित किया गया है। इस कड़ी में मंत्रालय द्वारा साल भर चलने वाला 'सशक्त पंचायत नेत्री अभियान' है, जिसे देश भर में पंचायती राज संस्थाओं की महिला प्रतिनिधियों की क्षमता और प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए बनाया गया है। यह पंचायती राज पदों पर निर्वाचित महिलाओं के कौशल और आत्मविश्वास के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करेगा। साथ ही यह सुनिश्चित करेगा कि वे अपने संवैधानिक अधिकारों और जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से उपयोग कर रही हैं कि नहीं। इस रिपोर्ट में इस समस्या से निपटने के लिये कुछ सुधारात्मक दंड की सिफारिशें की गई हैं। ताकि प्रधान पति, सरपंच पति या मुखिया पति की प्रथा पर रोक लगाई जा सके।

देश की पहली एमबीए सरपंच राजस्थान के टोंक जिले से सोदा गांव की छवि राजावत थीं, जो 2010 में सरपंच बनीं और महिला सशक्तिकरण के लिये काम किया था। अपने एक लेख में कहती हैं कि मेरा केस अपवाद हो सकता है आज भी देश में बहुत-सी निर्वाचित महिला सरपंच शिक्षा और प्रशासनिक ढांचे के सामान्य ज्ञान की कमी से जूझ रही हैं। परिणामस्वरूप वे अलग-थलग पड़ जाती हैं। इस कारण उनकी छोड़ी गई जगहों को भरने के लिये संबंधी पुरुष आगे आ जाते हैं। कुछ मामलों में तो पुरुषों के सपोर्ट को निर्माण परियोजनाओं में मार्गदर्शन प्रदान करने या काम की निगरानी करने या फिर उन्हें सुरक्षा प्रदान करने की दृष्टि से सही ठहराया जाता है। इस नेक इरादे के बावजूद यह प्रयास महिला आरक्षण के उद्देश्य को कहीं न कहीं नुकसान पहुंचाता है।

प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व के कारणों को गौर किया जाये तो वे सभी वही कारण हैं जिनकी वजह से महिलाओं को घर के बाहर सार्वजनिक भूमिका को स्वीकारा नहीं जाता है। स्वीकारने से पहले उनकी सार्वजनिक भूमिका को ही नकारने की प्रवृत्ति रहती है, जो उनकी राह में कई तरह की बाधाओं के रूप में सामने आती है। पंचायती शासन प्रणाली को लागू हुए 31 वर्ष हो चुके हैं। महिला प्रतिनिधियों को किसी न किसी बहाने उन्हें उनकी पारंपरिक भूमिका में सीमित करने की मानसिकता में ऐसे ही किन्हीं सरकारी प्रयासों से कुछ संभव हो सकता है, यह आगे हम सबके सामने होगा।

## साहित्य

# क्या ? है बाकी, हो सकता बची हो झॉकी...!



**संजय एम तराणेकर**


अहमदाबाद के पालडी इलाके  
में मिला खाली फ्लैट,  
इंटेलिजेंस और एंटी टेररिज्म  
स्क्वॉड ने डाली रेड।  
टीम को जो भी मिला,  
अधिकारियों का चेहरा खिला,  
स्टॉकब्रोकर के फ्लैट से 100  
किलोग्राम सोना मिला।  
भारी मात्रा में जेवर और  
बरामद हुआ बहुत सारा कैश,  
फोटोग्रॉफरों की आँखें चौंधिया  
गई चमकाया फ्लेश।

अहमदाबाद के पालडी इलाके  
में मिला खाली फ्लैट,  
इंटेलिजेंस और एंटी टेररिज्म  
स्क्वॉड ने डाली रेड।

गुजरात में हाल में पहली इतनी  
बड़ी बरामदगी है,  
जिसका भी है ये सोना उसको  
कहा शरमिन्दगी है।  
ब्रोकर से की जा रही पूछताछ  
क्या है सोने का राज,  
यारों सरकार ने भी बजा दिये  
है हर तरफ से साज।

अहमदाबाद के पालडी इलाके  
में मिला खाली फ्लैट,  
इंटेलिजेंस और एंटी टेररिज्म  
स्क्वॉड ने डाली रेड।  
विभाग कैश गिनने की मशीनें  
और तराजू ले आएगा,  
अब तो जांच में और भी  
सामान जब्त किया जाएगा।  
बाजार में इसकी कीमत 83-  
85 करोड़ रुपये हैं आंकी,  
किसको पता क्या है बाकी, हो  
सकता बची हो झॉकी?

*(संदर्भ: अहमदाबाद के बंद फ्लैट में मिला 100 किलो सोना!)*



# राशिफल

**मेषः-** परम्पराओ व संस्कारों के प्रति आस्था बढ़ेगी। निर्थक हीनभाव एवं कुछ साथ के प्रगतिशील व्यक्तियों से ईर्ष्या भाव ठीक नहीं।

**वृषभः-** परिश्रम द्वारा आर्थिक क्षेत्र में सफलता अर्जित करेंगे। समय बड़ा मूल्यवान है। अतः इसे व्यर्थ न गंवायें। किसी नए सम्वेदना का प्रभाव नए रिश्ते को जन्म देगा।

**मिथुनः-** घर-परिवार में खुशी का वातावरण रहेगा। पिछले दिनों उत्पन्न को व्यवसायिक अवरोध के हल ढूंढने में मन केंद्रित होगा। किसी पुराने मित्र की मध्यस्तता से बिगड़े हुए सम्बन्धो में सुधार होगा।

**कर्कः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य वश घर से दूर रहना अरुचिकर लगेगा। कमजोर मनोबल के कारण लक्ष्य के प्रति दृढ़ता का अभाव रहेगा।

**सिंहः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में थोड़ी कठिनाई का अभास होगा। संवेदनशील मन पूरानी मर्मस्पर्शी घटनाओं से ओत-प्रात होगा। परिवारिक दायित्वों को समयानुकूल पूर्ति हेतु मन चिन्तित होगा।

**कन्याः-** प्रयासरत क्षेत्रों में अवरोध तथा दाम्पत्य जीवन में कष्ट संभव। परन्तु ईरीय आस्था हर परीस्थिति पर विजय प्राप्त करेंगे। धैर्यपूर्वक महत्वपूर्ण योजनाओं को क्रियान्वित करें।

**तुलाः-** आपकी महत्वाकांक्षाए सफलता की राह पर संघर्ष हेतु प्रेरित करेंगी। अच्छी भावनाएं आपके मकसद सफलता दिलाऐंगी।

**वृश्चिकः-** मनोवांछित सफलता न मिलने से उत्साह में कमी होगी। भौतिक चका-चौंद से प्रभावित मन अभाव की अनुभूति से दुखित होगा।

**धनुः-** परिजनों व मित्रों का सनिध्य से मन प्रसन्न रहेगा। कार्य-पेशे में कोई अवरोधित कार्य सार्थक होने के आसार है। मांगलिक एव सास्कृतिक आयोजनों में सम्मलित होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में आलस्य न करे।

**मकरः-** कुछ नये सम्बन्द बनेगें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद सम्भव। कर्तव्य व जिम्मेदारियों से घिरा मन अपनी कल्पनिक आकांक्षाओं से समझौता करने में सक्षम होगा।

**कुंभः-** मन को खराब विचारो से दूर रखते हुए अच्छे कायरे में केन्द्रित करें। नई स्थितियाँ आप मे नई प्रतिभाओं का संचार करेगा।

**मीनः-** अपनी वाणी पर नियंत्रण रखते हुए सम्बन्धों को मधुर बनाने की चेष्टा करें। प्रतिभा व आत्मबल कुछ महत्वपूर्ण सफलताओं के प्रति आशान्वित करेगा। आर्थिक लाभ के आसार हैं।

# राजस्थान दिवस वर्ष प्रतिपदा पर मनाने का निर्णय

*मुरारी गुप्ता*

स्वामी विवेकानंद ने अपने एक भाषण में कहा था कि यदि हमें गौरव से जीने की भावना जागृत करनी है और यदि हम अपने हृदय में देशभक्ति के बीज बोना चाहते हैं तो हमें हिंदू राष्ट्रीय पंचांग की तिथियों का आश्रय लेना होगा। जो कोई भी विदेशियों की तिथियों पर निर्भर रहता है वह गुलाम बन जाता है और आत्मसम्मान खो देता है। स्वामी विवेकानंद की यह उद्घोषणा भारतीय संस्कृति और काल गणना के महत्त्व को रेखांकित करता है। साथ ही भारत के नीति निर्माताओं को भी मार्गदर्शन देती है कि उन्हें राष्ट्र और समाज के उत्थान और उसके आत्मविश्वास को सुदृढ़ करने के लिए क्या करना चाहिए।

हाल ही राजस्थान सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेकर राजस्थान राजस्थान का स्थापना दिवस भारतीय तिथि के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को मनाने की घोषणा की है। विधानसभा के पटल पर रखा गया मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का ये निर्णय भारत की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने की ओर महत्वपूर्ण कदम है। निश्चित तौर पर इससे राजस्थान दिवस समारोह राजस्थान की आम जनता का उत्सव बन सकेगा।

गौरतलब है कि भारतीय नववर्ष मनाने के लिए गठित नववर्ष समारोह समिति गत 24 वर्षों से राजस्थान सरकार से लगातार मांग कर रही थी कि राजस्थान स्थापना दिवस 30 मार्च के बजाय वर्ष प्रतिपदा नव संवत्सर पर मनाया जाए। इसके पीछे उनका तर्क है कि राजस्थान की स्थापना हिन्दू पंचांग के अनुसार इसी दिन शुभ मुहूर्त देखकर हुई थी। उस दिन 30 मार्च थी। बाद में वर्ष प्रतिपदा को भुला दिया गया और 30 मार्च को स्थापना दिवस मनाया जाने लगा।

30 मार्च 1949 को संयुक्त राजस्थान के उद्घाटन के अवसर पर तत्कालीन गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भी अपने भाषण में इस बात का उल्लेख किया था। अपने महत्वपूर्ण भाषण में तब उन्होंने कहा था– राजपूताना में आज नए वर्ष का प्रारंभ है। यहां आज के दिवस वर्ष बदलता है। शक बदलता है। यह नया वर्ष है। तो आज के दिन हमें नए महा-राजस्थान के महत्व को पूर्ण रीति से समझ लेना चाहिए। आज अपना हृदय साफ कर ईश्वर से हमें प्रार्थना करनी चाहिए कि वह हमें राजस्थान के लिए योग्य राजस्थानी बनाये। राजस्थान को उठाने के लिए राजपूतानी प्रजा की सेवा के लिए ईश्वर हमको शक्ति और बुद्धि दे। आज इस शुभ दिन हमें ईश्वर का आशीर्वाद मांगना है। मैं आशा करता हूं कि आप सब मेरे साथ राजस्थान की सेवा की इस प्रतिज्ञा में इस प्रार्थना में सम्मिलित होंगे। जय हिंद!

बल्लभ भाई पटेल के भाषण की बातें राजस्थान का स्थापना दिवस समारोह वर्ष प्रतिपदा जैसे शुभ अवसर पर आयोजित करने के लिए पर्याप्त है।

भारतीय नववर्ष महज तिथि का बदलना नहीं है। यह वह अवसर है जब प्रकृति पूरी तरह सजधज कर दुल्हन का सा स्वरूप धारण करती है। वसंत ऋतु की शुरुआत होती है, जब पेड़-पौधों में नए पत्ते और फूल खिलते हैं। वातावरण में उत्साह का संचार होता है। इसका खगोलीय महत्व है, जिसका विस्तार से वर्णन भारतीय शास्त्रीय परंपरा में है ।

वर्ष प्रतिपदा एक खगोलीय गणना है, जो ब्रह्मांडीय घटनाओं से जुड़ा हुआ है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को पृथ्वी सूर्य के चारों ओर एक पूर्ण चक्र पूरा करती है। इस दिन दिन-रात बराबर होते हैं, जो संतुलन और नए जीवन का प्रतीक है। इसके अतिरिक्त भारत में अनेक ऐतिहासिक घटनाएं हैं जो इस दिन से जुड़ी है, जो सामाजिक और राष्ट्रीय जीवन को प्रेरणा देती है। राजा विक्रमादित्य ने इसी दिन विक्रम संवत की स्थापना की थी। भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ था। यह सिखों के दूसरे गुरु श्रीअंगद देव जी का जन्मदिन भी है। स्वामी दयानन्द सरस्वती ने इसी दिन आर्य समाज की स्थापना की थी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉक्टर केशवराव बलिराम हेडगेवार का जन्म भी इसी दिन हुआ था।

राजस्थान के इतिहास की बात करें तो इसे पहले राजपूताना के नाम से जाना जाता था। तब यहाँ अनेक रियासतें थीं, जिन्हें मिलाकर यह राज्य बना। राजस्थान का एकीकरण 7 चरणों में पूरा हुआ। इसकी शुरुआत 18 अप्रैल 1948 को अलवर, भरतपुर, धौलपुर और करौली रियासतों के विलय से हुई। विभिन्न चरणों में रियासतें जुड़ती गई तथा अन्त में 1949 में वर्ष प्रतिपदा (30 मार्च) के दिन जोधपुर, जयपुर, जैसलमेर और बीकानेर रियासतों के विलय से वृहत्तर राजस्थान संघ बना। इसे ही राजस्थान स्थापना दिवस कहा जाता है। इसमें सरदार वल्लभभाई पटेल की सक्रिय भूमिका थी। वे सरकार की विलय योजना के अंतर्गत विभिन्न रियासतों को भारतीय संघ में शामिल करने का काम कर रहे थे। राजस्थान सरकार का राजस्थान स्थापना दिवस को वर्ष प्रतिपदा पर मनाने का निर्णय ऐतिहासिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक रूप से पूर्णतः उचित है। यह केवल एक तिथि परिवर्तन नहीं बल्कि राजस्थान की सांस्कृतिक पहचान, स्वाभिमान और गौरवशाली परंपराओं को पुनर्स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सरदार पटेल के शब्दों को याद रखते हुए, यह कहा जा सकता है कि यह निर्णय राजस्थान को गौरवशाली अतीत से जोड़ते हुए उज्वल भविष्य की ओर ले जाएगा। पुनश्चः जन्म कुंडली और विवाह जैसे महत्वपूर्ण संस्कार हम ग्रह-नक्षत्रों की दिशा पर आधारित तिथियों के अनुसार तय करते हैं लेकिन अपनी सुविधा के लिए उनकी वर्षगांठ के लिये ग्रेगोरियन कैलेंडर पर निर्भर हो जाते हैं।

**(लेखक भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**स्थानीय संपादक आर.बी. सिंह, संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9305748833, 9451244788**

# जुगराज हत्याकांड में पांच गिरफ्तार

**प्रेम प्रसंग में हुई हत्या**



**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**


थाना मोहम्मद पुर खाला क्षेत्र के खड़ेहरी गांव के रहने वाले सरदार जुगराज सिंह की हत्या के मामले में पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ज्ञात हो मुख्य आरोपी अर्पित यादव और जुगराज की दोस्ती दो साल पहले हुई थी।दोनों के बीच मित्रता गहरी हो गई।इस दौरान जुगराज की नजदीकियां अर्पित की चचेरी बहन से बढ़ गईं।अर्पित को यह रिश्ता पसंद नहीं था। 16 मार्च को अर्पित ने अपनी चचेरी बहन के माध्यम से जुगराज को राशिद खेड़ा मजरे मंझी गांव के बाहर बुलाया।वहां पहले से मौजूद अर्पित और उसके साथियों ने लाठी-डंडों से जुगराज की पिटाई की।हत्या के बाद आरोपियों ने शव को छिपाने के लिए जुगराज के गले में गमछे से ईंट बांधी।फिर उसे गोमती नदी में फेंक दिया।

18 मार्च को वादी हरिजेन्द्र सिंह पुत्र लखा सिंह मोहम्मदपुर खाला थाने पर शिकायत कर जुगराज सिंह उर्फ जोगा के 16 मार्च को लखनऊ में बकाया पैसा वसूलने जाने की बात कह कर घर से निकाला था और फिर घर वापस नहीं लौटा तो पिता ने उसके लापता होने की गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी।एसपी दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर मोहम्मदपुर खाला थाना पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमे अर्पित यादव,आयुष रावत,रोहन यादव, शोभित कुमार रावत और अमित यादव शामिल हैं।

पुलिस ने आरोपियों से हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार और मृतक की मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है।

## इक्कीस रोजा पूरे करने पर मासूम को एहतराम देकर बढ़ाया हौसला

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** रमजान माह में खुदा की रजा के लिये शुक्रवार को एक नौ वर्षीय मासूम बच्ची के एक्कीस रोजा पूरा करने पर परिवार के लोगों ने रोजा कुशाई कर ईनाम एकराम देकर हौसला अफजाई की।



जानकारी के मुताबिक माहे रमजान में बरकतों का खजाना खोल रहमतों की बारिश होती है। इस माह में महिलाऐं जवान बूढ़े बच्चे भी खुदा की रजा के लिये रोजा रखकर इबादत तिलावत करते हैं। क्यों कि इस माह सभी महीनों से अधिक शवाब में इजाफा किया गया है। जिसे लेकर कस्बे के दलालान निवासी शिया समुदाय के सहवार हुसैन उर्फ मुन्ना की नौ वर्षीय पुत्री खतीजा फातिमा ने शुक्रवार को 21 वां रोजा पूरा करने पर पूर्व चेयरमैन रियाज़ अहमद सहित परिवार के लोगों ने इनाम एकराम देकर मासूम की होसला अफजाई की। इस मौके पर अंबार हुसैन मुन्ना शहाबुद्दीन सिद्दीकी जुबेर अहमद तैयब हुसैन अली सहित तमाम लोगों ने मासूम खतीजा फातिमा की सराहना की है? इस मौके पर रोजेदार खतीजा फातिमा से शहाबुद्दीन सिद्दीकी की वार्ता में बताया गया कि रोजा अल्लाह की रजा के लिये रखने से दिली शुकून मिलता है नमाज अदा करने से ताजगी रहती है। और ये महीना मुबारक रमजान अल्लाह ने केवल इबादत के लिये बनाया है और इंशाल्लाह पूरे रोज़े रखने की हिम्मत करुंगी।

# मन्दिर निर्माण के लिए खाली पड़ी भूमि पर बन रही पुलिया का ग्रामीणों ने किया विरोध

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



मंदिर निर्माण के लिए खाली पड़ी भूमि के समीप पुलिया बनाने को लेकर ग्रामीणो ने विरोध शुरू कर दिया। मौके पर पहुंचे राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियो ने ग्रामीणो को समझा कर कार्य को रुकवा दिया है।

कोतवाली बदोसराय के ग्राम बरदरी गांव को जाने वाले सड़क मार्ग लोक निर्माण विभाग द्वारा पुलिया का निर्माण कराया जा रहा है यह पुलिया बदोसरायं से रामनगर जाने वाले मुख्य मार्ग के किनारे बनाई जा रही है।शुक्रवार को दोपहर रामनगर के बजरंग दल के सह संयोजक गोलू त्रिपाठी की अगुवाई में दर्जनों ग्रामीण निर्माण स्थल पर पहुंचकर विरोध शुरू कर दिया। मामले की जानकारी होने पर मौके पर न्यायिक तहसीलदार अजीत कुमार जायसवाल एवं राजस्व टीम तथा पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित लोगो को समझाया बुझाकर शांत कराया।

इस संबंध में बरदरी के ग्रामीण सीनू मिश्रा व हंसराज यादव ने बताया कि इस पुलिया के निर्माण हो जाने से गांव का गंदा पानी मंदिर की जमीन से होकर निकलेगा जिसका हम लोग विरोध कर रहे हैं। मौके की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने निर्माण का काम रुकवा दिया है।लोक निर्माण विभाग की अवर अभियंता शिल्पी अग्रवाल ने बताया कि ग्रामीणो के विरोध के चलते राजस्व विभाग के अधिकारियो से वार्ता चल रही है इसके बाद निराकरण निकाला जाएगा। इस संबंध में तहसीलदार न्यायिक अजीत कुमार जायसवाल ने बताया कि पुलिया निर्माण का कार्य रोक दिया गया है।वार्ता के आधार पर मामले का समाधान निकाला जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### परम्परागत रूप से निकाला गया आठों का जुलूस



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** रंगों के पर्व होली के आठवे दिन आठों का जुलूस बहुत हर्ष उल्लास के साथ निकला गया। इसमें विभिन्न मोहल्लों के तमाम लोगों ने अनेक पाठ लगाकर लोगों का ध्यान अपनी और आकर्षित करते रहे।जुलूस को लेकर सुबह से ही भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। बताते चलें कि कि शुक्रवार को होली के आठवें दिन निकलने वाला आठो बहुत ही हर्ष उल्लास से निकाला गया।जिसमे बगहा,मोलवी कटरा,प्यारनपुर,गढी कदीम, अहिरान, लोधपुरवा, रईस कटरा आदि स्थानो से पूजा पाठ करने के बाद ऊंट घोड़े बैंड बाजे के साथ लोगों ने लैला मंजनू,सिपाही, ड़ाकू, धोबी,कार्टून सफाई कर्मी सहित विभिन्न प्रकार के पाठ लगाकर कस्बे के तैशुदा मार्गों से निकले। जिसका आनंद लेने हेतु कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों के भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। देख-रेख में वहीं नगर बाराबंकी कोतवाली प्रभारी अमित प्रताप सिंह,थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह,कस्बा इंचार्ज विनय कुमार, सिपाही शैलेश, पंकज राठौड़, पूर्व चेयरमैन रियाज़ अहमद सभासद राम सिंह, उमाकांत, दीपक निगम, बनवारी लाल, राजन बकसोर सहित भारी तादाद मे पुलिस बल सुबह से जुलूस के समापन तक मौजूद रहा।

### फार्मासिस्ट फेडरेशन ने होली मिलन कार्यक्रम के साथ किया संगठन विस्तार



**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** फार्मासिस्ट फेडरेशन द्वारा आयोजित भव्य होली मिलन समारोह में संगठन के विस्तार और मजबूती को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सर्वसम्मति से मोहम्मद आरिज को तहसील अध्यक्ष एवं मोहम्मद अजीज को संयोजक पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। यह कार्यक्रम शुक्रवार को एक प्रतिष्ठित निजी लॉन में संपन्न हुआ, जहां संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों और फार्मासिस्टों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि पहले आयुष, एलोपैथी, पशु चिकित्सा सहित विभिन्न चिकित्सा क्षेत्रों के फार्मासिस्टों के अलग-अलग संगठन थे, जिससे उनकी समस्याओं का समाधान मुश्किल था। दो वर्ष पूर्व सभी संगठनों को एकीकृत कर फार्मासिस्ट फेडरेशन का गठन किया गया, जिससे अब उनकी आवाज और भी प्रभावशाली हो गई है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश ने सभी को होली की शुभकामनाएँ देते हुए आपसी सहयोग और एकता बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संगठन की एकता ही फार्मासिस्टों की समस्याओं के समाधान की कुंजी है। कार्यक्रम में जिलेभर से आए वरिष्ठ पदाधिकारियों, फार्मासिस्टों और गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की और फार्मासिस्ट फेडरेशन के उद्देश्यों और भविष्य की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की। समारोह में प्रदेश संगठन मंत्री जेपी नायक आरती पाल मोहम्मद आरिफ अजीज जिला अध्यक्ष रमेश वर्मा अनुराग पाठक डॉ रमेश बीएन मिश्रा सुशील वर्मा एवं देवनारायण वर्मा सहित तमाम स्वास्थ्य कर मी मौजूद रहे।

### चुनावी रंजिश के चलते पूर्व प्रधान के पुत्र ने साथी के साथ मिलकर युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** सुबेहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत चकौरा गांव में चुनावी रंजिश के चलते पूर्व प्रधान के बेटे ने युवक की पिटाई कर दी। पीड़ित युवक की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घायल युवक का मेडिकल परीक्षण करवाते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक उक्त गांव निवासी श्रवण कुमार पुत्र राममगन ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बुधवार को उसके चाचा रामजनम बरीक्षा दिलवाने के लिए बोलेरो लेकर शुकुलबाजार गए हुए थे वहां से वापस घर लौट रहे थे तभी सुबेहा थाना क्षेत्र के अल्पी का पुरवा भट्ठे के पास पूर्व प्रधान पुत्र अमरेंद्र सिंह उर्फ रिंकू दो अन्य साथियों के साथ मिलकर पहले घेराव किया इसके बाद वह किसी तरह निकल गए शाम को उसके चाचा रामजनम घर पर डेयरी पर बैठे हुए थे तभी पूर्व प्रधान के पुत्र रिंकू व अवधेश कुमार लाठी डंडे लेकर आए रामजनम को मारना पीटना शुरू कर दिया ।बचाव में आए श्रवण कुमार की पिटाई कर दी गई । जिसमें उसके सिर पर चोट लग जाने से गंभीर रूप घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज हेतु हैदरगढ़ लाया गया जहां पर मौजूद चिकित्सक ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।पीड़ित युवक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## पेयजल संकट, मीडिया की खबर बनने पर चेता नगर पंचायत

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जैदपुर में नगर पंचायत के मोहल्ला वसी नगर वार्ड में पिछले 6 महीने से पेयजल समस्या को लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशित करने पर दिखा असर, जल निगम विभाग ने तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी।

शुक्रवार को विभाग ने वाटर सप्लाई पाइप बिछाने के लिए इंटरलॉकिंग की खुदाई का काम शुरू कर दिया।इससे वार्ड वासियों को जल्द ही पानी की सुविधा मिल सकेगी।इस बीच नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार वर्मा ने तत्काल राहत के लिए क्षेत्र में पानी का टैंकर भी भिजवाया।पिछले 6 महीनों से ठेकेदार की लापरवाही के कारण



वार्ड में काम धीमी गति से चल रहा था।जिसे लेकर अखबार द्वारा खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था जिसके बाद ठेकेदार द्वारा कार्य को जोर शोर से चालू कर दिया गया है।

### नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आज

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा बताया गया कि नारकोटिक्स डिस्ट्रिक्स लेवल कमेटी की माह फरवरी, 2025 की मासिक बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार नशा मुक्त भारत अभियान एवं उत्तर प्रदेश सरकार की मंशानुरूप नशीले पदार्थो के सेवन से होने वाले दुष्परिणाम के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने के लिये स्कूल / कालेजों में जागरूकता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन कराने तथा संस्थान में अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं, युवाओं को नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव से बचाने हेतु शपथ दिलाये जाने के निर्देश प्राप्त हुये हैं। उक्त के क्रम में सेठ विशम्भरनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी बाराबंकी संस्थान में 22 मार्च को समय अपरान्ह 12:30 बजे कार्यक्रम कराया जायेगा।

### 25 से 27 मार्च को लगेगा रोजगार मेला

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** जिला सेवायोजन अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला सेवायोजन कार्यालय, बाराबंकी के तत्वावधान में आगामी 25 से 27 मार्च, को राजकीय इण्टर कालेज, बाराबंकी, के ऑडिटोरियम में नि:शुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में आईटीआई उत्तीर्ण प्रतिभागियों सहित हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक योग्यताधारी बेरोजगार अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकेंगे। निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियां इस रोजगार मेले में साक्षात्कार / परीक्षा के माध्यम से चयन करेंगी। इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल (rojgaarsangam.up.gov.in) पर अपना पंजीयन करवा लें, किसी भी सहायता हेतु हेल्पलाइन नं0 155330 पर बात कर सकते हैं। पंजीयन न हो पाने की स्थिति में भी अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों. बायोडाटा तथा फोटो सहित उपरोक्त तिथि तथा स्थान में प्रात: 10:30 बजे उपस्थित होकर मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। प्रतिभाग हेतु कोई मार्गव्यय देय नहीं होगा।

## भारतीय स्टेट बैंक ने मृतक आश्रित को सौंपा चेक

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय स्टेट बैंक ने अपने हाउसिंग लोन ग्राहक राघवेंद्र शर्मा के आकस्मिक निधन पर बी आर सी फतेहपुर में उनकी पत्नी सर्वेश कुमारी मिश्रा को तीस लाख रुपए के क्लेम का चेक सौंपा। राघवेंद्र शर्मा का स्टेट बैंक की गृह ऋण शाखा बाराबंकी में खाता था, जोकि लाइफ इंश्योरेंस द्वारा कवर किया गया था। राघवेंद्र शर्मा के निधन होने पर बैंक द्वारा इंश्योरेंस दावे का त्वरित निपटान किया गया। इस अवसर पर स्टेट बैंक की क्षेत्रीय प्रबंधक अनामिका सिंह, गृह ऋण शाखा के मुख्य प्रबंधक प्रशांत कुमार शर्मा, एसबीआई फतेहपुर के शाखा प्रबंधक तरुण सिंह, बी ई ओ आराधना अवस्थी, शिक्षक संघ अध्यक्ष राकेश सिंह तथा रितेश श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया एवं उन्हें हर प्रकार की बैंकिंग आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए स्टेट बैंक से जुड़े रहने के लिए कहा।

मुख्य प्रबंधक प्रशांत कुमार शर्मा द्वारा उपस्थित शिक्षकों को गृह ऋण के विषय में जानकारी दी, तथा उन्हें बताया कि गृह ऋण के साथ में ऋण रक्षा इंश्योरेंस लेने के फायदे बताए।

फतेहपुर शाखा प्रबंधक तरुण सिंह व फील्ड ऑफिसर द्वारा शिक्षकों को संबोधित किया गया।

अंत में शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राकेश सिंह एवं बी ई ओ श्रीमती आराधना अवस्थी द्वारा बैंक कर्मियों को धन्यवाद व मृतक शिक्षक राघवेंद्र शर्मा की पत्नी को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया गया।

## संचारी रोग नियंत्रण के लिए सीएचसी पर हुई अंतर्विभागीय बैठक

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** अप्रैल माह में संचालित होने वाले संचारी रोग एवं दस्तक अभियान की तैयारियों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर विभिन्न विभागों की एक संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक में सभी अधिकारियों द्वारा संचारी रोग नियंत्रण के लिए सभी के मध्य सामंजस्य स्थापित करते हुए बीमारियों पर नियंत्रण करने की बात पर



जोर दिया गया। बैठने में यह है उम्मीद भी देता है कि शिक्षा विभाग रोगों के रोकथाम के लिए अपने बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता को भी बीमारियों की रोकथाम के लिए जागरूक करने का काम करेगा। इस अवसर पर बीडीओ संजीव गुप्ता, सीएचसी अधीक्षक डॉ सौरभ शुक्ल, अधिशाषी अधिकारी अशोक कुमार खरवार,पशु चिकित्सक डॉ. डी. के. गुप्ता, पूर्ति निरीक्षक प्रभास त्रिपाठी,प्रभारी सी डी पी ओ,शिक्षा विभाग,कृषि विभाग, डब्ल्यू एच ओ प्रतिनिधि अनुज तिवारी एवं यूनिसेफ प्रतिनिधि पूजा सिंह, एच ई ओ संजय कुमार, बी पी एम मनीष कुमार आदि उपस्थित रहे।


**कार्यालय ग्रा0पं0 हमीरपुर विकास खण्ड मोहम्मदाबाद, फर्रुखाबाद**

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/15वां वित्त /राज्य वित्त/मनरेगा आयोग योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 21/03/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा आयोग योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हमीरपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 22/03/2025 से 27/03/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 27/03/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | अजय पाल के घर से जय सिंह के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 9.99 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | अजय पाल के घर से जय सिंह के घर तक नाली निर्माण कार्य | 1.90 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें**- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (नरेन्द्र सिंह) ग्रा0पं0 हमीरपुर, विकास खण्ड मोहम्मदाबाद सचिव (अजय दुबे)

**कार्यालय ग्रा0पं0 नदौरा विकास खण्ड मोहम्मदाबाद, फर्रुखाबाद**

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/15वां वित्त /राज्य वित्त/मनरेगा आयोग योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 21/03/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा आयोग योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत नदौरा द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 22/03/2025 से 27/03/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 27/03/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | आजाद कठेरिया के घर से पुलिया तक इंटरलाकिंग कार्य | 3.86 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | वीरपाल के घर से डामर रोड तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 9.84 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें**- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (अनीता यादव) ग्रा0पं0 नदौरा, विकास खण्ड मोहम्मदाबाद सचिव (मनीष साहू)

**कार्यालय ग्रा0पं0 जाजपुर वंजारा विकास खण्ड मोहम्मदाबाद, फर्रु0**

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/15वां वित्त /राज्य वित्त/मनरेगा आयोग योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 21/03/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा आयोग योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जाजपुर वंजारा द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 22/03/2025 से 27/03/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 27/03/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | ज्ञानेन्द्र सिंह के घर से पंचायत घर होते हुए यूपीएस तक इंटरलाकिंग कार्य | 9.55 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | चन्द्रशेखर के घर से रामवक्श के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 6.65 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें**- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (बृजपाल शाक्य) ग्रा0पं0 जाजपुर वंजारा, विकास खण्ड मोहम्मदाबाद सचिव (अवधेश कुमार)

**कार्यालय ग्रा0पं0 उखरा विकास खण्ड मोहम्मदाबाद, फर्रु0**

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/15वां वित्त /राज्य वित्त/मनरेगा आयोग योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 21/03/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा आयोग योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत उखरा द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 22/03/2025 से 27/03/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 27/03/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | सुबोध श्रीवास्तव के घर से रघुनाथ शाक्य की दुकान तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 6.85 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें**- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (संजय कुमार) ग्रा0पं0 उखरा, विकास खण्ड मोहम्मदाबाद सचिव (राजीव गौतम)

**कार्यालय ग्रा0पं0 कैटहा विकास खण्ड कमालगंज, फर्रु0**

पत्रांकः मीमो/मनरेगा योजनान्तर्गत/ 2024-25 दिनांक 21/03/2025

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कैटहा विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 22/03/2025 से 28/03/2025 तक की अपरान्ह 3-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 28/03/2025 को सायं 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 22/03/2025 से 28/03/2025 तक अपरान्ह 2-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | रमेश चन्द्र का पशु शेड निर्माण कार्य | मनरेगा | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 1,02564 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | पिन्टू कठेरिया के घर से वीरभान के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | मनरेगा | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 4,27436 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | शिवचरन वर्मा के घर से सियाराम तेली के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | मनरेगा | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 2,49884 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | सुभाष के घर से राजपाल के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | मनरेगा | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 2,57378 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें**:- निविदा दाता का जीएसटी व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफडीआर व एनएससी व चेक द्वारा ली जायेगी।

प्रधान-रघुनाथ ग्रा0पं0 कैटहा वि0ख0 कमालगंज सचिव- अमरीश पाण्डेय


## मिट्टी डालने के विवाद में विपक्षी ने दम्पति पर किया हमला



**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के मोहंदी पुर मजरे टांडा निजाम अली गांव में दरवाजे पर मिट्टी डालने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर हमला बोल दिया ।जानकारी के अनुसार घटना गुरुवार की है राजकुमारी ने पुलिस में तहरीर देकर बताया की गुरुवार सुबह उनके दरवाजे पर राम किशोर मिट्टी डाल रहे थे। राजकुमारी के पति राजकुमार ने इसका विरोध किया और मिट्टी डालने को मना कर दिया। कहासुनी होकर मामला शांत हो गया ।शाम करीब 5 बजे राज कुमार जब खेत से लौटे तब विपक्षी फिर से कहासुनी करने लगे ।बात करते ही राम किशोर उनकी पत्नी शिवकुमारी और बेटियां मोहनी,रोशनी व ज्योति सभी ने मिलकर लाडी दंण्डों व बांका से वार कर दिया। जिसमे राजकुमारी और उसके पति राजकुमार को गंभीर चोटें आ गई। परिजन घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर लेकर गए। मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर दोनों को जिला अस्पताल बाराबंकी रेफर कर दिया ।इसरौली चौकी प्रभारी मृदुल मयंक पाण्डेय ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कुरुक्षेत्र के संत ने कथा सुनाकर बताई शास्त्र सम्मत बातें




**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

मानस का मूल तत्व भक्ति है। भक्ति का उच्चादर्श भरतजी के चरित्र में प्रतिविम्बित होता है। ये विचार कुरुक्षेत्र बाराबंकी से पधारे मानस व्यास पं. रामकिंकर मिश्रजी ने बहुता धाम मानस सम्मेलन के पाँचवें दिन व्यक्त किये। व्यास जी ने भक्ति की शास्त्रसम्मत विवेचना करते हुए बताया कि जब संसार के नाते-रिश्ते तथा भोग वासना से सम्बन्ध छूट जाता है और मन क्षण भर के लिए भी भगवान से दूर नहीं जाता है तब भक्ति की पूर्णता सिद्ध होती है। भरत जी अयोध्या जैसे विशाल साम्राज्य का परित्याग कर राम जी से मिलने और उन्हें वापस लाकर राजसिंहासन पर प्रतिष्ठित करने के लिए चित्रकूट की ओर प्रस्थान करते हैं। तुलसी की दृष्टि में जीव का हित या परम कल्याण संसार से प्रेम करने में नहीं है अपितु राम से प्रेम करने में हैं। इसी कारण भरत जी गुरु वशिष्ठ के सभा की राजा बनने का प्रस्ताव अस्वीकार कर देते हैं, जाउँ राम पहिं आपसु देहू। एकाई ऑक मोर हित एहू।

अयोध्या से पधारे संत दिनेश दीनवन्धु ने कहा कि संसार साधन और परमात्मा साध्य है। इस संसार में जन्म लेने का एकही एकमात्र उद्देश्य है कि भौतिक पदार्थों का उतना ही उपयोग करें जिससे भगवत प्राप्ति की साधना में बाधा न पड़े। अमेठी जगदीशपुर से आये सेवा निवृत्त धर्म गुरु कैप्टन रामनरेश त्रिपाठी ने राष्ट्र भक्ति की चर्चा करते हुए कहा कि राम शब्द का तात्पर्य है, राष्ट्र का मंगल विधान।

बेदिक संहिता में जो राष्ट्र की परिभाषा दी गयी है उसके अनुसार सम्पूर्ण प्रजा, पशु तथा जो श्रेष्ठ मूल्य हैं सभी इसमे सम्मिलित हैं। लखनऊ के प्रो0 जितेन्द्रनाथ पाण्डेय ने कहा कि अयोध्या, नैमिष आदि तीर्थ ऋषियों की तपस्या से परम पावन हो चुके हैं। अतः इन सिद्ध स्थानों के दर्शन से मन को सुख शांति मिलती है। इससे हृदय में भक्ति अंकुरित और पुष्ट होती है।पं. अवधेश शुक्ल तरंग ने बताया कि राम जी का अवतार धर्म की रक्षा तथा धर्म के वास्तविक स्वरूप को दिखाने के लिए होता है। प्रेमदास कूटी के महंत लालता दास जी ने कहा कि जीव माया ग्रस्त है और ब्रम्ह मायाधीश है। माया ब्रम्ह के वश में है। इसलिए परमात्मा ब्रम्ह का चिन्तन होना चाहिए।

प्रवचन सभा में प्रधान प्रतिनिधि अरुण शुक्ला रामभीख त्रिवेदी, जनार्दन शुक्ला, कौशलकिशोर रामफेर शुक्ल आदि की उपस्थिति एवं सहभागिता रही।

### शाकाहार सदाचार सत्संग यात्रा का ढोल नगाड़ों के साथ में हुआ स्वागत



**हैदरगढ़।** जयगुरुदेव धर्मप्रचार संस्था मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत पंकज महाराज वर्तमान में बाराबंकी जिले में सत्संग भ्रमण के सघन दौरे पर हैं। कल सायंकाल उनकी 57 दिवसीय शाकाहार-सदाचार-जनजागरण यात्रा हैदरगढ़ ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम बहरामपुर पहुंची। स्थानीय भाई बहनों ने ढोल-नगाड़े,दीप प्रज्वलित कलशो तथा पुष्पवर्षा करके यात्रा का भावपूर्ण स्वागत किया। अपने सत्संग संबोधन में महाराज जी ने कहा कि यह मानवतन अनमोल है ना जाने किस महात्मा की दया हो गई जो आपको यह मनुष्य शरीर मिल गया। यह तन दुर्लभ तुमने पाया कोटि जनम जब भटका खाया। अब या को बिरथा मत खोवो, चेतो दिन-दिन भक्ति कमाओ। प्रेमी भाई बहनों! जितनी भी स्वासें आपको मिली हैं। खाने-पीने धन दौलत कमाने और दुनिया के ऐशो-इशरत में हम समय लगा देते हैं परंतु नित्य नियम से हम भजन में समय नहीं देते। जिस प्रकार शरीर को हम भोजन देते हैं उसी प्रकार आत्मा का भोजन भजन है। जब तक जगे हुए संत महात्मा नहीं मिलेंगे तब तक भजन की युक्ति नहीं मिलने वाली। भजन क्या है? ऊपरी मंडलों से सबके अंदर गुंजारमान होने वाली आकाशवाणी, अनहदवाणी को सुनना ही भजन है। यह साधना आंख, मुख और कान बंद करके की जाती है। आंख कान मुंह ढकी के नाम निरंजन ले भीतर का पत्र तब खुला जब बाहर का पट देव महाराज जी ने सुमिरन ध्यान व भजन की युक्त को विस्तार से समझाया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामचंद्र यादव, सतीश वर्मा, राममिलन फौजी, ग्राम प्रधान राजन सिंह, उदयराज रावत, जगजीवन प्रसाद यादव, शरद यादव, राजकुमार यादव, राजू यादव, दीपक, सुरेंद्र, मुन्नी यादव आदि उपस्थित रहे।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोला गोकर्णनाथ खीरी**

संख्या 1253/न0पा0प0गोला/मेला चैती/अल्पकालीन निविदा सूचना/2024-25 दिनांक 20-03-2025

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ खीरी द्वारा आयोजित ऐतिहासिक मेला चैती 2025 हेतु पालिका के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/अनुभवी फर्मों से निम्न विवरण के अनुसार व्यवस्था किये जाने हेतु मुहर बन्द निविदाएं दिनांक 27.03.2025 को अपरान्ह 02.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्यों के लिये निविदा प्रपत्र दिनांक 27.03.2025 को अपरान्ह 01.00 बजे तक नकद मूल्य पर क्रय किये जा सकते है। जो तद्दिनांक को अपरान्ह 03.00 बजे पालिकाध्यक्ष के समक्ष खोली जाएगी। निविदा के साथ जमानत धनराशि जो एफ0डी0आर0 के रुप में जोकि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गोला के नाम बन्धक हो, विशेष परिस्थितियों में जमानत राशि परिषद कोष में नकद/ऑनलाइन भी जमा की जा सकती है। प्रत्येक निविदा के साथ 100/- मूल्य का नोटरी स्टाम्प जिसमें यह उल्लिखित हो कि उसकी फर्म काली सूची में दर्ज नहीं है और वह वर्णित कार्यों को करने की अर्हता रखता है। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने एवं बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। अन्य नियम व शर्तें किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से ज्ञात की जा सकती है। कार्य के निमित्त तैयार बिलों का भुगतान तकनीकी स्वीकृति के पश्चात स्वीकृत दरों पर ही किया जाएगा, जिससे नियमानुसार करों की कटौती की जायेगी, एवं उल्लिखित मद में धनराशि की उपलब्धता होने पर ही भुगतान किया जा सकेगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | जमानत राशि | निविदा शुल्क | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मेला चैती 2025 में प्रकाश/सजावट व्यवस्था हेतु मेला परिसर/गेट, मेला/मन्दिर मार्ग आदि पर अस्थायी विद्युतीकरण/सजावट तथा लाउडस्पीकर का कार्य | 20,000 | 944 | सम्पूर्ण मेला अवधि |
| 2 | मेला चैती 2025 की टेन्ट, कुर्सी, पण्डाल गेट आदि की व्यवस्था किये जाने हेतु टेन्ट आदि की आपूर्ति का कार्य | 20.000 | 944 | |
| 3 | मेला चैती 2025 हेतु दरेशी, बैरीकेटिंग, मिट्टी आदि का कार्य | 10,000 | 944 | |
| 4 | बैनर/पलैक्स, पानी छिड़काव, फूलपत्ती, फूलमाला, जलपान, फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी व्यवस्था/कार्य, पुरुस्कार हेतु पृथक-पृथक कोटेशन। | - | - | |

नोट : 1. निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
2. कार्य/आपूर्ति कार्यालय के निर्देशानुक्रम में आवश्यकतानुसार करनी होगी।
3. ठेकेदार के बिल से नियमानुसार आयकर/जी0एस0टी0 की कटौती की जायेगी।
4. बिना जमानत के निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**गोला गोकर्णनाथ-खीरी**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**गोला गोकर्णनाथ-खीरी**

# प्रत्येक विद्यार्थी को अपने समग्र विकास का मिलता है अवसरः डॉ सुशील

- महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह संपंन्न

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



छात्रा को पुरस्कार प्रदान करते प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार शाक्य

हर छात्र को अपने समग्र विकास का अवसर मिलता है। हम न केवल अकादमिक सफलता पर ध्यान केंद्रित करते हैं, बल्कि सांस्कृतिक, खेलकूद और अन्य अतिरिक्त गतिविधियों में भी विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देते हैं। यह बात प्राचार्य डॉ सुशील कुमार शाक्य ने कही।

शुक्रवार को क्षेत्र के अनौगी स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर डॉ सुशील शाक्य ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में छात्र- छात्राओं ने विभिन्न नाट्य मंचनों में सम सामयिक समस्याओं और उनके समाधान को दर्शाया। जिसमें महिला शिक्षा एवं जागरूकता आदि विषयों को सम्मिलित किया। वर्ष पर्यंत विविध प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और शील्ड देकर पुरस्कृत किया।

जागरूक अभिभावक के रूप में राधे श्याम कुशवाहा व पुलिस भर्ती में फाइनल सिलेक्शन हेतु महाविद्यालय के छात्र रहे अनुराग को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। विभिन्न विषयों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले रजत, आयुष, सलोनी, आयुषी, बृजेश को प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। प्राचार्य ने कहा कि यह महत्वपूर्ण अवसर होता है। जहाँ छात्रों की सफलता और उनके समर्पण को सम्मानित किया जाता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ हेमेंद्र सिंह ने किया।

## बाइक की टक्कर से दो घायल, मुकदमा दर्ज

**सौरिख, कन्नौज।** तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीरों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। थाना बिशुनगढ़ के गांव कुशलपुर कैरदा निवासी राधा कृष्ण पुत्र राम प्रकाश ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया 16 फरवरी को मैं अपने रिश्तेदार उमेश पुत्र रामबक्स निवासी सैमलपुर को बाइक पर बैठाकर अपने रिश्तेदारी थाना सौरिख के गांव ईजलपुर जा रहा था शाम समय लगभग 5:00 बजे बैहटा रामपुर गांव के सामने कुशलपुर कैरदा निवासी बाइक चालक जितेंद्र पुत्र रामकिशन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे हम दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त बाइक चालक के खिलाफमुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी।

# ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**सौरिख, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

शादी के तीन साल बाद अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया।विवाहिता ने मामले की शिकायत पुलिस से की पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। थाना क्षेत्र की खडनी कस्बा निवासिनी सरस्वती पत्नी बालवीर उर्फ छोटे ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया मेरी शादी 22 मई 2022 को थाना क्षेत्र के ही गांव आलूपुर निवासी बलवीर उर्फ छोटे पुत्र स्वर्गीय दयाराम के साथ हुई थी जिसमें मेरे पिता ने शादी में लगभग दो लाख रुपए नगद दिए थे और घर का सारा सामान दिया था शादी के बाद से ही ससुरालिजन मिले दहेज से संतुष्ट नहीं थे और पांच लाख रुपए की मांग कर विवाहिता का उत्पीड़न करने लगे। मेरे पिता व रिश्तेदारों द्वारा काफी समझाने के बाद भी ससुराली जन नहीं माने और मांग पूरी न होने पर विवाहिता के साथ मारपीट कर केवल पहने हुए कपड़ों में एक महा पूर्व में घर से निकाल दिया। पिता द्वारा दिए गए जेवर व नगदी को भी उक्त लोगों ने छीन लिया विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने ससुरालीजन पति बलवीर उर्फ छोटे जेठ उदयवीर जेठानी लाली सास तारा देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## वाहन ने मारी ठोकर दो घायल

**सौरिख, कन्नौज।** अज्ञात वाहन की टक्कर से दो लोग घायल हो गए राहगीरों की मदद से एंबुलेंस की सहायता से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो लोगों को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जनपद औरैया के थाना फफूंद के गांव बदुआ निवासी राजीव पुत्र रामनरेश अपनी बाइक पर अपने गांव के ही आकाश राजपूत पुत्र राकेश राजपूत को बैठाकर छिबरामऊ रिश्तेदारी में गए हुए थे आज गुरुवार समय लगभग 11:00 बजे वापस घर जाते समय भावलपुर के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीरों की मदद से एंबुलेंस की सहायता से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद राजीव व आकाश राजपूत को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रिफर कर दिया गया।

## मजदूर ने लगाया मारपीट करने का आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मजदूरी का पैसा मांगने पर गांव के ही लोगों ने युवक के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम लखईयामऊ निवासी हनीफ पुत्र इश्तियाक ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि 21 मार्च की सुबह गांव के चार लोगों से जब उसने अपना मजदूरी का पैसा मांगा तो आरोपितों ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जाच शुरू कर दी है।

# एसपी ने साप्ताहिक परेड में लगवाई दौड़

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन में सप्ताहिक शुक्रवार परेड का निरीक्षण कर सलामी ली शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए लगवाई गयी दौड़ पुलिस लाईन की विभिन्न शाखाओं व पुलिस आवासों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को दिए गए। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के पश्चात शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड की दौड़ लगवाई। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाईए ड्रिल देखकर उसे और बेहतर तरीके से कराने के लिए प्रभारी पुलिस लाइन को निर्देशित किया। सभी अधिकारीध्कर्मचारियों से शस्त्र अभ्यास करवाया गया। पुलिस अधीक्षक ने पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर उपलब्ध समस्त आपातकालीन उपकरणों को चलवाकर चेक किया तथा प्रभारी यूपी 112 को निर्देशित किया गया कि पीआरवी वाहनों व उसके उपकरणों की लगातार चेकिंग करें पीआरवी कर्मी अपने-अपने स्थान पर सतर्क दृष्टि रखते हुए पब्लिक की सुरक्षा और सेवा में समर्पित रहें। पुलिस लाइन निरीक्षण के दौरान द्वारा जीडी कार्यालय, पुलिस कैंटीन, शस्त्रागार, बैरक, स्टोर रूमए भोजनालय, लॉन टेनिस ग्राउंड व परिवहन शाखा कन्ट्रोल रूमएआर ओआईपी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम यूपी 112 आदि को चैक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस उपाध्यीक्षक प्रतिसार निरीक्षक एव अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# रहमतों और बरकतों का महीना है माहे रमजान, रमजान में करें गरीब व जरुरतमंदों की मदद

**गुरसहायगंज,कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



तहसीन सिददीकी।



अरशद जमाल सिददीकी।



शमीम सिददीकी।



आसिफ जमाल खां पप्पी।

माहे रमजान सभी को एकजुट होकर रहना सिखाता है। माहे रमजान गरीब व जरूरतमंदों की मदद करने का संदेश देता है।

रहमतों और बरकतों के महीने में सभी को रोजा रखकर अल्हा की दबादत करती चाहिए। यह महीना बुराईयों को छोड़कर अच्छाई की राह पर चलना सिखाता है। रोजा रह मुसलमान पर फर्ज है। यह बात शुक्रवार को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिददीकी ने कही। सपा नेता अरशद जमाल सिददीकी ने बताया कि मुस्लिम धर्म में रमजान का अपना विशेष महत्व है। जो इस्लामिक देशों में बड़ी अकीदत के साथ मनाया जाता है। रमजान महीने की 27वीं रात शव-ए-कद्र को कुरान नाजिल हुई थी। किसान नेता शमीम सिददीकी ने कहा कि रमजान में तरावीह की नमाज पढ़ने, कुरान पढ़ने सहित अपने समाज व देश की उन्नति के लिए अल्लाह से दुआ करना चाहिए। दान देने और धार्मिक कार्य करने का महत्व भी कुरान में है। हर मुसलमान पर पर रोजा फर्ज है। जिस प्रकार तुम से पहले लोगों के लिए रोजा फर्ज थे। ताकि लोगों में परहेजगारी पैदा हो। समाजसेवी आसिफ जमाल खां पप्पी ने बताया कि रमजान भूखे प्यासे, बीमार, लाचार, गरीब व जरूरतमंदों की मदद करने का संदेश देता है। रमजान सभी को सिखाता है कि तुम्हारे आसपास कोई भूखा न सोए, अपनी आमदनी को गरीबों और जरूरतमंदों में खर्च करों। शहादा, सलाद (नमाज), सौम (रोजा), जकात और हज रमजान महीने के पांच बुनियादी स्तंभ है।

## खबरें एक नजर में

### वारंटी को पुलिस ने भेजा न्यायालय



**सौरिख,कन्नौज।** अलग-अलग मुकदमों में न्यायालय से फरार चल रहे दो वारंटी युवकों को पुलिस ने पकड़ कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस अधीक्षक बिनोद कुमार के निर्देशानुसार अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे धर पकड़ अभियान के चलते थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा ने उपनिरीक्षक ब्रजपाल सिंह व देवीसहाय बर्मा हेड कांस्टेबल दौलतराम, कांस्टेबल रविपाल के साथ न्यायालय से फरार चल रहे मुखबिर की सूचना पर उनके गांव के बाहर से अवधेश पुत्र रामबाबू निवासी नादेमऊ वही मुखबिर की सूचना पर नगर के मोहल्ला आजाद नगर निवासी संजय दुबे पुत्र बेंचेलाल दुबे को पकड़ कर कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया।

### सुन्नी अजहरी फाउंडेशन की तरफ से नूरी मस्जिद में कराया गया रोजा इफ्तार



**छिबरामऊ।** सुन्नी अजहरी फाउंडेशन की तरफ से नगर की नूरी मस्जिद में रोजा इफ्तार कराया गया। रोजा इफ्तार में सैकड़ों की तादात में लोगों ने इफ्तार कर नमाजे मगरिब अदा की और शहर व देश में अमन चैन और शांति के लिए दुआएं मांगी। नगर के मोहल्ला बिरतिया ऊंचा नई बस्ती स्थित नूरी मस्जिद में सुन्नी अजहरी फाउंडेशन की जानिब से रोजा इफ्तार कराया गया। इस मौके पर मस्जिद में सैकड़ों की तादात में लोगों ने रोजा इफ्तार किया फिर उसके बाद हाफिज इनामुद्दीन ने बाद नमाजे मगरिब पड़ा कर शहर व देश में अमन चैन और शांति की दुआएं मांगी। इस दौरान मुजफ्फर हुसैन अजहरी, मुकीम, सलीम मंसूरी, हाफिज इनामुद्दीन, इकरार उर्फ बंटी एडवोकेट, जीशान मंसूरी , खालिद एडवोकेट, अंसार, महमूद मंसूरी, आरिफ अंसारी, फीरोज, सलमान खुर्शीद, फरजान, अंजुमन मंसूरी अमन, माजिद आदि लोगों का सहयोग रहा।

### सौरिख में ट्रामा सेंटर, तिर्वा में बाईपास की मांग

**तिर्वा।** कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान भाजपा के तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत ने एक्सप्रेस-वे पर हो रही दुर्घटनाओं को लेकर सौरिख के पास ट्रामा सेंटर बनाने की मांग रखी। कहा कि जगह उपलब्ध है। ट्रामा सेंटर बन जाने से घायल लोगों को तुरंत इलाज मिल सकेगा। इसके अलावा पैरामेडिकल कॉलेज से बलनपुर तक बाईपास बनवाए जाने की मांग रखी। कहा कि इससे तिर्वा में जाम की समस्या खत्म हो जाएगी।

### अब लालटोपी क्यो नहीं उतारते अखिलेश यादव

**तिर्वा।** पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने अपने संबोधन के दौरान सपा मुखिया व कन्नौज सांसद अखिलेश यादव पर जमकर तंज कसे। कहा कि सनातन की बढ़ती ताकत को देख अब अखिलेश यादव भी रोजा अफ्तार पार्टियों में लाल टोपी लगाकर जाते है। पहले वह जालीदार टोपी लगा पहुंचते थे। यह सनातन का प्रभाव है कि कन्नौज में हो रहे सनातनी यज्ञ में वह शामिल होने आ रहे हैं।

# अटल की विचारधारा को आगे बढ़ा रहे नरेन्द्र मोदीः सतीश महाना

- मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरिएम में हुआ भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन
- मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना

**तिर्वा कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



विधानसभा अध्यक्ष को गार्ड ऑफ आर्नर देते जवान

राजकीय मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरिएम सभागार शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की स्मृति में भाजपा द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आए विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि मुझे अटल जी का ड्राइवर होने का अवसर मिला था। जो मेरे लिए गौरव का क्षण था। बरिष्ठजनों का सम्मान करना भाजपा की संस्कृति है।

आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने आए उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को ओडिटोरिएम के बाहर पुलिस के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि वह 17 बर्ष की उम्र में भाजपा से जुड़ गए थे। उन्होने उस समय अटल मिशन कार्यक्रमों का आयोजन किया था। जिसके एक कार्यक्रम में अटल बिहारी बाजपेई भी खुद शामिल होने आए थे। मुझे कई बार उनकी गाड़ी चलाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री साधारण व सरल सुभाव के व्यक्तित्व थे। उनकी विचारधारा को आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगे बढ़ाने का काम कर रहे है। जिससे एक बार फिर भारत देश विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। कार्यक्रम को प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरूण, पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत, पूर्व विधायक अरविन्द प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आनन्द सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र राजपूत ने संबोधित किया। कार्यक्रम में कुंवर शैलेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ शिवाजी, श्यामू राजपूत, हिमांशू सक्सेना, शिवानन्द वर्मा, शैलेन्द्र द्विवेदी समेत कई भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## नव नियुक्त कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष का किया स्वागत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** शहर के देवी सहाय मार्केट स्थित कांग्रेस सेवादल के कार्यलय में प्रदेश सचिव विनोद कुमार दुबे (पप्पू) ने कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मोहम्मद शाकिर हुसैन एडवोकेट का स्वागत किया, उन्होंने सेवादल के कार्यकर्ताओं व नेताओं को बुलाया सभी ने नवयुक्त जिलाध्यक्ष को बधाइयाँ दीं,जिलाध्यक्ष शाकिर हुसैन जी ने कहा आप सब के आशीर्वाद से आज इस पद पर नियुक्त किये गये,आप सबको वचन देते हैं,आप सब का सम्मान रखकर पूरे जनपद में कह को मजबूत करेंगे और कांग्रेस के पुराने साथियों को कांग्रेस से जोड़ेंगे और सभी वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का भी सहयोग लेंगे,इस कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य व प्रदेश महासचिव (अल्पसंख्यक) संजय पौल,पीसीसी सदस्य ब्रजेन्द्र सिंह(फौजी),जिलाध्यक्ष यूथ कांग्रेस अम्बुज शुक्ला, पूर्व नगर अध्यक्ष विनोद दुबे,आशाराम यादव,प्रदीप मिश्रा,पिंकी गुप्ता,राजू अंसारी,राजीव यादव,कामिल अंसारी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## महिला को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दीवार के पास खूटा लगाने के विवाद में पड़ोस के ही लोगों ने महिला के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपित युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डिल्लियाभूड निवासिनी विमलेश कुमारी पत्नी स्वर्गीय विश्राम ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि पड़ोस के ही एक युवक ने उसकी दीवाल के पास खूंटा लगा दिया। जब उसने खूटा खोलकर फेंक दिया तो आरोपित युवक ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी और मारपीट कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# विवेचनाओं को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश



**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मैं कोतवाली छिबरामऊ में विष्णुमगढ़ व छिबरामऊ थानों में संपादित हो रही विवेचना की जानकारी विवेचना अधिकारियों को निर्देशित किया कि शीघ्र विवेचना पूर्ण की जाए। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने थाना छिबरामऊ पर थाना छिबरामऊ एवं थाना विशुनगढ़ के सभी विवेचकों के साथ ओआर किया गया। लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त आइजीआरएस और प्राप्त प्रार्थना पत्रों के त्वरित निस्तारण पर करने को निर्देशित किया गया। साथ ही टॉप-10 और सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई की भी समीक्षा की गई। तथा अपहृत व्यक्तियों की शीघ्र बरामदगी, चोरी और नकबजनी की घटनाओं के अनावरण तथा 10 वर्षों से लंबित संपत्ति संबंधी अपराधों के सत्यापन और हिस्ट्रीशीटर अपराधियों के सत्यापन की प्रगति की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# होली मिलन में दिया संगठन की एकजुटता पर बल

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर की आवास विकास कालोनी स्थित सुभाष अकादमी में कान्यकुब्ज पत्रकार समिति का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगठन की एकजुटता पर बल दिया गया।

वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानप्रकाश उपाध्याय की अध्यक्षता में शुरू हुए कार्यक्रम में संगठन के जिला महामंत्री राजीवनयन त्रिपाठी एडवोकेट का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मौजूद पत्रकारों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर जहां होली गीतों पर जमकर नृत्य किया। वहीं संगठन की एकजुटता पर भी बल दिया गया। कार्यक्रम में सभी पत्रकारों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। छिबरामऊ अध्यक्ष अखिलेश सविता के संचालन में हुए कार्यक्रम में रिंकू चतुर्वेदी, हिमांशू द्विवेदी, अश्वनी पाठक, दिलीप विष्ट, राजेश शुक्ला, शिवम दुबे, छोटे मिश्रा, आकाश गुप्ता, राहुल शाक्य, विवेक दीक्षित, अंकित श्रीवास्तव, महमूद मंसूरी, आकाश शाक्य, अमित दीक्षित, हर्षित गुप्ता, दिलीप कश्यप, सुनील शुक्ला, मुकेश द्विवेदी, जय गुप्ता, सुनील सिंह, विशाल दुबे, रामऋषि पांडेय, गौरव चौहान, संजीव श्रीवास्तव, आलोक दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने ग्रामों के जले भू अभिलेखों को लेकर की बैठक



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जले हुये ग्रामों के भू.अभिलेख बनाने तथा सर्वेक्षण एवं अभिलेख क्रिया के अन्तर्गत सर्वेक्षण कार्यो के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने सर्वेक्षण कार्य की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि ग्राम गदनपुर बड्डू के प्रपत्र 14 का कार्य प्रत्येक दशा में इसी माह पूर्ण कर लिया जाये। ग्राम चैधरियापुर बांगर में सर्वे टीम द्वारा भू मापन का कार्य 30 अप्रैल 2025 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण किया जाये। इसी प्रकार चांदापुर कछोहा,कटरी रायपुर लड़ैता, आदि जिन गांवो में सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है प्रेम वर्क बनाकर सर्वे का कार्य समय से पूर्ण किये जाये।शुक्ल ने जले हुये ग्रामों के भूअभिलेख बनाने की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि ग्राम सरदामई में जो आपत्तियां आई है उन्हें गांव में बैठ कर ही निस्तारण करें। प्रत्येक कास्तकार को संतुष्ट रखते हुये कार्य को आगे बढ़ायें। ग्राम अकबरपुर में खतौनी मिलान के अनुसार मौका आधारित 645 चको के सापेक्ष 201 चकों का भू चित्र पर खाका तैयार किया गया है शेष चको का भी भूचित्र शीघ्र तैयार किया जाये। बरूआ सबलपुर में बचे हुये खातों का 21 कालम पंजिका में स्तम्ब 9 तक प्रविष्टियां 25 मार्च तक अंकित कर ली जाये। इसी प्रकार ग्राम कटिघरा में खातेदारों का 21 कॉलम पंजिका में स्तम्ब 20 तक के अंकन का कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जाये। उन्होनें कहा कि अपने अनुभव का प्रयोग कर प्रत्येक कार्य को समय से करें किसी कार्य को अनावश्यक लटकाये नहीे बैठक में अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह,अपर जिलाधिकारी न्यायिक देवेन्द्र सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## डीएम ने जेल अधीक्षक को सौंपी चेक



**कनौज।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में बंदी कल्याण एवं सहकारी समिति जिला कारागार अनौगी कन्नौज को आर्थिक मदद देने के उद्देश्य से बैंक आफइण्डिया द्वारा सीएसआर के अन्तर्गत 1 लाख रूपये की चेक जेल अधीक्षक मो0 अकरम खां को सौपी। जिलाधिकारी ने कहा कि इस धनराशि के माध्यम से बंदी कल्याण एवं सहकारी समिति को आर्थिक सहायता में मदद मिलेगी जिससे निरूद्ध बंदियों द्वारा तैयार की जा रही झालर कपड़े का थैला, गुलाल आदि को और विकसित करने में सहायक होगी। निश्चित रूप से प्रशिक्षित बंदियों का मनोबल बढेगा और अपराध जैसी प्रवृत्तियों को छोड़कर नई ऊर्जा के साथ अपने कार्यो के प्रति लगनशील होगें। कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाने और रोजगारमुखी के अवसर खोलने में सभी की भूमिका होना आवश्यक है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक देवेन्द्र सिंह, अग्रणी जिला प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

# विश्व वानिकी दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

- विजयी प्रतियोगी युवाओं को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो भेंट किया गया

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर नेहरू युवा केंद्र कन्नौज के तत्वावधान में तालग्राम ब्लॉक के वीडीबीएमएस इंटर कॉलेज, सराय प्रयाग में पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक गौतम कुमार द्वारा पर्यावरण एवं वन विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सची कटियार, द्वितीय स्थान अर्शी मंसूरी एवं तृतीय स्थान नव्या कटियार को मिला। इसी अवसर पर पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक राजेंद्र कुमार द्वारा मेंहदी घाट पर एनसीसी के युवाओं की 400 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया साथ ही वृक्षारोपण और स्वच्छता श्रमदान भी किया गया। 400 मीटर दौड़ में श्रद्धा प्रथम,सलोनी द्वितीय और इलियास तृतीय स्थान पर रहे। मेंहदी घाट पर हुए कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित जिला परियोजना अधिकारी, नमामि गंगे, उप क्षेत्रीय वनाधिकारी, बीके यादव ने उपस्थित युवाओं को वानिकी दिवस संबंधी संबोधन दिया। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक प्रदीप कुमार द्वारा गुगरापुर में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हुई। सभी प्रतियोगिताओं के विजयी युवाओं को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो भेंट किया गया।





# स्ट्रेचर न मिलने से दो मंजिल वार्ड से मरीज को गोद में उठाकर लाया तीमारदार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सपा शासनकाल में जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें मुहैया कराने के उद्देश्य से डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल की स्थापना की गयी थी। जो सभी सुविधाओं से सुसज्जित था, लेकिन अस्पताल में सभी सुविधायें होने के बाद भी यहां इलाज के लिए आने वाली जनता परेशान है। ज्यादातर मरीजों को यहां से डाक्टर रेफर कर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। कई असहाय मरीज स्ट्रेचर के अभाव में मरीजों को ठिलिया तथा स्वयं उठाकर अस्पताल तक ले जाते हैं।

**लोहिया अस्पताल का हाल बेहाल....**

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सुबह शकुंतला उम्र 35 वर्ष पत्नी राम प्रताप निवासी बहबलपुर थाना अमृतपुर की निवासिनी है। बीते दिन उसकी तबियत खराब होने पर उसके पति ने उसे डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया था, लेकिन उसकी हालत में सुधार न होने पर चिकित्सक ने उसे बाहर ले जाने की सलाह दी। जिस पर वह काफी देर तक स्ट्रेचर का इंतजार करता रहा, जब उसे स्ट्रेचर नहीं मिला, तो वह पत्नी को गोद में लोहिया अस्पताल से बाहर तक लेकर आया। तब वाहन में बैठाया। कितने शर्म की बात है कि डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल में



पत्नी को गोद में उठाकर लेकर आता पति

तैनात चिकित्सक तथा कर्मचारी डियूटी के दौरान अपने फर्ज को भूल जाते हैं और मरीजों को उनके हाल पर छोड़ देते हैं। थोड़ा बहुत भी मरीज सीरियस पहुंच जाये, तो उसे तुरंत बाहर के लिए रेफर कर देते हैं। मरीज के साथ कोई प्रयास नहीं करते हैं। जबकि सरकार से लाखों रुपया हर माह वेतन लेते हैं। चिकित्सक जितना वेतन लेते हैं, उतना तो काम भी नहीं करते हैं। ऊपर से प्राइवेट प्रैक्टिस कर लाखों के बारे न्यारे कर रहे हैं। जब इस संबंध में मुख्य चिकित्साधीक्षक से अशोक प्रियदर्शी से बात करनी चाही, तो उन्होंने अपना फोन तक उठाना गवारा नहीं समझा।

### अधिकांश चिकित्सक कक्षों से रहते गायब

अधिकांश चिकित्सक लेट लतीफ तो आते ही है, साथ ही कक्ष खोलकर गायब हो जाते हैं। बेचारे मरीज घंटों इंतजार करने के बाद जब थक जाते हैं, तो घरों को लौट जाते हैं। जब कभी भी कोई अधिकारी निरीक्षण करता है, तो फटकार लगाकर चला जाता है, लेकिन डाक्टर हैं कि अपना रवैया सुधारने का नाम ही नहीं लेते हैं। जबकि दूरदराज से आने वाले मरीज किराया भाड़ा इस आस में खर्च कर आते हैं कि वह दवा लेकर ठीक हो जायेंगे, लेकिन डाक्टर न मिलने से वह बगैर दवा लिये ही अपने-अपने घरों को बैरंग लौट जाते हैं।

### मीनू के अनुसार नहीं मिलता खाना

यहां भर्ती होने वाले मरीजों का कहना है कि उन्हें कभी भी मीनू के अनुसार खाना आदि नहीं मिलता है। जबकि कागजों पर मीनू के अनुसार खाना दिया जाना दर्शाया जाता है। जबकि दिया कुछ और ही जाता है। मरीजों का कहना है कि वार्डों में पोंछा आदि न लगने से वार्ड में बदबू आती रहती है। साथ ही बेडों की चादर आदि भी नहीं बदली जाती हैं। जिससे उन्हें काफी दिक्कत होती है।

### शुक्रवार को पर्चा बनवाने के लिए उमड़ी भीड़



पर्चा बनवाने के लिए लगी भीड़

शुक्रवार को काफी संख्या में मरीज दिखाने पहुंचे। रजिस्ट्रेशन काउंटर पर मरीजों की भारी भीड़ देखी गयी। व्यवस्था चाक चौबंदन होने से मरीजों व तीमारदारों को रजिस्ट्रेशन करवाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उन्हें कई घंटे लाइन में लगना पड़ा। ऐसे में वृद्ध मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी हुई, क्योंकि वह ज्यादा देर तक खड़े नहीं रह सकते हैं।

# संचारी रोगों की रोकथाम के लिए 01 अप्रैल से चलेगा अभियानः एसडीएम

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

संचारी रोग नियत्रंण और दस्तक अभियान की बैठक का आयोजन उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सभागार में हुआ। इस अभियान के तहत 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण और 10 से 30 तक दस्तक अभियान कार्यान्वित किया जायेगा। इसके साथ ही स्टाप डायरिया अभियान चलेगा। इस अभियान में आशा बहू, आगॅनवाड़ी के सहयोग से कार्य किया जाएगा। बैठक में उपजिलाधिकारी ने आदेश दिया कि सभी गतिविधियों को ससमय पूर्ण किया जाए और सभी विभागीय टीमें अपने क्षेत्र में कार्य को पूरा करें। उन्होंने सभी विभागों को फ्रन्टलाइन वर्कर्स को प्रशिक्षित करने का निर्देश भी दिया। शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों को संचारी रोगों



अधिकारियों की बैठक लेते एसडीएम

से बचाव और साफ-सफाई के लिए जागरूकता देने के लिए रोजाना प्रार्थना सभा में जानकारी दी जाएगी। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा नालियों की सफाई, झाड़ी की काटाई और एंटी लार्वा दवा का छिड़काव किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग और बाल विकास सेवा द्वारा बच्चों को पोस्टर और पम्पलेट्स वितरित किए जाएंगे और बच्चों के घरों पर संचारी रोग से बचाव के स्टीकर लगाए जायेंगे। बैठक में नगर पालिका अधिशासी अधिकारी लव कुमार मिश्रा, कायमगंज चिकित्सा प्रभारी शोभित शाक्य, शमसाबाद चिकित्सा प्रभारी सरवर इकबाल, ब्लाक कायमगंज से ज्वाइन्ट बीडीओ मनीराम, डब्लूएचओ राम नरेश, यूनिसेफ के वीएम राघवेन्द्र पाण्डेय, ब्लाक प्रोग्राम मैनेजर मोहित गंगवारए सहित अन्य विभागों के लोग मौजूद रहे।

# पुरुष सीनियर कबड्डी प्रतियोगिता का डीएम ने किया शुभारंभ

▸ पहले दिन प्रतियोगिता में मिर्जापुर ने मारी बाजी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ब्रह्मदत्त स्टेडियम फतेहगढ़ में दिनांक 21.03.2025 से 23.03.2025 तक ओपन स्टेट आमंत्रण पुरुष सीनियर कबड्डी एवं दिनांक 24.03.2025 से 26.03.2025 तक ओपन स्टेट आमंत्रण महिला सीनियर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उक्त ओपन स्टेट सीनियर पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जनपदों मिर्जापुर, आगरा, कानपुर, बांदा, अलीगढ़, एटा, कन्नौज, फिरोजाबाद की 09 टीमें एवं 01 स्थानीय टीम सहित कुल 10 टीमों



विजेता टीमों के साथ जिलाधिकारी व क्रीड़ाधिकारी आदि

द्वारा प्रतिभाग किया गया है। शुक्रवार को कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारम्भ जिलाधिकारी द्वारा फीता काटकर एवं खिलाड़ियों, निर्णायकों से परिचय प्राप्त कर कियागया तथा इसके पूर्व तत्कालीन क्रीड़ाधिकारी द्वारा जिला जिलाधिकारी को बैच लगाकर सम्मान स्वरूप प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन द्वारा भेजे गए 12 ऑफिसियल्स निर्णायक की भूमिका में सुरेश कुमार सिंह, मो0 अकरम, हुबलाल, अजय गुप्ता, राजश्री, सुरजीत कुमार, गोपी यादव, सत्यप्रकाश, सुभाष चन्द्र, विमलेश कुमार, कुलदीप कुमार, कुलदीप के साथ अंजुम दुबे, अजय प्रताप सिंह, संजीव कटियार, प्रदीप यादव, प्रदीप जायसवाल, सपना यादव, अरूण यादव, जितेन्द्र कुमार, वैभव सोमवंशी एवं स्टेडियम के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे। प्रतियोगिता में पहले दिन के उद्घाटन लीग मैच का परिणाम इस प्रकार है। मिर्जापुर और एटा के बीच मैच हुआ। जिसमें मिर्जापुर 05 प्वाइंट से विजेता रहा। दूसरा मैच अलीगढ़ व गौतमबुद्ध नगर के बीच खेला गया। जिसमें अलीगढ़ 11 प्वाइंट से विजेता रहा। तीसरा मैच बाँदा व फिरोजाबाद के बीच खेला गया। जिसमें 11 प्वाइंट से बाँदा विजेता रहा। चौथा मैच मिर्जापुर व कन्नौज के बीच खेला गया। जिसमें 10 प्वाइंट से मिर्जापुर विजेता रहा।

# शांतिपूर्ण ढंग से अदा हुई जुमे की नमाज



मस्जिद के बाहर तैनात पुलिस

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

रमजानुल मुबारक पर जुमे की नमाज मस्जिदों में शांतिपूर्वक अदा की गई। सुरक्षा व यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए मस्जिदों पर कस्बा चौकी इन्चार्ज नागेन्द्र सिंह, कांस्टेबिल सचिन व होमगार्ड आशीष भी तैनात रहे। उन्होंने नमाज को शान्तिपूर्वक सम्पन्न करने के लिए पहले से ही तैयारियां की थीं। बताते चलें कि रमजानुल मुबारक में जुमे की नमाज का काफी महत्व है। हर रोजेदार की यह कोशिश होती है कि वह जुमे की नमाज अदा करे। नमाज में मस्जिदों में काफी भीड़ होती है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए मस्जिदों के बाहर पुलिस बल के तैनात किया गया था।

# हत्या के मामले में दोषी करार, सजा पर सुनवाई 25 को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट डॉ0 अनिल कुमार सिंह ने हत्या के मामले में सुदामा पुत्र देवीदयाल निवासी दीनदयाल बाग को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 25 मार्च की तिथि नियत की गयी है।

जानकारी के अनुसार बीते 20 वर्षों शहर कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले रामकिशोर कालीचरण निवासी दीनदयाल बाग ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 29 सितंबर 2005 को मेरे चाचा सूबेदार गांव के पूर्व खेत पर मक्का की फसल की रखवाली कर रहे थे। रात करीब 2:00 बजे मेरे पेट में अचानक दर्द हुआ तब




जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

मैं गांव के बाहर खेत में शौच करने के लिए गया था। उसी समय अचानक फायर की आवाज हुई और मेरे चाचा सूबेदार चिल्लाए।

तब मैंने कहा कि आ रहा हूं। इतने पर फिर दो फायर हुए। मैं जब खेत के पास पहुंचा और टार्च की रोशनी में देखा को सूबेदार को गोली मारते हुए मेरे ही गांव के सुदामा व उसके साथी भाग रहे थे। घटना के बाद गांव के बहुत से लोग आ गये थे। जिनके साथ मक्का के खेत पर गया, तो देखा मेरे चाचा सूबेदार की लाश पड़ी थी। उनके चेहरे, गर्दन व शरीर पर काफी चोटें थीं। करीब 18 साल पहले मेरे गांव के सर्वेश की हत्या हो गई थी। जिसमें उनके परिवार वालों ने सूबेदार को गलत फंसा दिया था। इसका मुकदमा भी अदालत में 7 साल पहले छूट गया था। फिर भी सर्वेश के परिवार वाले अंदर ही अंदर सूबेदार से रंजिश मानते थे। इसी रंजीश के कारण सुदामा ने ही अपने साथियों के साथ मिलकर सूबेदार की हत्या कर दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर मनोज, मुकेश व सुदामा के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता कृष्ण कुमार पांडे की पैरवी के आधार न्यायाधीश डॉ0 अनिल कुमार मिश्रा ने सुदामा को दोषी करार देते हुए जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 25 मार्च की तिथि नियत की गयी है। साक्ष्य के अभाव में मनोज व मुकेश को दोष मुक्त कर दिया गया।

# पागल कुत्ते ने बालक को काटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

स्कूल से लौट रहे बालक को पागल कुत्ते ने काट लिया। परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां उसका प्राथमिक उपचार कर इंजेक्शन लगाया गया। जानकारी के अनुसार कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव कमलाईपुर निवासी अभी उम्र 8 वर्षीय पुत्र प्रदीप शाक्य रामचन्द्र इन्टर नेशनल पब्लिक स्कूल कम्पिल का छात्र है। शुक्रवार को स्कूलव में अंग्रेजी का पेपर देकर वापस घर लौट रहा था। रास्ते में पागल कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। जिससे बच्चे का हाथ लहूलुहान हो गया। आनन-फानन में परिजनों ने उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उसका प्राथमिक उपचार किया गया। बताते चलें कि कुत्ते द्वारा



बालक का प्राथमिक उपचार करते फार्मासिस्ट

हमले की यह पहली घटना नहीं है। इससे पूर्व भी कायमगंज में कुत्ते व बंदरों का काफी आतंक है। आये दिन कुत्ते व बंदर व्यक्तियों को काटकर घायल कर रहे हैं।

# केडी बालिका में छात्राओं को पढ़ाई से हटकर खेलाये गये गेम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

लोहियापुरम आवास विकास स्थित कृष्णा देवी बालिका महाविद्यालय में एक अंतर विभागीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं के मध्य विभिन्न आउटडोर एवं इनडोर खेल खेलाए गए। इन खेलों में छात्राओं ने बहुत ही प्रसन्नता एवं उत्साह का प्रदर्शन किया। प्रतिदिन की पढ़ाई की दिनचर्या से अलग हटकर छात्राओं और अध्यापकों ने आज महाविद्यालय में नया ही माहौल और रौनक देखी। जिससे एक अलग ही मनोरंजन का वातावरण पूरे दिन महाविद्यालय परिसर में बना रहा। कैरम प्रतियोगिता में बीकॉम की



खो-खो प्रतियोगिता में भाग लेंती छात्रायें

तनिष्का ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लूडो में बीए की आकॉक्षा, अंशिका एवं मिताली ने क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं। चेस के खेल में बीएससी द्वितीय वर्ष की आर्या वर्मा ने जीत हासिल की। सर्वांत में होने वाले खेल कुर्सी दौड़ में बी0एड0 की आंचल कुशवाहा जीती तथा खो-खो में बीटीसी की टीम ने जीत हासिल की। डॉक्टर जीपी यादव, ममता यादव, ठाकुर प्रशांत सिंह इस प्रतियोगिता के आयोजक रहे। अन्य अध्यापक निर्णायक मंडल में शामिल रहे।

# सौदा के पैसे मांगने पर दबंगों ने दुकानदार समेत दो को पीटा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

खरीदे गये सौदे के पैसे मांगने पर दबंगों ने दुकानदार युवक समेत दो को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मात्र एनसीआर दर्ज कर घटना से पल्ला झाड़ लिया। वहीं पीड़ित ने मुख्यमंत्री से भी शिकायत की है। पीड़िता मंसूषा पाल पत्नी पवन कुमार निवासिनी अंगूरी बाग थाना कोतवाली फर्रुखाबाद जिला फर्रुखाबाद की निवासिनी है। दिनांक 14 मार्च को समय लगभग 5:00 बजे पीड़िता के जेठ का पुत्र अनुज घर के सामने परचूनी की दुकान पर बैठकर दुकानदारी कर रहा था, उसी बीच जटवारा जदीद निवासी अमन व अक्षय



घटना की जानकारी देते दंपति

बाबू उर्फ छोटे पुत्रगण मॉगेलाल, श्यामू पुत्र रामरहीस व राजेश पुत्र शिवसागर व 3-4 व्यक्ति अज्ञात सूरत शिनाख्त शराब के नशे में आये और अनुज से सौदा मांगा। जिस पर 0अनुज ने सौदा दे दिया। अनुज ने सौदे के170 रुपये मांगे। उक्त सभी लोग पैसे माँगने पर आगबबूला हो गये और गाली-गलौज करने लगे। गाली-गलौज का शोर सुनकर पीड़िता के पति घर से बाहर निकलकर दुकान पर गये। उक्त लोगों को गालियों देने से मना किया। इतने पर ही सभी लोग मां-बहन की गन्दी-गन्दी गॉलियां देते हुये मेरे पति पर टूट पड़े और जमीन पर गिराकर बेरहमी से लाठी-डण्डों व लात-घूसों से मारने पीटने लगे। जिससे पीड़िता के पति के शरीर पर गम्भीर चोटें आई। पीड़िता के पति ने घटना के बावत पुलिस को सूचित किया। जिसमें पुलिस ने मात्र एनसीआर 19/25 लिखकर पीड़िता के पति के शरीर पर आयीं चोटों का चिकित्सीय परीक्षण लोहिया अस्पताल में कराया। रिपोर्ट लिखाये जाने के कारण उक्त लोग रंजिश मानने लगे। दिनांक 19.03.2025 समय लगभग 8:30 बजे शाम पीड़िता के पति दावत खाने गये हुये थे, तमी श्यामू का भाई अरुण उर्फ कल्लू अपने चार-पाँच साथियों के साथ घर पर चढ़कर आये और मेरे पति का नाम लेते हुये गन्दी-गन्दी गालियों दीं और कहने लगे कि उस दिन तो तेरा पति बच था। अब दिखायी दिया तो जान से मार देंगे। पीड़िता व उसका परिवार उपरोक्त लोगों के भय से काफी डरे व सहमे हैं। उपरोक्त लोग कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित कर सकते हैं।

### महिला की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव हरियलपुर निवासी रानी देवी उम्र 50 वर्षीय पत्नी राजेश चन्द्र की हालत बिगड़ने पर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अमरेश कुमार ने रानी देवी को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# हत्या के मामले में अभियुक्त को चार वर्ष का कारावास

▸ पांच हजार का लगाया गया जुर्माना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-9 मेराज ने गैर इरादतन हत्या के मामले में बालकराम पुत्र स्व0 राधेश्याम को दोषी करार देते हुए चार वर्ष के कारावास एवं 5 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है, जबकि मुकदमा विचारण के दौरान एक अभियुक्त की मौत हो गयी।

जानकारी के अनुसार 09 फरवरी 2009 को कोतवाली कायमगंज के ग्राम नगला बसोला निवासी रामनरेश ने कोतवाली में दी गयी तहरीर में कहा था कि मेरी बेटी रामश्री प्रसाद चढ़ाने देवीजी के स्थान पर गयी थी। पास ही बालकराम के लड़के ने लैट्रीन कर दी थी, तो मेरी लड़की ने विरोध किया। मेरी बेटी की बात सुनकर बालकराम की पत्नी राजबेटी घर से बाहर आ गयी। उसने मेरी बेटी से कहा कि लैट्रीन मेरे बच्चों ने की है तथा नाराज होकर मेरी बेटी रामश्री को गाली-गलौज करने लगी। मेरी बेटी ने राजबेटी से गाली-गलौज देने से मना किया। उसी समय बालकराम, बहादुर तथा राजबेटी ने आकर लड़की को मारना पीटना शुरू कर दिया। मेरी पत्नी ने मारपीट का उलाहना दिया तथा कहा कि मेरी बेटी को क्यों मारा। इसी बात पर बालकराम, बहादुर तथा राजबेटी ने क्रोधित होकर कहा कि आज तुम सबको मारेंगे तथा अपने हाथ में लिये लाठी-डण्डों से मुझे व मेरे पिता जवाहर तथा मेरी पत्नी सोमवती को मारपीट कर घायल कर दिया था। लाठी-डण्डों की चोटों से मैं व मेरे पिता जवाहर मेरी पत्नी घायल हो गयी थीं। मुल्जिमानो ने कहा कि थाने मे शिकायत की तो जान से मार डालेंगे। मैंने घटना की सूचना थाने पर दी थी। पुलिस ने डाक्टरी परीक्षण कराया था। मेरे पिता की ज्यादा तबियत खराब होने पर उन्हे लोहिया अस्पताल भेज दिया गया था। जहां पर उनका करीब 15 दिन इलाज चला। उसके बाद मेरे पिता की मृत्यु हो गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर बालकराम एवं बहादुर के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। मुकदमा विचारण के दौरान बहादुर की मृत्यु हो गयी। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता अखिलेश कुमार सिंह की पैरवी के आधार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-9 मेराज ने बालकराम को दोषी करार देते हुए चार वर्ष के कारावास व 5 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

# पांच लोगों पर गैंगेस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस ने गैंगलीडर जयन्त यादव उर्फ छोटू पुत्र भंवरपाल सिंह यादव निवासी ग्राम गंगा नगर रोहिला, विजय कुमार पुत्र अनिल कुमार निवासी किसानन नगला अवन्तीबाई नगर, अनुपम पुत्र श्याम बिहारी कठेरिया निवासी किसानन नगला (अवन्तीबाई नगर), अक्षय कुमार पुत्र पंजाबीलाल निवासी किंसानन नगला (अवन्तीबाई नगर), अंशुमान सिंह उर्फ चंचल सिंह पुत्र अजय उर्फ बड़ेलल्ला निवासी



पुलिस हिरासत में आरोपी

मॉडल शंकरपुर समस्त थाना मोहम्मदाबाद द्वारा एक सुसगंठित गिरोह बनाकर अपने आर्थिक एंव भौतिक लाभ करने हेतु लूट जैसे जघन्य अपराध कारित कर समाज में भय व आंतक व्याप्त करना व समाज विरोधी क्रिया कलापों में संलिप्त रहने के कारण इनकी आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिये गैंगस्टर की कार्यवाही हेतु गैंगचार्ट प्रेषित किया गया था।

जो जिलाधिकारी द्वारा अनुमोदित होने के उपरान्त दिनांक 21 मार्च को अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0-71/2025 धारा- 3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 पंजीकृत किया गया है।

# शीतला सप्तमी पर मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

▸ मेले के चलते दिन भर लगता रहा जाम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हिंदू धर्म में मां दुर्गा के अनेक रूपों का महत्व है। मां शीतला भी दुर्गा जी का ही एक स्वरूप है। माता शीतला को शीतलता प्रदान करने वाला माना गया है। शीतला अष्टमी का पर्व कई मायनों में महत्वपूर्ण भी है। मान्यता है कि शीतला माता चर्म रोगों से भक्तों की रक्षा करती हैं। यही वजह है कि शीतला अष्टमी का पर्व ऋतु परिवर्तन का संकेत भी देता है। शीतला अष्टमी के दिन बासी भोजन किया जाता है। इस दिन अगर कुछ विशेष उपाय किया जाए तो माता बहुत प्रसन्न होती है। चैत्र मास की सप्तमी और अष्टमी तिथि पर यह पर्व मनाया जाता है। इस बार 21 और 22 मार्च को शीतला सप्तमी और अष्टमी मनायी जाएगी।



बढ़पुर मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तगण

शुक्रवार को बढ़पुर स्थित शीतला माता मंदिर में सप्तमी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। भक्तों ने अपनी श्रद्धानुसार पूजा अर्चना की। हर साल होली के बाद यह पर्व मनाया जाता है। ग्रामीण इलाकों व दूर दराज से लोग बढ़पुर शीतला माता मंदिर में पूजा अर्चना करने व बच्चों को मुंडन संस्कार कराने आते है। इस दिनों व्रत रखा जाता है और माता शीतला ही पूजा की जाती है। ऐसी मान्यता है कि यह व्रत महिलाएं अपने बच्चों की सलामती और घर-परिवार की सुख समृद्धि के लिए रखती हैं। मान्यता है कि इस दिन मां शीतला को बासी खाने का भोग लगाते हैं और पूरे दिन यही बासी खाना खाया जाता है। माना जाता है कि इस दिन घर में चूल्हा नहीं जलाया जाता है। इसलिए एक दिन पहले ही भोग और प्रसाद तैयार किया जाता है। वहीं अष्टमी पर इस साल ये खास तिथि 22 मार्च की सुबह 4 बजकर 23 मिनट से शुरू हो रही है, जो अगले दिन यानी 23 मार्च की सुबह 05 बजकर 23 मिनट तक रहेगी। **शीतला सप्तमी और अष्टमी का महत्व** शीतला सप्तमी और अष्टमी को लेकर सिर्फ धार्मिक मान्यताएं ही नहीं बल्कि स्वास्थ्य से जुड़ा भी है। दरअसल गर्मी के मौसम में ताजा, अधिक मसालेदार खाना खाने पाचन तंत्र बिगड़ जाता है। जिस वजह से गर्म भोजन से परहेज कर हल्का भोजन करने से पाचन तंत्र अच्छा और व्यक्ति स्वस्थ रहता है।



मां के दर्शन के इंतजार में लाइन में लगे भक्तगण

# पत्नी से विवाद में व्यक्ति ने पी हेयर डाई, भर्ती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पत्नी से विवाद अधेड़ ने डाई पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार जनपद कन्नौज निवासी 42 वर्षीय अखिलेश पुत्र भैया लाल का पत्नी गिरिजा देवी पाल से विवाद हो गया। जिससे वह अपने घर थाना नवाबगंज के ग्राम पुठरी चली आयी। कुछ देर बाद अखिलेश भी पुठरी पहुंच गया। जहां पर दोनों काफी विवाद हुआ। अखिलेश ने डाई पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सूचना पर अखिलेश परिजन भी लोहिया अस्पताल पहुंच गये।



लोहिया में भर्ती अखिलेश

# दबंग ने लाठी-डंडे से बोला हमला, दो घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दबंग ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। घायलों ने घटना के संबंध में थाने में तहरीर दी। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया और कार्यवाही की बात कही।

जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट के क्षेत्र बिर्रा बाग निवासी 40 वर्षीय शिरीष कुशवाहा पुत्र गेंदनलाल ने बताया कि वर्तमान में शांति नगर पजाबा में किराये के मकान में रह रहा है।

बीती रात्रि 9 बजे धर्मेन्द्र सक्सेना के साथ बैठा था, तभी बृजेश पुत्र नामालूम ने लाठी से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में शिरीष व धर्मेन्द्र घायल हो गया। आरोपी जानमाल की धमकी देकर भाग गया। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया। चिकित्सक ने घायलों का उपचार किया।



जानकारी देता घायल

# पंजाब सरकार के खिलाफ भाकियू ने किया प्रदर्शन, राष्ट्रपति को भेजा रोष पत्र

▸ सरकार आज से अपनी उल्टी गिनती शुरू कर दे: अजय कटियार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पंजाब एवं हरियाणा के खनोरी एवं शंभू बॉर्डर पर 13 महीने से आंदोलनरत किसानों को जबरदस्ती पंजाब सरकार द्वारा हटाए जाने पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय आवाह्न पर किसान नेताओं ने कलेकट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति सम्बोधित रोष पत्र नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा।

प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद शाक्य ने कहा कि 13 महीने से किसान एमएसपी और अन्य मांगों के लिए लड़ रहे थे, किसानों को पंजाब सरकार ने जबरदस्ती हटाया, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। कानपुर बुंदेलखंड जॉन के उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा ने कहा कि यह पंजाब की बात नहीं है यह पूरे देश की बात है, पूरे देश का किसान पंजाब के किसानों की तरफ देख रहा है और अगर जरूरत पड़ी तो जनपद से भारी संख्या में किसान खनौरी और शंभू बॉर्डर के लिए प्रस्थान करेंगे। जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने कहा कि पंजाब सरकार भी केंद्र सरकार की तरह तानाशाही रवैया अपना रही है। जिस तरीके से आम आदमी पार्टी की सरकार दिल्ली में नहीं रही इसी तरह यह सरकार पंजाब में भी आज से अपनी उल्टी गिनती शुरू कर दे, आने वाले समय में पंजाब सरकार भी नहीं रहेगी।



विरोध प्रदर्शन के दौरान मौजूद भाकियू नेता

इस सरकार ने भी केंद्र सरकार की तरह किसानों पर अत्याचार करना शुरू कर दिया है। इस अवसर पर लक्ष्मी शंकर जोशी, छविनाथ सिंह शाक्य, बृजेश गंगवार, संजीव सिंह, कृष्ण गोपाल मिश्रा, पुजारी कटियार, अभय यादव, मुकेश शर्मा, अफरोज मंसूरी, गोपी शाक्य, संजय यादव, अनीश सिंह, शिवराम शाक्य, प्रदीप यादव, बबलू खटीक, सुग्रीव सिंह पाल, सुशील दीक्षित, मदन सिंह, विजय शाक्य, गुड्डू यादव, मोनू राजेश गंगवार, बबलू यादव, सुबोध यादव, राज तिवारी, अजीत सोमवंशी, अभिषेक कटियार, दाताराम, रामरुप, सुरेन्द्र, हरिसिंह, धनीराम, रामकिशोर, शुभम, जागेन्द्र पाल, प्रेमवीर पाल, आकाश राजपूत, संतोष कठेरिया, अजीत सिंह, रुपलाल, राजेश, दीपू, शिवम, राजीव कुमार, ओंकार सिंह, अरुण सिंह, नितिन कुशवाहा, बबलू, अनुज यादव, सोनू यादव आदि उपस्थित रहे।

# अप्रेन्टिसशिप मेले में 159 अभ्यार्थियों का हुआ चयन



साक्षात्कार देते अभ्यार्थी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठण्डी सड़क में शुक्रवार को अप्रेन्टिसशिप/रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेलों में 07 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। 450 रिक्तियां के सापेक्ष 209 अभ्यर्थी उपस्थित हुये। मेलों में विभिन्न कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने 209 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया। इस दौरान 159 अभ्यार्थियों चयन हुआ। जिसमें 42 अभ्यर्थी अप्रेन्टिसशिप प्रशिक्षण हेतु एवं 117 जॉब हेतु चयन किया गया। मेले की व्यवस्था में नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह, कार्यदेशक बृजेश कुमार, अप्रेन्टिसशिप प्रभारी रंजीत कुमार सुमन, प्लेसमेन्ट प्रभारी सुनील कुमार, विजेन्द्र सिंह, राज किशोर महतो एंव समस्त स्टॉफ उपस्थिति रहा।

# गाय के दूध से ज्यादा गोबर और गौमूत्र की कीमत किसान समझे: रमाकांत उपाध्याय


▸ उत्तर प्रदेश गौसेवा आयोग के सदस्य ने गौशाला का किया निरीक्षण

▸ गौपालक को 50 रुपये प्रतिदिन खुराक के लिए देगी सरकार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग ने गौ माता की हो रही दयनीय स्थिति को सुधारने के लिए खाका तैयार किया है। जिसके तहत गाय के दूध से ज्यादा गाय के गोबर और गौमूत्र की कीमत के महत्व को किसान भाईयों व गौपालकों को समझाया जायेगा, तभी गौमाता की जो रही है दशा उसमें सुधार आयेगा, यह बात आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय ने वार्ता के दौरान कही।

उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय एक दिवसीय दौरे पर आये थे। उन्होंने बढ़पुर ब्लाक की एक गौशाला का निरीक्षण किया। बताया कि गौशाला में जो हमने देखा उससे तो लगता है कि सभी गौशालाओं में गऊमाता को हरा चारा, दाना, पानी खूब मिल रहा है। जब उनसे यह पूछा गया गौशाला होने के बाद भी बड़ी तादात में गौवंश छुट्टा घूम रहे है, जिससे किसानों की फसल बर्बाद हो रही है। वहीं आये दिन कोई न कोई अप्रिय घटना सांड़ के हमले से घटित होती है। इस पर बोले कि इन सभी समस्याओं का समाधान और किसान भाईयों की आय दोगुनी करने व उर्वरक के स्थान पर जैविक खाद का उपयोग करने का सरकार ने खाका तैयार किया है। मैं पांच माह पूर्व ही आयोग का सदस्य बना हूं। हमारी सरकार गाय की सुरक्षा के लिए काफी गंभीर है। उन्होंने बताया कि अब गौपालक को सरकार प्रतिदिन 50 रुपया एक गौवंश पर देगी। साथ ही सौर उर्जा सब्सिडी के तहत लगायी जायेगी, जिससे उनके घर में बिजली की समस्या नहीं होगी। साथ ही गाय के गोबर और गौ मूत्र का कैसे उपयोग करें इसका उन्हें प्रशिक्षण दिया जायेगा और बायो गैस का भी वह अपने घर में भोजन बनाने के लिए उपयोग कर पायेंगे। हर व्यक्ति अधिक से अधिक धन कमाने की चाहत रखता है। जब किसान को एक ही छत के नीचे बायो गैस, जैविक खाद, घर में बिजली के अलावा जो भी जैविक खाद अतिरिक्त बचेगी उसकी वह बिक्री कर सकते है। अभी तक किसान भाई केवल गाय के दूध का ही महत्व समझ रहे थे, अब सरकार दूध की कीमत से ज्यादा गाय के गोबर व गौ मूत्र की कीमत के महत्व को समझायेंगे और उसका मूल्य भी प्राप्त होगा, तभी गौरक्षा का सपना साकार होगा। सरकार अकेले कुछ नहीं कर सकती है। समाज को जागरुक होना होगा और इस योजना को अपनाने से गौरक्षा के साथ-साथ उनका परिवार मजबूत होगा। उनसे गौमाता को राष्ट्रीय पशु के दर्जे के संदर्भ में जब बात की तो बताया कि सरकार प्रयासरत है, लेकिन सभी को जागरुक होकर सहयोग करना होगा, तभी गौरक्षा का सपना साकार होगा।



वार्ता करते गौसेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय

उन्होंने बताया कि कई गौशालाओं में कुछ कर्मी दोषी पाये गये जिन्हे सरकार ने रिपोर्ट दर्ज कराकर जेल भेजने का काम किया है। गौपालक व किसानों को जागरुक करने के लिए ब्लाक स्तर पर गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। गाय के गोबर व गौ मूत्र को रसायनिक उर्वरक के अलावा औषधि के रुप में भी इस्तेमाल किया जा रहा है और बड़ी-बड़ी बीमारियां जड़ से खत्म हो रही है। उन्होंने बताया कि डा0 राकेश तिवारी की गौशाला को भी देखा। बड़ा ही अच्छा लगा। डा0 राकेश तिवारी गौमूत्र को पानी के साथ होने वाली फसल में लगाकर उच्च कोटि की फसल तैयार कर रहे है। गौमाता से प्राप्त होने वाले गोबर व गौमूत्र का उपयोग कर गुड़ से लेकर कई प्रकार के खाद्य पदार्थ बनाकर लोगों की सेवा कर रहे है। गौसेवा आयोग के सदस्य ने बताया कि इसे अपनाने से धीरे-धीरे किसान जो यूरिया के हो-हल्ला कर रहा है यूरिया का नाम लेना भूल जायेगा और जैविक खाद को याद करेगा। इसके उपयोग करने से शुद्ध व अच्छी फसल की पैदावार होगी और जिसका वाजिव मूल्य भी किसान भाइयों को मिलेगा। उन्होंने कई बिन्दुओं पर जबाव देने के बजाय यह कहकर टाल दिया कि मुझे अभी पांच माह ही हुए है, जैसे-जैसे जानकारी होगी वैसे-वैसे सुधार किया जायेगा।

## लोहिया अस्पताल के चिकित्सक के खिलाफ जांच शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लोहिया अस्पताल के चिकित्सक के खिलाफ कार्यवाही न होने पर पीड़ित ने मानवाधिकार आयोग से शिकायत की थी, जिस पर आयोग ने गम्भीरता पूर्वक संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्साधिकारी से जवाब मांगा है। डीएम ने मामले की जांच कराकर कार्यवाही के निर्देश दिए है। डॉ. राम मनोहर लोहिया जिला चिकित्सालय दलाली का अड्डा बन चुका है। आए दिन मरीजों को इलाज के अभाव का हवाला देकर गुमराह कर एक निजी नर्सिंग होम में भेजने का गोरख धंधा जोरो पर है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत से यह खेल जिले में फल फूल रहा है। बीते दिनों शहर के मोहल्ला छत्तादलपतराय के रहने वाले संजीव बाथम का चाइनीज मांझे में पैर उलझने से वह छत गिर गया था। इस घटना में उसके पैर की हड्डी टूट गई थी। जिसे परिजनों ने इलाज के लिए डा0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां संविदा पर तैनात हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरज वर्मा ने उसके परिजनों को गुमराह करते हुए कहा यहां ऑपरेशन नहीं होते हैं तुम्हें अच्छे इलाज की जरूरत है तो मेरे निजी नर्सिंग में इलाज कराना होगा। डॉक्टर नीरज वर्मा ने दस हजार रुपए बताए थे, लेकिन अस्पताल का स्टाफ उससे लगातार पैसे की मांग करता रहा। तीसरे दिन अधिक पैसे न देने पर उसकी छुट्टी कर दी गई। पीड़ित दर्द से तड़पता रहा उसके परिवार की एक न सुनी परिजनों ने उसे पुनः लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका सही उपचार हुआ। इस संदर्भ में संजीव ने समाधान दिवस व जनसुनवाई पर शिकायत की थी। स्वास्थ्य विभाग के एसीएमओ डा0 सर्वेश कुमार यादव व डिप्टी सीएमओ डॉ0 दीपक कटारिया ने बिना उसका पक्ष जाने शिकायत का झूठा निस्तारण कर दिया था। संजीव ने मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और चिकित्सक नीरज वर्मा की शिकायत की थी। मानवाधिकार आयोग ने मामले का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी व मुख्यचिकित्सा को जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए है। संजीव ने बताया कि डॉक्टर नीरज वर्मा को राजनैतिक संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते उसके खिलाफअधिकारी कार्यवाही करने से कतरा रहे हैं, उसे व उसके परिवार को किसी भी झूठे मुकदमें में फंसा सकते हैं, न्याय न मिला तो वह न्यायालय की शरण लेगा।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक में अनुपस्थित एमओआईसी बढ़पुर का रोका वेतन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान हेतु अंतर्विभागीय जनपद स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में सीएमओ ने अवगत कराया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा व दस्तक अभियान 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा। डीएम ने सभी ईओ को निर्देशित किया कि जनपद के सभी ओवरहैड टैंक, वाटरकूलर की सफाई करा ली जाये। नलियों की सफाई कराई जाय, फोगिंग कराई जाये, डीपीआरओ को गांवो में साफ सफाई कराने व झाड़ियों की कटाई व तालाबों व नालियों की सफाई, एन्टी लार्वा का छिड़काव के लिये निर्देशित किया। पशुपालन विभाग को निर्देशित किया कि वह सभी सुअर पालन केंद्रों व मुर्गी पालन केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करें। जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी कुपोषित बच्चों का चिन्हीकरण कर सूची उपलब्ध कराए। शिक्षा विभाग से अपेक्षा की गई कि सभी स्कूलों में बच्चो को फुल स्लीव की ड्रेस पहनने को कहा जाये व मच्छरजनित बीमारियों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई जाये। अभिभावकों को दिमागी बुखार व वेक्टर जनित रोगों के बारे में जागरूक किया जाये। खंड शिक्षा अधिकारी व बीआरसी के द्वारा विद्यालयों में जागरूकता के कार्यक्रम कराये जाये। कृषि विभाग व उद्यान विभाग को निर्देशित किया गया कि सभी किसानों को ऐसे पौधे लगाने के लिये प्रेरित किया जाए जो मच्छर प्रतिरोधी हो। डीएम ने निर्देशित किया कि सभी विभाग 02 दिन में अपने विभाग का माइक्रो प्लान तैयार कर उपलब्ध करा दे, चिकित्सा विभाग को हैंडविल छपवाकर वितरण कराने के निर्देश दिये गये। बैठक में बताया गया कि दस्तक अभियान में आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ती घर- घर जाकर आभा आई0डी0 बनायेगी। लक्षण युक्त रोगी को चिन्हित कर ई-कवच पोर्टल पर अपलोड करेगी। सभी स्कूलों में जाकर बच्चों को साफसफाई के प्रति जागरूक करेगी। बैठक में अनुपस्थित रहने पर एमओआईसी बढ़पुर के वेतन रोकने के निर्देश दिये गये। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक लेते डीएम

# पालतू कुत्ते के हमले से मासूम घायल, एसपी से की शिकायत

▸ कार्यवाही न होने पर बच्चे की नानी ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की

▸ पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी उसकी व उसके परिवार की हत्या करने का संयंत्र रच रहे हैं

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दबंग पड़ोसी के पालतू कुत्ते ने मासूम पर हमला कर दिया। जिससे बच्चा घायल हो गया। जब इसकी शिकायत पीड़ित पक्ष ने कुत्ता मालिक से की तो आरोपीगण मारपीट पर उतारू हो गये।

घटना के संबंध में पुलिस से शिकायत की। कार्यवाही न होने पर बच्चे की नानी ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार पल्ला जटवारा निवासी सुनम शर्मा पत्नी देश दीपक शर्मा ने पुलिस अधीक्षक को दिये गये शिकायती पत्र में दर्शाया कि 26 फरवरी को उनके पांच वर्षीय नाती को उनके पड़ोसी अवधेश बाथम पुत्र लाला राम के पालतू कुत्ते ने काट लिया था। जिससे उसके 15 दांत लग गए। जब इसकी शिकायत की तो अवधेश व उसके परिजन मारपीट पर उतारू हो गए और कहा कि कुत्ता इसी तरीके से घूमेगा। जिसके बाद आरोपी कुत्ते को खुला छोड़ने लगे। इस दौरान कुत्ता खुला छोड़ने का विरोध किया तो अवधेश, उनके पुत्र राहुल, सत्यम, मोहन, कुणाल, अवधेश की पत्नी पुष्पा सभी लोग मारपीट पर उतारू हो गए तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी उसकी व उसके परिवार की हत्या करने का संयंत्र रच रहे हैं।

किसी भी समय को भी घटना हो सकती है। पीड़िता का कहना है कि उसके व उसके परिजनों के साथ कोई भी अप्रिय घटना घटित होती है तो अवधेश व उसके परिजन जिम्मेदार होंगे। पीड़िता ने जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगायी है। आरोपियों पर कार्यवाही न होने पर आरोपियों के हौसले बुलंद है।

# अब दुनिया के लोग चख सकेंगे फुलवा आलू का स्वाद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उप्र कृषि निर्यात नीति 2019 के प्राविधानान्तर्गत जनपद स्तरीय क्लस्टर सुविधा इकाई की बैठक सम्पन्न हुई। जनपद के कृषि उत्पाद फुलवा आलू का स्वाद अब दुनिया के लोग चख सकेंगे।

जिससे जनपद के स्थानीय किसानों, व्यापारियों सहित अन्य हितधारकों की आमदनी बढ़ेगी। उप्र कृषि निर्यात नीति-2019 के सम्बंध में जानकारी देते हुए जनपद में निर्यात योग्य कृषि उत्पादों के लिए क्लस्टर सुविधा इकाई का गठन और नीति के अन्तर्गत निर्यातकों को निर्यात दायित्व सिद्ध होने पर दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि आदि के सम्बंध में चर्चा व समीक्षा की गई।

गिरीश चन्द्र ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक, सदस्य सचिव जनपद स्तरीय क्लस्टर सुविधा इकाई ने उ0प्र0 कृषि निर्यात नीति 2019 अन्तर्गत दिये जाने वाले विभिन्न प्रोत्साहनों के बारे में बताया कि निर्यात क्लस्टर गठन न्यूनतम 50 हेक्टेयर हेतु रू0 10 लाख, कृषि उत्पादों व प्रसंस्कृत बस्तुओं के निर्यात हेतु परिवहन अनुदान वास्तविक भाड़े का 25 प्रतिशत, अथवा प्रतिवर्ष अधिकतम रू. 20 लाख प्रति निर्यातक, निर्यात करने पर मण्डी शुल्क व विकास सेस पर छूट, कृषि निर्यात पाठयक्रम संचालित करने वाले राजकीय संस्थानों को भी फीस हेतु प्रोत्साहन तथा नवीन प्रसंस्करण इकाइयों हेतु टर्न ओवर का 10 प्रतिशत अथवा 25 लाख प्रतिवर्ष 05 वर्षो तक प्रोत्साहन देय है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, आलू विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, मण्डी सचिव, जीएम चीनी निल कायमगंज के प्रतिनिधि, सहायक निदेशक मत्स्य, डीडीएम नाबार्ड, प्रगतिशील किसान, निर्यातक सुधीर कुमार शुक्ला, आयोजक ज्येष्ठ कृषि विषण्णन निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।



क्लस्टर सुविधा इकाई की बैठक लेते डीएम

## शार्टसर्किट से लगी आग, गृहस्थी जली

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती निवासी ओमदत्त के मकान की दूसरी मन्जिल पर किराए पर हुसैन अपनी पत्नी दर्कशा सहित दो बच्चों के साथ रहते हैं। शुक्रवार को हुसैन बाजार चले गये तथा पत्नी बच्चों को लेकर सैदपुर चली गई। बाहर से कमरा बन्द था। अचानक मकान की खिड़की से धुआं निकलने लगा। आसपास के लोगों ने सूचना हुसैन को दी। उन्होंने पहुँचकर दरवाजा खोलास, तो कमरे में आग की लपटें दिखाई दीं। मोहल्लेवासियो ने समर चलाकर पानी डालकर आग पर काबू पाया। तब तक इन्वर्टर बैटरा, फ्रिज सहित अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित गृह स्वामी ने बताया कि उनका हजारों का सामान आग की भेंट चढ़ गया।

**कार्यालय ग्रा0पं0 सकवाई विकास खण्ड मोहम्मदाबाद, फर्रु0**

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/15वां वित्त /राज्य वित्त/मनरेगा आयोग योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 21/03/2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा आयोग योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सकवाई द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 21/03/2025 से 27/03/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 27/03/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | अवधेश के घर से कल्लू के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 9.75 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (ओमवीर) ग्रा0पं0 सकवाई, विकास खण्ड मोहम्मदाबाद सचिव (शैलेन्द्र त्रिपाठी)

**कार्यालय ग्रा0पं0 पसनिंगपुर वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फर्रु0**

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/15वां वित्त /राज्य वित्त/मनरेगा आयोग योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 21/03/2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा आयोग योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पसनिंगपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 21/03/2025 से 27/03/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 27/03/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | ग्राम पंचायत पसनिंगपुर में जूनियर स्कूल की वाउन्ड्री वाल निर्माण कार्य | 5.42 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (अर्चना) ग्रा0पं0 पसनिंगपुर, विकास खण्ड मोहम्मदाबाद सचिव (शिवपाल सिंह)

# भाषा को लेकर विभाजन के खिलाफ सभी सामाजिक संगठन आएं आगे : संघ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मानना है कि भाषा के नाम पर देश में चल रही विभाजन की राजनीति को काटने के लिए सामाजिक संगठनों को आगे आना चाहिए। वहीं परिसीमन के मुद्दे पर उत्तर भारत बनाम दक्षिण भारत के विषय पर संघ ने कहा है कि गृहमंत्री इस संबंध में आश्वासन दे चुके हैं कि लोकसभा सीटों का अनुपात पहले के समान ही रहेगा।

संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की आज से कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में शुरू तीन दिवसीय बैठक में संघ के कार्य विस्तार और दृढ़ीकरण का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। बैठक 21.23 मार्च का शुभारम्भ आज प्रातः 9 बजे सरसंघचालक मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भारत



माता के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया। बैठक में लगभग 1450 प्रतिनिधि उपस्थित हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह सीआर मुकुंद ने बेंगलुरु में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि संघ मणिपुर में मैतई और कुकी दोनों समुदायों के बीच कई गतिविधियां चलाता है और इनके माध्यम से दोनों जनजातीय समूह में शांति के प्रयास के लिए कार्यरत है। उन्होंने कहा कि मणिपुर की स्थिति में सुधार हो रहा है लेकिन अभी भी काफी समय लगेगा। भाषा के नाम पर हो रही राजनीति और नई शिक्षा नीति में तीन भाषा फार्मूले पर संघ ने कहा कि संघ मातृ भाषा को बढ़ावा देने और उसमें शिक्षा दिए जाने का पक्षधर है। साथ ही वह स्वयंसेवकों और समाज को अन्य भारतीय भाषाओं को भी सीखने के लिए प्रेरित करता है। संघ संगठन क्षमता की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि देशभर में एक करोड़ से अधिक स्वयंसेवक हैं और इनमें से करीब 6 लाख प्रतिदिन शाखा जाते हैं। इसके अतिरिक्त भी कई स्वयंसेवक विविध क्षेत्रों में संघ प्रेरित संगठनों में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में देश भर के 73,646 स्थान पर संघ की गतिविधियां चल रही हैं। इनमें से 51,710 स्थान पर दैनिक गतिविधियां और 21ए936 स्थान पर साप्ताहिक गतिविधियां चल रही हैं। 83,139 शाखाएं देश भर में चल रही हैं। पिछले साल के मुकाबले लगभग 10 हजार शाखाएं बढ़ी हैं। उन्होंने बताया कि पिछले तीन सालों में संघ ने ग्रामीण क्षेत्र में विस्तार पर ध्यान केंद्रित किया है। कुल 58,981 ग्रामीण मंडलों में से 30,770 स्थान पर शाखाएं लग रही हैं और पिछले साल के मुकाबले इसमें 3 हजार की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि सरसंघचालक के आह्वान पर दो साल का समय देने वाले 2,453 लोगों ने अपना घर छोड़ा है। संघ में नए कार्यकर्ताओं के जुड़ने के बारे में उन्होंने बताया कि हर वर्ष 14 से 25 वायु वर्ग के नए स्वयंसेवक जोड़ रहे हैं। पिछले वर्ष 4450 प्रारंभिक वर्ग लगाए गए हैं। इनमें 2.23 लाख ने भागीदारी की है। वहीं दूसरी ओर जॉइन आरएसएस के माध्यम से भी लोग संघ से जुड़ रहे हैं। अब तक का 12 लाख से अधिक लोग इसके माध्यम से जुड़े हैं जिनमें 46000 महिलाएं हैं।

## तिरुमाला मंदिर में केवल हिंदुओं को ही काम पर रखें : मुख्यमंत्री

**तिरुमाला।** आंध्र प्रदेश के एन मुख्यमंत्री चंद्रबाबू ने कहा कि तिरुपति बालाजी मंदिर की सात पहाड़ियां वेंकटेश्वर स्वामी के स्वामित्व में हैं और इन पहाड़ियों पर कोई भी अपवित्र कार्य नहीं होने देंगे। इन पहाड़ियों के आसपास कहीं भी व्यावसायीकरण नहीं होने दिया जाएगा और तिरुमाला में सिर्फ हिन्दू ही मंदिर के प्रबंधन का काम करेंगे। शुक्रवार को मुख्यमंत्री चंद्रबाबू ने तिरुमाला में भगवान बालाजी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री ने यहां अपने पोता नारा देवांश का जन्मदिन मनाया। परिवार के सदस्यों के साथ भगवान वेंकटेश्वर की सेवा में भी भाग लिया। मुख्यमंत्री ने मंदिर के प्रशासन के साथ एक बैठक कर सुविधाओं की समीक्षा की। इससे पहले मुख्यमंत्री चंद्रबाबू का यहां पहुंचने पर तिरुमला तिरुपति देवस्थानम के अध्यक्ष बीआर नायडू ने पुजारियों व वेद पंडितों के साथ स्वागत किया।

# आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों ने लगातार उभरते आतंकवाद को लेकर जताई चिंता

एजेंसी



**नई दिल्ली।** आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक में आतंकवाद और उग्रवाद से निपटने के लिए व्यापक रणनीति विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। बैठक का उद्देश्य आसियान देशों के रक्षा बलों और उसके संवाद भागीदारों के जमीनी अनुभव को साझा करना था। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि आतंकवाद लगातार उभरती हुई चुनौती बना हुआ है, जिसके खतरे लगातार सीमाओं को पार कर रहे हैं।

आतंकवाद के मुद्दे पर आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस (एडीएमएम-प्लस) विशेषज्ञ कार्य समूह (सीटी पर ईडब्ल्यूजी) की 14वीं बैठक 19 से 20 मार्च तक नई दिल्ली में हुई। बैठक में आसियान सचिवालय, आसियान देशों- लाओ पीडीआर, मलेशिया, इंडोनेशिया, म्यांमार, सिंगापुर, थाईलैंड, मलेशिया, फिलीपींस और वियतनाम, एडीएमएम-प्लस सदस्य राज्यों में चीन, अमेरिका, रूस, ऑस्ट्रेलिया, जापान और कोरिया गणराज्य के प्रतिनिधिमंडलों ने भाग लिया। बैठक के दौरान भारत और मलेशिया ने 2024-27 के लिए कार्य योजना प्रस्तुत की।

इस दौरान 2026 में मलेशिया में विशेषज्ञ कार्य समूह के तहत टेबल-टॉप अभ्यास और 2027 में भारत में फील्ड प्रशिक्षण अभ्यास आयोजित करने का ऐलान किया गया। दो दिवसीय बैठक के दौरान आतंकवाद और उग्रवाद के उभरते खतरे से निपटने के लिए एक मजबूत और व्यापक रणनीति विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए चर्चा की गई। बैठक का उद्देश्य आसियान देशों के रक्षा बलों और उसके संवाद भागीदारों के जमीनी अनुभव को साझा करना था।

बैठक ने वर्तमान चक्र के लिए गतिविधियों, अभ्यासों, बैठकों और कार्यशालाओं की नींव रखी।? बैठक में भाग लेने वाले देशों और आसियान सचिवालय के प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों ने क्षेत्र में आतंकवाद का मुकाबला करने के प्रयासों पर अपने विचार रखे। सांस्कृतिक दौरे के हिस्से के रूप में प्रतिनिधियों ने आगरा का भी दौरा किया।

# 26 मार्च को एशिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन जनता के लिए खुलेगा

एजेंसी

**श्रीनगर।** डल झील और ज़बरवान पहाड़ियों के बीच बसा एशिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन 26 मार्च को कश्मीर घाटी में पर्यटन सीजन की शुरुआत को चिह्नित करने के लिए जनता के लिए खुलेगा। लगभग 55 हेक्टेयर में फैले उद्यान में लगभग 17 लाख ट्यूलिप फूल के पौधे लगाए गए हैं। जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला गार्डन का उद्घाटन करेंगे।

ट्यूलिप गार्डन में सहायक फ्लोरीकल्चर अधिकारी आसिफ अहमद ने कहा कि गार्डन 26 मार्च को जनता के लिए खोल दिया जाएगा। उद्यान के उद्घाटन की तैयारियां जोरों पर हैं और इसे तैयार करने के लिए अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस साल उद्यान में ट्यूलिप की दो नई किस्में जोड़ी गई हैं, जिससे



कुल संख्या 74 हो गई है। उन्होंने कहा कि हम हर साल ट्यूलिप उद्यान के लिए कुछ नया करने की कोशिश करते हैं। इस साल हम नई रंग योजना लेकर आ रहे हैं। इस साल वसंत फूल जैसे कि हाइसिंथ, डेफोडिल, मस्करी और साइक्लेमेन भी प्रदर्शित किए जाएंगे। अहमद ने बताया कि 55 हेक्टेयर में फैले उद्यान में लगभग 17 लाख ट्यूलिप फूल के पौधे लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस साल हमारे पास 1.7 मिलियन फूल के पौधे हैं, जिन पर पर्यटक फूल खिलते हुए देख पाएंगे। उद्यान का विस्तार लगभग अपनी पूरी क्षमता तक पहुंच गया है।

## तेज रफ्तार बाइकर्स दो मोटरसाइकिल से टकराई तीन की मौत, पांच घायल

**बालोद।** छत्तीसगढ़ के बालोद में शुक्रवार को सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में डेढ़ साल की मासूम बच्ची सहित तीन की मौत हो गई। वहीं, इस हादसे में पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि तेज रफ़्तार बाइकर्स सामने से आ रही दो मोटरसाइकिल से टकरा गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घायलों को अस्पताल में दाखिल करवाया जहां उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार घटना बालोद क्षेत्र के धमतरी मुख्य मार्ग की है। आज सुबह भिलाई से राइडर्स की टीम चार मोटरसाइकिल पर सवार होकर केशकाल के लिए निकले थे। वहीं, दूसरी तरफ से बरही गांव निवासी अक्षय यादव, पत्नी खिलेश्वरी यादव अपने डेढ़ साल की बेटी दीक्षा के साथ बालोद जिला अस्पताल जा रहे थे।

# हसन नवाज का नाबाद शतक, पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को नौ विकेट से हराया

एजेंसी

**ऑकलैंड।** हसन नवाज (नाबाद 105) की शतकीय और कप्तान आगा सलमान (नाबाद 51) की आतिशी अर्धशतकीय पारियों की बदौलत पाकिस्तान ने शुक्रवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को नौ विकेट से हरा दिया है।

205 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान के लिए मोहम्मद हारिस और हसन नवाज की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 74 रन जोड़े। छठें ओवर में जेकब डफी ने मोहम्मद हारिस को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। मोहम्मद हारिस 20 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के लगाते हुए (41) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान सलमान ने हसन नवाज के साथ ना केवल पारी को



संभाला दोनों बल्लेबाजों ने तेजी के साथ रन भी बटोरे। पाकिस्तान ने 16 ओवर में एक विकेट पर 207 रन बनाकर मुकाबला नौ विकेट से जीत लिया। हसन नवाज ने 45 गेंदों में 10 चौके और सात छक्के लगाते हुए (नाबाद 105) रनों की पारी खेली। कप्तान आगा सलमान 31 गेंदों में छह चौके और दो छक्के लगाते हुए (51) रन पर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की ओर से जेकब डफी एकमात्र सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने मोहम्मद हारिस को आउट किया। इससे पहले आज यहां पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आग ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में फिन ऐलन (शून्य) का विकेट गवां दिये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मार्क चैपमैन ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी की शुरुआत की। उन्होंने टिम साइफर के साथ दूसरे विकेट के लिए 40 रनों की साझेदारी की। पांचवें ओवर में हारिस रउफ ने टिम साइफर को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। टिम साइफर ने नौ गेंदों में दो छक्के और एक चौका लगाते हुए (19) रनों की पारी खेली। दो विकेट गिरने के बावजूद डैरिल मिचेल और मार्क चैपमैन तेजी के साथ रन बनाते रहे। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 55 रन जोड़े। 10वें ओवर में शादाब खान ने डैरिल मिचेल को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया।

## खबरें एक नजर में

### घुटने की चोट के कारण ब्रायन गिल का सीजन खत्म

**मैड्रिड।** स्पेन के अंतरराष्ट्रीय विंगर ब्रायन गिल इस सीजन में अब और नहीं खेल पाएंगे। गिरोना क्लब ने गुरुवार को पुष्टि की कि उन्होंने अपने दाएं घुटने के बाहरी लिगामेंट की सर्जरी कराई है। यह चोट उन्हें पिछले सप्ताहांत वेलेंसिया के खिलाफ घरेलू मुकाबले में 1-1 से ड्रॉ के दौरान लगी थी। गिल को पूरी तरह ठीक होने में लगभग चार से पांच महीने का समय लगेगा, तब तक उनका गिरोना के साथ लोन करार समाप्त हो जाएगा। 24 वर्षीय गिल इस सीजन में गिरोना के लिए अहम खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने ला लिगा, कोपा डेल रे और चैंपियंस लीग में कुल 32 मुकाबलों में हिस्सा लिया (28 बार शुरुआती एकादश में), जिसमें उन्होंने चार गोल किए और तीन असिस्ट दिए। गिल 2021 में सेविया से टोटेनहम क्लब में शामिल हुए थे और उनका अनुबंध जून 2026 तक है। हालांकि, वह इंग्लैंड में खुद को स्थापित नहीं कर पाए और अब तक नॉर्थ लंदन क्लब के लिए सिर्फ 43 मैच खेले हैं। टोटेनहम ने उन्हें पहले वेलेंसिया, फिर सेविया और अब गिरोना को लोन पर भेजा था। गिरोना के पास सीजन के अंत में गिल को स्थायी रूप से खरीदने का विकल्प है, जिसकी कीमत लगभग 15 मिलियन यूरो होगी। हालांकि, उनकी इस गंभीर चोट के चलते क्लब इस फैसले पर दोबारा विचार कर सकता है।

### जल शक्ति मंत्रालय की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित

**नई दिल्ली।** लोक सभा में शुक्रवार को कटौती प्रस्तावों को खारिज करते हुये जल शक्ति मंत्रालय से संबंधित अनुदान मांगों को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। चर्चा का जवाब देते हुये जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने कहा कि मोदी सरकार जल के महत्व को समझती है और इसके प्रबंध के लिये पर्याप्त धन दिया है। श्री पाटिल ने कहा कि पिछली संयुक्त प्रगतिशील गंठबंधन (संप्रग) सरकार के 10 वर्ष के कार्यकाल में जल क्षेत्र के लिये एक लाख दो हजार करोड़ रुपये दिये गये थे, जबकि मोदी सरकार के दौरान इस क्षेत्र को 10 वर्ष में चार लाख 29 हजार करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन किया गया। उन्होंने कहा कि देश में सभी को निरंतर स्वच्छ पेयजल मिलता रहे, इसके लिये देश भर में 25 लाख महिलाओं को प्रशिक्षित किया है, जो स्थानीय स्तर पर पेयजल की गुणवत्ता की जांच कर सकेंगी। इसके लिये उन्हें किट प्रदान किये गये हैं। किसी को भी दूषित पेयजल न लेना पड़े, इसके लिये सरकार पूरे इंतजाम करने का प्रयास कर रही है।

### युवा शक्ति कर सकती है मजबूत भारत का निर्माण

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि शहीदों से प्रेरणा लेकर युवा शक्ति ही एक विकसित भारत का निर्माण कर सकती है। श्री विजेंद्र गुप्ता ने आज दिल्ली विश्वविद्यालय के शहीद सुखदेव कॉलेज में आयोजित शहीदों की विरासत, युवा शक्ति का प्रभाव-विकसित भारत का निर्माण विषय पर व्याख्यान में युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे अपने सपनों को साकार करें और देश को एक मजबूत और विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान दें। उन्होंने कहा शहीदों से प्रेरणा लेकर युवा शक्ति ही एक विकसित भारत का निर्माण कर सकती है। अपने आप पर विश्वास रखें और अपने आदर्शों को अपनाते हुए आगे बढ़ें।

### पुलिस लाइन का एसपी ने किया निरीक्षण



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में परेड का निरीक्षण किया और पुलिस कर्मियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए नियमित व्यायाम करने की सलाह दी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परेड की सलामी ली, स्क्वाड ड्रिल का जायजा लिया और पुलिस कर्मियों को अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन परिसर, आरक्षी बैरक, भोजनालय, शौचालय, 112 कंट्रोल रूम, डीसीआर कक्ष, रेडियो शाखा एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सफाई व्यवस्था को लेकर विशेष जोर दिया और प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक सुधार कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस कर्मियों के लिए स्वच्छ पेयजल और मेस में गुणवत्तापूर्ण भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

### ट्रक के टक्कर से अंडा विक्रेता की मौत

**पड़री (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के पड़री बाजार के दाढ़ीराम रोड पर बीती देर रात ट्रक के धक्के से बाइक सवार अंडा विक्रेता की मौके पर हीमौत हो गई। घटना के बाद भाग रहेट्रक का ग्रामीणों ने पीछा किया, लेकिन चालक ट्रक समेत भाग निकला। ट्रक का नम्बर नोट करपुलिस को दे दिया है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र के बेलवन गांव निवासी 38 वर्षीय अशोक सिंह पुत्र रामबिलास सिंह पड़री स्थित दाढ़ीराम रोड पर अपनेमकान मेंअंडा व चिकन की दुकान खोल रखा था। प्रतिदिन की तरहगुरुवार की भी रात दुकान बंद कर अपनेबाइक सेघर बेलवन जा रहा था। दुकान सेबाइक पर सवार हो चंद कदम आगेबढ़ा, पड़रीचौराहेकी तरफसेदाढ़ीराम की ओर जा रहे 14 चक्का ट्रक नेबाइक सवार को टक्कर मार दी। धक्का इतना जोरदार था किअशोक के घटनास्थल पर ही प्राण पखेरू उड़ गए। घटना के बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना देतेहुए ट्रक का पीछा किया, लेकिनड्राइवर ट्रक समेत फरार हो गया। ग्रामीणों नेट्रक का नंबर नोट कर लिया है। मृतक के बड़े भाई दीनदयाल के तहरीर के आधार परपुलिस सेट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन शुरू कर दी है। साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक चार भाइयों मेंसबसेछोटा था। मृतक की पत्नी संगीता देवी व दो पुत्र अंश, आदर्शएवं एक पुत्री अनामिका सहित पूरेपरिवारका रो-रोकर बुरा हाल है।

### सपा नगर अध्यक्ष ने कराया रोजा इफ्तार



**अहरौरा (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष मुमताज अहमद ने बृहस्पतिवार को सायं कॉल समाजवादी पार्टी की बैठक मोहल्ला सत्यानगंज स्थित कैंप कार्यालय पर आहूत की। बैठक लेने के लिए आए जिले के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष रवि प्रकाश त्रिपाठी व जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह पटेल ने संगठन की समीक्षा की। इस दौरान रोजा इफ्तार पार्टी में मुस्लिम व हिन्दू संप्रदाय के सैकड़ों लोग शिरकत किया। इस मौके पर सदानंद यादव, हाफिज रौशन, उमेश यादव, डा0 मो इस्लाम, संदीप मौर्य, रजायत खान,किस्मत कुशवाहा, सफीक अहमद, मुरारी यादव, शौकत अली, अनिल केशरी, इसरार अहमद, डाक्टर बच्चूलाल प्रजापति, राजदीप विश्वकर्मा, एजाज अहमद, बिंदु, मो ईशा, सुखखु बिंद, अलीम अली,मोहन यादव, इनामुल हसन, झारखंडी धरकार, बरकत अलीआदि उपस्थित रहे।

# साइकिल रैली निकालकर किया जागरूक




समृद्धि न्यूज

**चुनार (मिर्जापुर)।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय पी जी कॉलेज से महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ वाराणसी एवं राजकीय पी जी कॉलेज चुनार के स्वयंसेवकों द्वारा प्राचार्य प्रोफेसर माधवी शुक्ला के मार्गदर्शन, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ रविन्द्र गौतम एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में एक जागरूकता साइकिल रैली सकतेशगढ़ के लिए रवाना की गयी।

जिसमें स्वयंसेवकों नें विभिन्न सामजिक मुद्दों पर स्लोगन दहेज देना, बंद करो, बंद करो, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, सुरक्षित नारी, जिम्मेदारी हमारी जैसे नारों द्वारा जनजागरण करते हुए शकतेशगढ़ आश्रम से होते हुए पुनः महाविद्यालय चुनार में आकर समाप्त हुई। रात्रि में काशी विद्यापीठ की टीम अपनी यात्रा के द्वितीय दिवस में महाविद्यालय में रुकी, जिसमें एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन काशी विद्यापीठ के स्वयंसेवकों और चुनार के स्वयंसेवकोंके बीच में आयोजित हुई, जिसका विषय नशा मुक्ति एवं दहेज प्रथा था। जिसमें चुनार के छात्र विकास साहनी को प्रथम स्थान, अखिलेश यादव को द्वितीय स्थान मिला। साइकिल रैली चुनार महाविद्यालय से प्राचीन दुर्गा मंदिर होते हुए सकतेशगढ़ पहुंचकर मंदिर में सेवा भाव करके वापस चुन्नी दरी होते हुए लगभग 70 किलोमीटर की यात्रा पूरी की। उक्त रैली में डॉ अम्बुज मिश्रा, डॉ ध्यानेंद्र कुमार, डॉ बालरूप, डॉ आनंद चौधरी सहित साथ में महाविद्यालय के आठ स्वयंसेवकों प्रियांशु, मनीष, विजय, अभय, सतीश, अखिलेश, ब्रजेश आदि एवं विद्यापीठ के 21 स्वयंसेवकों नें भाग लिया।

## बिजली के शार्टसर्किट से लगी आग, गेहूं की फसल राख

**हलिया (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के कुशियरा गांव मेंगुरुवार की रात बिजली के शार्टसर्किट सेगेहूं के खेत मेंआग लग गई। आग सेलगभग एकबिस्वा मेंखड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग की लपट देख ग्रामीणों नेपावर हाउस मेंसूचना दे कर तत्काल बिजली सप्लाई कटवाया। साथ ही ग्रामीणों नेआग के चारों तरफ से गेहूं की फसल काट कर आग को आगे बढ़ने से रोक किसी तरह से आग बुझाया। गांव निवासी बाबूलाल उर्फ बब्बू कहार के खेत के ऊपर बिजली का हाईटेंशन तार गुजरा है। गुरुवार की रात में अचानक हुए बिजली के शार्ट सर्किट के बाद बिजली तार टूट कर गेहूं के खेत मेंगिर गया। खेत में केबल के गिरतेही गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। खेत में उठती आग की लपट देख ग्रामीणों नेइसकी सूचना पावर हाऊस पर एसएसओ को देकर बिजली कटवाई।

# विजय सिंह को केन्द्रीय नेतृत्व ने जिले की कमान सौंपी



समृद्धि न्यूज

**फरेंदा, महराजगंज।** कांग्रेस केन्द्रीय नेतृत्व ने अपना भरोसा जताते हुए विजय सिंह एडवोकेट को कांग्रेस का जिलाध्यक्ष बनाया है। बताया जाता है कि 20 मार्च को जारी सूची में राष्ट्रीय महासचिव केसी त्यागी द्वारा विजय सिंह एडवोकेट को जिले की कमान सौंपी है।

नगर पंचायत आनन्दनगर के पूर्व चेयरमैन जयप्रकाश लाल ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि विगत दो माह से प्रदेश की सभी जिला इकाइयां भंग थी, केंद्रीय नेतृत्व में लंबी विचार विमर्श के बाद जुझारू एवं ईमानदार तेवर के धनी युवा नेता एवं इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र राजनीति से अपना कैरियर शुरू करने वाले एवं पूर्व सांसद हर्षवर्धन सिंह के विशेष सहयोगी विजय सिंह एडवोकेट पर केंद्रीय नेतृत्व में अपना भरोसा जताया है। विजय सिंह ने कहा है कि महराजगंज में संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करते हुए बुथ स्तर तक इस संगठन को ले जाने का काम करेंगे और पुराने साथी और नए साथियों को एक धागे में पिरोकर संगठन की मजबूती पर काम करेंगे। इनके मनोनयन पर राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सोशल मीडिया प्रभारी सुप्रिया श्रीनेत, फरेंदा विधायक वीरेंद्र चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष त्रिभुवन मिश्र, यशोदा श्रीवास्तव,अवनीश पाल, झिनकू चौधरी, डॉक्टर रामनारायण चौरसिया सहित दर्जनों कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# भीषण हादसा : दो युवकों की मौत पेड़ और ट्रक से टकराई बाइक

समृद्धि न्यूज

**मिर्जापुर।** जिले के संतनगर थाना क्षेत्र के ददरी मोड़ पर मंगलवार की रात 10 बजे बेकाबू बाइक पेड़ से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। आसपास के लोगों की सहायता से दोनों युवकों को स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। वहीं, युवकों की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया था। वहीं, चील्ह चौराहे के पास ट्रक से टकराकर बाइक युवक सवार घायल हो गया। अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

सोनभद्र जिले के घोरावल थाना क्षेत्र के भैसवार निवासी दीपक कोल (25) अपने साथी सुनील कोल (26) और पेढ़े चुपनिया निवासी नीरज कोल के साथ संतनगर बाजार गया था। रात में घर लौटते समय ददरी मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में चालक दीपक की मौत हो गई जबकि उसके दोनों साथी घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को पटेहरा पीएचसी पहुंचाया। पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष जितेंद्र सरोज ने बताया कि पेड़ से बाइक टकराने से एक युवक की मौत हुई है और दो घायल हो गए हैं। बताया कि तीनों युवक नशे में थे। प्रयागराज के करछना थाना क्षेत्र के सोढ़िया निवासी शैलेंद्र कुमार तिवारी (26) वाराणसी गए थे। वहां से रात में बाइक से घर लौट रहे थे।

## बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी सरिता पत्नी अनिल ने गुरुवार की देर शाम थाने में तहरीर देकर पति को टक्कर मारने वाले बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है दी गई तहरीर में आरोप लगाया है की बीते 4 मार्च को शाम मेरे पति अनिल अपनी दुकान के सामने खडे थे की मटिहरा गांव निवासी गोरे लाल हीरो स्पेलेंडर बाइक को तेजगति व लापरवाही से चलाते हुए आकर पति अनिल को टक्कर मार दिया जिससे पति का पैर टूट गया सिर में गंभीर चोट आई है।

# 29-30 मार्च से प्रारंभ होने वाले चैत्र नवरात्र मेले की तैयारी

समृद्धि न्यूज

**मिर्जापुर।** 29 व 30 मार्च 2025 की मध्य रात्रि से प्रारम्भ होने वाले चौत्र नवरात्र मेला की तैयारियों के दृष्टिगत मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी ने पुलिस महानिरीक्षक आर0पी0 सिंह, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा के साथ विन्ध्याचल प्रशासनिक भवन में सम्बन्धित अधिकारियों के बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

बैठक में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मिर्जापुर द्वारा अवगत कराया गया कि शिफ्टवार कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई हैं तथा नालियों की निरंतर साफ सफाई कराई जा रही हैं। मण्डलायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि घाटो पर बैरीकेटिंग, प्रकाश व्यवस्था मेला प्रारम्भ होने पूर्व करा लें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी तैयारियां 25 मार्च 2025 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण करा लें। मण्डलायुक्त ने कहा कि पर्याप्त अस्थाई शौचालय, चेजिंग रूम की समय से करा लिया जाए जिससे मेला के दौरान किसी प्रकार दिक्कत ने होने पाए। उन्होंने कहा कि पेयजल की पर्याप्त मात्रा आपूर्ति सुनिश्चित किया जाए। अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत



ने मण्डलायुक्त को बताया कि 12 गोताखोर, अष्टभुजा रैन बसेरा की साफ सफाई हेतु शिफ्टवार कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई हैं। मण्डलायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि जिन गोतोखोरो की ड्यूटी लगाई गई है उन सभी को परिचय पत्र अवश्य निर्गत कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि अस्थायी शौचालयो की साफसफाई एवं गंगा घाटो पर बैरीकेटिंग का कार्य 25 मार्च 2025 तक पूर्ण करा लिया जाए। अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि पूरे मेला क्षेत्रध्गलियों में अवस्थित विद्युत की संघन जांच व ढीले को ठीक करा दिया जाए। उन्होंने कहा कि अस्थाई ट्रांसफार्मरों की व्यवस्था पहले से करा ले ताकि मेले के दौरान किसी प्रकार की कोई दिक्कत न होने पाए। उन्होंने कहा कि अभियान चलाकर अवैध कनेक्शन करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि जिस भी दुकानदार को अस्थायी कनेक्शन की आवश्यकता है पुलिस महानिरीक्षक आर0पी0 सिंह ने कहा कि सी0सी0टी0वी0 कैमरे जहां-जहां पर लगे है उन सभी की जांच करा ली जाए यदि कोई उनमें से कुछ खराब हो तो मेला प्रारम्भ होने से पूर्व ठीक करा ले। उन्होंने कहा कि ड्यूटी में लगे सभी पुलिस अधिकारी श्रद्धालुओं के साथ मधुर व्यवहार रखे। उन्होंने प्रभारी यातायात को निर्देशित करते हुए कहा कि विशेष ध्यान दे कि सड़को पर बेतरतीब तरीके वाहन न खड़ा ने होने पाए। उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाए हाईटेंशन तारो व ट्रांसफार्मरो के पास वाहनों को न खड़ा करने दिया जाए जिससे किसी भी अप्रिय घटना होने से बचा जाए।

जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन स्टेशन अधीक्षक विन्ध्याचल को निर्देशित करते हुए कहा कि अतिरिक्त गाड़ियों के ठहराव हेतु पहले से व्यवस्था करा ले। उन्होंने कहा कि जिन ट्रेनो का ठहराव विन्ध्याचल में किया जाएगा उन सभी समय सारणी एक फ्लैक्सी बनवाते हुए मन्दिर परिसर व रोडवेज परिसर लगवाए जिससे श्रद्धालुओं किसी की कोई असुविधा न होने पाए तथा समय-समय पर एनाउंसमेट भी कराते रहें कि कौन सी गाड़ी कब कहां जाएगी। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि एम्बुलेंस को चिन्हित स्थलों पर रखें व मोबाइल मेडिकल यूनिट सेवा को भी सक्रिय रखे ताकि आवश्यकता पड़ने पर प्रयोग में लाया जा सकें। उन्होंने कहा कि एम्बुलेंस व मोबाइल मेडिकल यूनिट सेवा में हीट बेव से सम्बन्धित सभी जीवन रक्षक दवाएं अवश्य रखी जाए। उन्होंने कहा कि ड्यूटी प्वाइंटो पर लगे अधिकारियों को हीट बेव से सम्बन्धित सामाग्रियां उपलब्ध करा दें एवं कोतवाली गली से आने जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होने के कारण कोतवाली गली के पास एक मेडिकल टीम के कैम्प स्थापना की जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व शिव प्रताश शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक नक्सल ओम प्रकाश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट विनीत उपाध्याय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सी0एल0 वर्मा, पण्डा समाज के अध्यक्ष पंकज द्विवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।